सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:23

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.0 न्यू | 25.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 84,929.36 |
| निफ्टी | 25,966.40 |
| सोना 1,33,738 | चांदी 2,05,193 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 20 दिसंबर 2025 | 5 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 354, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिका ने सस्पेंड किया ग्रीन कार्ड लॉटरी प्रोग्राम

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका ने शुक्रवार को ग्रीन कार्ड लॉटरी या डाइवर्सिटी वीजा प्रोग्राम को सस्पेंड कर दिया है। इसके जरिए अमेरीका में कम प्रतिनिधित्व वाले देशों के लोगों को ग्रीन कार्ड दिया जाता था। यह निर्णय 14 दिसंबर को ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी और 15 दिसंबर को मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की घर पर गोली मारकर हत्या के बाद लिया गया है। होमलैंड सिक्योरिटी सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के निर्देश पर इस लॉटरी प्रोग्राम को रोका गया है, ताकि कोई और अमेरिकी इस तरह की घटनाओं में घायल न हो। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र में पानी का टैंक फटा, 3 मजदूरों की मौत

**एजेंसी, नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर के बुटीबोरी एमआईडीसी फेस-2 स्थित अवाडा सोलर प्लांट में शुक्रवार कि सुबह एक भीषण हादसा हुआ। प्लांट परिसर में स्थित पानी का टैंक अचानक फट गया, जिससे 3 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से कुछ की हालत चिंताजनक बताई जा रही है और घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, अग्निशमन विभाग और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंच गईं। बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। (अनंत ज्ञान)

### एपस्टीन सेक्स स्कैंडल की 68 नई तस्वीरें जारी

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी 68 नई तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों को गवीरवार देर रात अमेरिकी संसद की हाउस ओवरसाइट कमेटी के डेमोक्रेट सांसदों ने रिलीज किया है। इनमें से दो तस्वीरों में अरबपति बिल गेट्स महिलाओं के साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि दोनों महिलाएं एक ही हैं या अलग-अलग। इसके अलावा गूगल बनाने वाले सर्गेई ब्रिन, फिल्ममेकर वुडी एलन, फिलॉस्फर नोम चॉम्स्की और ट्रंप के पूर्व सलाहकार स्टीव बैनन समेत कई लोग नजर आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस के सामने 40 माओवादियों का सरेंडर

**एजेंसी, हैदराबाद।** केंद्र सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कगार के चलते माओवादियों में हड़कंप मचा है। शुक्रवार को भी राज्य पुलिस प्रमुख के सामने 40 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर अपने हथियार पुलिस को सौंप दिए हैं। पुलिस महानिदेशक कार्यालय में तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक शिवधर रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 40 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की पहल की है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- दिम्मी तालाब का 50 लाख रुपए से होगा सौंदर्यीकरण -पेज 2
- एचपीएमसी का नया फरमान, बागवानों में उबाल -पेज 3
- कांगड़ा के इंदौरा उत्सव को मिलेगा जिलास्तरीय दर्जा : सीएम -पेज 5
- मंडी में 1041 शिक्षण संस्थान और 58 गांव हुए तंबाकू मुक्त घोषित -पेज 9
- एमसी सोलन की लापरवाही से विश्व धरोहर रेल लाइन बन रही कूड़ादान -पेज 12


# चिट्टा तस्करों की संपत्ति 6 माह में होगी नष्ट : सीएम

## अब तक 50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त, सूचना देने वालों को इनाम

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को कांगड़ा जिले के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इंदौरा उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार चिट्टा तस्करों की संपत्ति को आगामी छह महीने में पूरी तरह नष्ट करेगी। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार से कमाए गए अवैध धन को जब्त किया जाएगा। अब तक 50 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। नशा तस्करों और अंतर राज्यीय गिरोहों की रीढ़ तोड़ने में सरकार सफल रही है। उन्होंने लोगों से चिट्टे से जुड़ी सूचना आपातकालीन नंबर 112 पर देने का आग्रह किया।

**नशा तस्करों अंतर राज्यीय गिरोहों की रीढ़ तोड़ने में सरकार अब तक सफल**

उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले को 10,000 रुपए से लेकर 10 लाख रुपए तक इनाम दिया जाएगा। चिट्टा मुक्त हिमाचल थीम से आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजकों की सराहना की। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान शुरू किया है, जो जन आंदोलन का रूप ले चुका है।



एंटी चिट्टा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

### राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की खातिर लिए बड़े निर्णय

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के लिए बड़े निर्णय लिए हैं। वाइल्ड फ्लावर हॉल मामले में कानूनी लड़ाई जीती है, जिससे प्रदेश को हर साल 20 करोड़ रुपए की आय होगी। इसी तरह कड़छम वांगतू परियोजना से हर वर्ष 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय होगी। सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सभी संबद्ध क्षेत्रों के समावेशी विकास के माध्यम से सशक्त कर, प्रत्येक किसान की पारिवारिक आय को कम से कम 20 हजार रुपए मासिक सुनिश्चित किया जाए। हिमाचल, देश का पहला और एकमात्र राज्य है जिसने प्राकृतिक खेती पद्धति से उगाए गए अनाज की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है।

### मनरेगा को खत्म करना गरीबों के साथ अन्याय

**सीएम** सुक्खू ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त करने और उसकी जगह नया विधेयक लाने के लिए केंद्र सरकार के निर्णय की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी रोजगार योजना को समाप्त करना गरीबों के हितों पर कुठाराघात और अन्याय है। मनरेगा योजना गरीब से गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालातों में भी उनके साथ थी। केंद्र सरकार का यह प्रयास गरीबों के खिलाफ है। हम इसका सख्त विरोध करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। राज्य में रोजगार और स्वरोजगार के अनेक अवसर सृजित किए जा रहे हैं। शीघ्र ही राज्य चयन आयोग के माध्यम से विभिन्न पदों पर हजारों भर्तियां की जाएंगी।

# एचआरटीसी दैनिक भोगियों का 25 रुपए बढ़ा मानदेय

## चालक-परिचालक को 30 किमी से कम पर भी नाइट अलाउंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के निदेशक मंडल (बीडीओ) की 162वीं बैठक में कर्मचारियों और परिवहन सेवाओं से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। बैठक डिप्टी सीएम मुकेश की अध्यक्षता में हुई। डिप्टी सीएम ने शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुरूप एचआरटीसी के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों के मानदेय में 25 रुपए की वृद्धि को मंजूरी दी गई। अब दैनिक भोगी कर्मचारियों की दिहाड़ी 400 से बढ़कर 425 हो गई है। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के ड्राइवर-कंडक्टर रात में बसें लेकर जाते हैं और अपने घरों से दूर रहते हैं। ऐसे ड्राइवर-कंडक्टर को नाइट अलाउंस नहीं मिलता। 30 किलोमीटर से ज्यादा दूरी वालों को ही नाइट अलाउंस दिया जाता है, मगर अब यह सीमा हटाकर 30 किलोमीटर से कम दूरी वालों को भी नाइट अलाउंस मिलेगा। बैठक में यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 250 डीजल बसों और 100 मिनी व मिडी बसों की खरीद प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने का निर्णय लिया गया। एचआरटीसी कर्मचारियों के हित में तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का निर्णय लिया गया है, जिसे मार्च 2026 तक चरणबद्ध तरीके से जारी किया जाएगा। इसके साथ ही कर्मचारियों के पिछले छह महीनों से लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे कर्मियों को बड़ी राहत मिलेगी। अग्निहोत्री ने बताया कि हिमाचल पथ परिवहन निगम में सुधार की दिशा में बड़ा फैसला लिया गया है और निगम के बेड़े से 500 खटारा व जर्जर बसों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने जल शक्ति विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए जल आपूर्ति और सिंचाई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजनाओं को तय समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर लाभ मिल सके।

**कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता**





एचआरटीसी निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

### जेओए-आईटी के 171 पद भरने को मिली मंजूरी

**एचआरटीसी** के निदेशक मंडल ने एचआरटीसी में जेओए-आईटी के 171 पद भरने को मंजूरी दी। इसके अलावा वर्षों से सेवाएं दे रहे 78 पीसमील श्रमिकों को कॉन्ट्रैक्ट पर लाने का निर्णय लिया गया, जिससे इन कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा और स्थिरता मिलेगी। यह फैसला निगम में मानव संसाधन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## प्रदेश के कई जिलों में दो दिन बारिश व बर्फबारी के आसार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के बाद ठंड का असर और बढ़ गया है। कुल्लू और लाहौल-स्पीति में एक बार फिर शीतलहर तेज हो गई है। न्यूनतम तापमान में गिरावट के कारण लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की ओर से आगामी दो दिनों में अच्छी बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया है। ऐसे में किसानों और बागवानों को बारिश की उम्मीद जगी है। प्रदेश के कई हिस्सों में लोग बीते कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मैदानी और निचले क्षेत्रों में कोहरे की मार से सब्जी और प्याज की फसलें जलने लगी हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। कुकुमसेरी व ताबो का का न्यूनतम पारा माइनस में दर्ज किया गया है। हालांकि, शिमला में रात का पारा 12.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जोकि पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इससे पहले साल 1991 में 17 दिसंबर को शिमला का न्यूनतम पारा 13.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। आज शिमला में धूप खिलने के साथ हल्के बादल भी छाए हुए हैं।

## अंडर-19 एशिया कप : भारत-पाक में खिताबी मुकाबला

### भारत ने सेमीफाइनल में श्रीलंका और पाकिस्तान ने बांग्लादेश को दी शिकस्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विहान मल्होत्रा और एरॉन जॉर्ज की नाबाद अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार को श्रीलंका को आठ विकेट से हरा फाइनल में जगह पक्की कर ली है। खिताबी मुकाबले में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें 21 दिसंबर को ब्लॉकबस्टर फाइनल में टकराएंगी। दिन के शुरुआती मैच में पाकिस्तान ने डिफेंडिंग चैंपियन बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने आठ विकेट खोकर 138 रन बनाए। भारत ने दो ओवर पहले दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विहान ने 45 गेंदों पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से नाबाद 61 रन बनाए। वहीं जॉर्ज ने 49 गेंदों पर चार चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 58 रन बनाए।





बारिश के कारण ये मैच 20 ओवर प्रति पारी का किया गया था। भारत ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

किशन सिंह ने भारत को पहला विकेट दिलाने में ज्यादा समय नहीं लिया। तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर उन्होंने दुलनिथ सिगेरा को आउट कर दिया। वह एक रन ही बना सके। दीपेश ने फिर विरान चामुडिथा को पवेलियन की राह दिखा भारत को दूसरी सफलता दिलाई। कविजा गमागे रन आउट हो गए और यहां श्रीलंका का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 28 रन हो गया था। यहां से फिर कप्तान विमथ दिनसारा और चामिगा हीनाटिगाला ने टीम को संभाला और 45 रनों की साझेदारी की।

श्रीलंका के कप्तान को किनिष्क चौहान ने पवेलियन भेज दिया। उन्होंने 29 गेंदो पर चार चौकों की मदद से 32 रन बनाए। श्रीलंका ने फिर किथमा विथानापथिराना (7) और एडम हिल्मी (1) के रूप में दो विके जल्दी खो दिए। चामिका 136 के कुल स्कोर पर आउट हो गए। उन्होंने 38 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 42 रन बनाए। अंत में उनको सेथमिका सेनाविरत्ने का साथ मिला। उन्होंने 22 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश में दो न्यूज चैनल्स अवामी लीग के ऑफिस फूंके

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के विरोधी नेता उस्मान हादी की मौत के बाद हिंसा भड़क गई है। प्रदर्शनकारियों ने वीरवार देर रात देश के सबसे बड़े अखबार डेली स्टार और प्रोथोम आलो के ऑफिस में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान के आवास में भी तोड़फोड़ की गई है और शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के ऑफिस को भी जला दिया गया है।
उस्मान हादी शेख हसीना के खिलाफ जुलाई 2024 में हुए छात्र आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्हें 12 दिसंबर को चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। इसके बाद उन्हें बेहतर उपचार के लिए सिंगापुर ले जाया गया था। 6 दिन बाद उनकी मौत हो गई।

### हिंदू युवक का शव पेड़ पर लटकाकर जलाया

**बांग्लादेश** में धर्म का अपमान करने के आरोप में एक हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उसके शव को नग्न करके एक पेड़ से लटका कर आग लगा दी। पुलिस ने मृतक की पहचान दीपू चंद्र दास के रूप में की है। वहीं, भारत सरकार ने हिंदू युवक की निर्मम हत्या पर गहरा रोष जताया है। (अनंत ज्ञान)

## 'जी-राम-जी' के विरोध में टीएमसी ने रातभर दिया धरना

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे बोले-मैं मां की कसम खाकर कहता हूं, यह बिल गरीबों के लिए खिलाफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद में वीरवार रात 12.30 बजे राज्यसभा से वीबी-जीरामजी बिल पास हो गया। हालांकि विपक्षी सांसदों ने बहस के दौरान जमकर हंगामा किया। बिल के पास होने से पहले सांसद राज्यसभा से वॉकआउट कर गए।

विपक्ष की मांग थी कि बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाए। हालांकि सदन में विपक्ष की गैरमौजूदगी के बीच बिल ध्वनिमत से पास कर दिया गया। बिल के विरोध में तृणमूल सांसद, संसद के मकर द्वार पर रातभर से धरने पर बैठे हैं। इनका कहना है कि ये बिल महात्मा गांधी का अपमान है और किसानों-गरीबों के खिलाफ है। वहीं, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में कहा कि मैं विपक्ष से उम्मीद कर रहा था कि वे अच्छी बहस करेंगे, लेकिन उन्होंने केवल बेवजह के आरोप लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि मैं अपनी मां की और भारत मां की कसम खाकर कहता हूं कि ये बिल गरीबों की भलाई के लिए नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### संसद के शीतकालीन सत्र में 8 बिल पास

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुक्रवार को खत्म हुआ। 1 दिसंबर से शुरू हुआ सत्र 19 दिसंबर तक चला। केंद्र सरकार ने 14 बिल लाने की बात कही थी। विपक्ष का आरोप है कि 12 बिल ही पेश किए गए। दोनों सदनों से 8 बिल पास किए गए। 2 बिल कमेटी को भेजे गए। सरकार ने कुछ बिल पेश ही नहीं किए। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने आरोप लगाया- सत्र की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर के अपमान से हुई और अंत महात्मा गांधी के अपमान के साथ हुआ। पीएम मोदी की रणनीति साफ थी, जो आधुनिक भारत बनाने वाले तीन लोगों (टैगोर, महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू) का अपमान करना था। रमेश ने कहा कि वंदे मातरम् पर बहस सरकार की नेहरू को बदनाम करने और इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने पर थी। 1937 में टैगोर की सिफारिश पर ही सीडब्ल्यूसी ने फैसला किया था कि वंदे मातरम् के पहले दो छंदों को राष्ट्रगान के रूप में गाया जाएगा। मनरेगा की जगह वीबी-जी राम जी बिल लाना महात्मा गांधी का अपमान है।

## क्रिकेटर्स-बॉलीवुड स्टार्स पर ईडी का एक्शन

### युवराज से लेकर सोनू सूद तक का नाम, करोड़ों की संपत्ति की अटैच

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ईडी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटरों युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा के अलावा पूर्व टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती और अभिनेता सोनू सूद की संपत्तियों को एक अवैध बेटिंग ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अटैच किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक अवैध बेटिंग ऐप से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामला 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का होने का अनुमान है। सूत्रों के अनुसार, जांच एजेंसी द्वारा प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एक प्रोविजनल ऑर्डर जारी करने के बाद एक्टर नेहा शर्मा, मॉडल उर्वशी रौतेला की मां और बंगाली एक्टर अंकुश हाजरा की प्रॉपर्टी भी अटैच कर दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि इनमें सोनू सूद की करीब 1 करोड़ रुपए की संपत्ति, टीएमसी सांसद मिमी चक्रवर्ती चक्रवर्ती की 59 लाख रुपए, क्रिकेटर युवराज सिंह की 2.5 करोड़ रुपए, शर्मा की 1.26 करोड़ रुपए, उथप्पा की 8.26 लाख रुपए, हाजरा की 47 लाख रुपए और रौतेला की मां की 2.02 करोड़ रुपए की संपत्ति शामिल है। (अनंत ज्ञान)

### ईडी की जय कॉर्प के 30 ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** जय कॉर्प लिमिटेड के निदेशक आनंद जयकुमार जैन से जुड़े 2 हजार 434 करोड़ की धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय ने देशभर में छापेमारी की है। इनमें रायपुर, मुंबई, नासिक और बेंगलुरु समेत 30 से अधिक ठिकाने शामिल हैं। जांच एजेंसी दस्तावेजों और डिजिटल रिकॉर्ड की तलाशी ले रही है। एजेंसी को शक है कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट के नाम पर जुटाया गया पैसा विदेशी कंपनियों को ट्रांसफर किया गया था।

# भारतीय तटरक्षक बल के बेड़े में तेज गश्ती पोत 'अमूल्य' शामिल

## पूर्वी समुद्री तट की सुरक्षा में मजबूत होगी कोस्ट गार्ड की भूमिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तेज गश्ती पोत 'अमूल्य' को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने शुक्रवार को अपने समुद्री बेड़े में शामिल कर लिया। स्वदेशी रूप से विकसित इस जहाज से भारत के समुद्री इलाकों में लंबे मिशन पूरे किए जा सकते हैं। पोत को ओडिशा के पारादीप में तैनात किया जाएगा, जिससे भारत के पूर्वी समुद्री तट की सुरक्षा में कोस्ट गार्ड की भूमिका मजबूत होगी। आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि गोवा में शुक्रवार को हुए कमीशनिंग समारोह में रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव अमिताभ प्रसाद ने तेज गश्ती पोत 'अमूल्य' को औपचारिक रूप से आईसीजी में शामिल किया। 'अमूल्य' का मतलब 'अनमोल' है, जो देश के समुद्री हित के लिए सुरक्षित और साफ समुद्र सुनिश्चित करने की आईसीजी की इच्छा और प्रतिबद्धता को दिखाता है। (अनंत ज्ञान)

### पोत में 60 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी उपकरण

**यह** 51 मीटर का पोत स्वदेशी जहाज निर्माण की क्षमता को दिखाता है। 60 फीसदी से ज्यादा स्वदेशी उपकरणों के साथ 'अमूल्य' भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार हो रही तरक्की को दिखाता है। यह आईसीजी के ऑपरेशनल विजन, सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के बीच तालमेल का भी प्रमाण है। यह जहाज दक्षता, धीरज और तेजी से प्रतिक्रिया देने की क्षमता पर फोकस करने वाली आधुनिक डिजाइन को एक साथ जोड़ता है। 3000 किलोवाट के दो आधुनिक डीजल इंजन से चलने वाला यह जहाज 27 नॉट्स की टॉप स्पीड और 1500 नॉटिकल मील की ऑपरेशनल एंड्योरेंस देता है, जिससे भारत के समुद्री इलाकों में लंबे मिशन पूरे किए जा सकते हैं।





**फरमान** हिमाचल पुलिस की मीडिया से संवाद को लेकर जारी एसओपी पर विवाद गहराया

# हिमाचल में डीएसपी-एसएचओ नहीं कर पाएंगे मीडिया ब्रीफिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पुलिस में मीडिया से संवाद को लेकर जारी नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर विवाद गहरा गया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने एक सर्कुलर जारी करते हुए कहा कि अब क्राइम, कानून-व्यवस्था, जांच और पुलिस नीतियों से जुड़े मामलों पर केवल जिला के एसपी व रेंज के डीआईजी ही मीडिया से औपचारिक बातचीत कर सकेंगे। इसके लिए भी जरूरत पड़ने पर पुलिस मुख्यालय से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

डीजीपी की ओर से जारी सर्कुलर में साफ किया गया कि सब-डिवीजनल पुलिस अधिकारी और थाना प्रभारी किसी भी परिस्थिति में मीडिया को बयान नहीं देंगे और न ही किसी तरह की प्रतिक्रिया, इंटरव्यू या ब्रीफिंग करेंगे। यानी अब किसी भी चोरी, डकैती, लूटपाट, एक्सीडेंट जैसे मामले की डीएसपी-एसएचओ पुष्टि नहीं करेंगे। छोटे-छोटे क्राइम के लिए एसपी और रेंज डीआईजी से संपर्क करना होगा।

डीजीपी ने स्पष्ट किया है कि यह निर्देश केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के तहत दिए गए हैं, जिनमें बिना सरकार की पूर्व अनुमति मीडिया से बात करने पर रोक है। साथ ही हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 और पंजाब पुलिस नियम, 1934 में भी पुलिस अधिकारियों के लिए अनुशासन, आदेशों के पालन और निर्धारित अधिकारों के दायरे में काम करने की बाध्यता तय की गई है। सर्कुलर में सभी वरिष्ठ और पर्यवेक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को इन आदेशों का सख्ती से पालन कराएं। पुलिस मुख्यालय ने चेतावनी दी है कि यदि कोई अधिकारी इन निर्देशों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सेवा नियमों और पुलिस कानूनों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### डीजीपी के आदेशों से मीडिया कर्मियों में रोष

**डीएसपी** और एसएचओ को भी मीडिया में ब्रीफिंग से पहले पुलिस मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी। इससे जो खबर आज और अभी मीडिया में आनी है, वह पुष्टि नहीं हो पाने की वजह से एक या दो दिन देरी से मिल पाएगी। या फिर आधी-अधूरी जानकारी के साथ अपुष्ट चलेगी। यही वजह है कि डीजीपी के इन आदेशों मीडिया कर्मियों में रोष है। या फिर जिलों के एसपी और रेंज के डीआईजी को मीडिया में स्टेटमेंट देने से पहले पुलिस मुख्यालय से अनुमति लेनी होगी। नेशनल कॉलमिस्ट, वरिष्ठ पत्रकार और लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन केएस तोमर ने मीडिया को सूचना देने में जितनी पाबंदी लगाए जाएगी, उतना ही नुकसान सरकार और पुलिस को होगा। मीडिया में अपुष्ट व आधी-अधूरी जानकारी से खबरें छपेगी। उन्होंने बताया- अब ऑनलाइन एडिशन और डिजिटल मीडिया का जमाना है, जिससे अभी की खबर चंद मिनट में रीडर को मिल जाती है। ऐसे में पत्रकार एसपी से पुष्टि का इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि ऐसा नहीं करना तो दूसरे राज्यों की तर्ज पर यह सुनिश्चित किया जाए कि एसपी रोजाना दिन में दो बार मीडिया को ब्रीफ करें।

### क्या बोले डीजीपी ?



हिमाचल पुलिस की मीडिया से संवाद को लेकर जारी नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर डीजीपी अशोक तिवारी ने सफाई दी है। उन्होंने साफ किया कि सब-डिवीजनल पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी क्राइम और लॉ एंड ऑर्डर पर मीडिया से बात कर सकेंगे, मगर क्राइम और लॉ एंड ऑर्डर के अलावा दूसरे मामलों में बोलने के लिए उन्हें एसपी की अनुमति लेनी होगी।

## न्यूज ब्रीफ



पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट की।

### मंदिर के दान पात्र तोड़ते हुए धरा नेपाली युवक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शहर से कुछ दूरी पर स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर मट्टन सिद्ध में बीती रात लगभग 8.30 बजे एक नेपाली युवक को दान पात्र तोड़ते हुए महंत मेहर सिंह पटियाल के पुत्र अमित ने स्थानीय लोगों की मदद से धर दबोचा, जो मंदिर की लाईट बुझा कर लोहे के सरिये व लोहे के चिमटे से दान पात्र में लगे तालों को तोड़ रहा था। इसके बाद हमीरपुर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचा और नेपाली युवक से पूछताछ की उसकी पहचान वीरू , नेपाल के रूप में हुई। पहले तो यह अपना पता बताने में आना कानी करता रहा कभी कहता कि आज ही नेपाल से आया है कभी कुछ कहता, लेकिन जब पुलिस ने सख्ताई से पूछताछ की तो उसने अपनी घरवाली मीना का फोन नंबर दिया और यह नारायण नगर भोटा किराये के मकान में रहता है। पुलिस ने सरिये का टुकड़ा व दो लोहे के चिमटे बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### हिम आंचल पेंशनर्स की बैठक 23 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, टौणी देवी खंड इकाई द्वारा वरिष्ठ पेंशनर सम्मान समारोह एवं खंड इकाई की बैठक 23 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में टौणी देवी माता मंदिर, में आयोजित की जाएगी । बैठक में 80 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनरों को सम्मानित किए जाने का कार्यक्रम रखा गया है। सम्मानित किए जाने वाले वरिष्ठ पेंशनरों को खंड इकाई पदाधिकारी स्वयं सम्पर्क करके इस संबंध में जानकारी देंगे। इसके अलावा बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर मंथन के साथ -साथ संघ गतिविधियों बारे विचार-विमर्श किया जाएगा व उनकी व्यक्तिगत कठिनाइयों के समाधान पर भी मंथन अपेक्षित रहेगा। बैठक में प्रदेश व जिला स्तर के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### संघ का प्रतिनिधिमंडल विधायक सुरेश से मिला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल विधायक भोरंज सुरेश कुमार से प्रदेशाध्यक्ष रमेश शर्मा की अध्यक्षता में मिला। प्रतिनिधिमंडल में हमीरपुर पूर्व जिलाध्यक्ष पीटीएफ रजनीश और खंड भोरंज के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार ,महासचिव अभिषेक ठाकुर, पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। सर्वप्रथम प्रदेशाध्यक्ष रमेश शर्मा ने मुख्यमंत्री द्वारा खेलों को बहाल करने वाले बयान के लिए धन्यवाद किया ।उसके बाद उनको एक ज्ञापन भी सौंपा गया जिसमे न्यू कंपलेक्स सिस्टम के विरोध व अन्य विषयों पर प्रतिनिधिमंडल ने अपने पक्ष को सभी विषयों पर मजबूती और विस्तृत रूप से रखा। विधायक ने सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष जल्द रखने की बात कही। उन्होंने कहा जल्द ही आपकी हर समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

### कार्यक्रम में सुनीं 8 पंचायतों की जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** इस वर्ष 19 से 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के तहत शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय बड़सर की ओर से ग्राम पंचायत भवन बणी में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम आयोजित किया गया। तहसीलदार धर्मपाल नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र की 8 ग्राम पंचायतों की जन समस्याओं की सुनवाई की गई। इनमें से अधिकांश जन समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

### 30 तक बंद रहेगा सलौणी-जलाड़ी सड़क का एक हिस्सा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल के अंतर्गत सलौणी-जलाड़ी सड़क के एक हिस्से में अपग्रेडेशन का कार्य चल रहा है। इस कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़क पर यातायात 30 दिसंबर तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक कुढार चैक से जोल सड़क से होकर बदारन, गाहलियां और ब्याड़ तक आवाजाही कर सकते हैं।

### कुछ क्षेत्रों में 20 की रात को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपकेंद्र अणु में उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के कार्य के चलते 20 दिसंबर को रात 11 बजे से तड़के 3 बजे तक हमीरपुर, गांधी चैक, प्रताप गली, एनआईटी, फॉरेस्ट कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हीरानगर, कृष्णानगर, खग्गल, नाल्टी, कुठेड़ा और आस-पास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### निशांत होंगे नादौन के एसडीएम, आज संभालेंगे कार्यभार

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एचपीएएस 2025 कैडर के अधिकारी निशांत शर्मा को मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र नादौन में बतौर एसडीएम तैनाती मिली है। वह शनिवार को एसडीएम नादौन का कार्यभार संभालेंगे। उनके नादौन आदेश होने से लोगों में खुशी का माहौल है। क्योंकि निशांत शर्मा नादौन में ही बीडीओ के पद पर अक्टूबर 2023 से कार्यरत थे। उनकी सेवाओं को मद्देनजर रखते हुए एचपीएएस काडर में आते ही मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एसडीएम नादौन तैनात कर दिया है। इससे पहले निशांत शर्मा ने बतौर बीडीओ चौपाल,गोहर,सुजानपुर,टूटू और उसके बाद नादौन में सेवाएं दी हैं। नादौन में उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से कई सराहनीय व आकर्षक कार्य करवाए हैं जिनके लिए उनकी उनके विजन की क्षेत्र में चर्चा भी है।

### अभय कुमार होंगे मुख्यातिथि: सीपीयू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, में 4 जनवरी को 11 वां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस दीक्षांत समारोह में 307 स्नातक, 222 स्नातकोत्तर, डिप्लोमा 114 एवं 39 पीएचडी विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 35 विद्यार्थियों को स्वर्ण, पदक भी प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष के दीक्षांत समारोह के मुख्यातिथि भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के डिप्टी डायरेक्टर जनरल अभय कुमार होंगे। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं उद्योग जगत से जुड़े विशिष्ट अतिथि सहभागिता करेंगे, जो विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरक संदेश एवं आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

# श्रम संहिताओं व मनरेगा के कानून को बदलने के विरोध में गांधी चौक में प्रदर्शन

## मनरेगा के कानून को कमजोर करके इसे समाप्त करने की योजना पर काम कर रहा केंद्र

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सीटू जिला कमेटी हमीरपुर ने मोदी सरकार द्वारा मजदूरों की हितों की रक्षा के लिए बनाए गए 29 श्रम कानूनों को खत्म करके चार श्रम संहिताओं में बदलने और मनरेगा के कानून को बदलने के विरोध में हमीरपुर के गांधी चौक पर प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए कानून इसलिए समाप्त किए जा रहे हैं और नई श्रम संहिताओं को इसलिए बनाया गया ताकि उद्योगपतियों, कंपनियों, ठेकेदारों को लूटने और मजदूरों का शोषण करने की आजादी मिल सके। देश और दुनिया भर के मजदूरों ने लंबी लड़ाई और अनगिनत कुर्बानियों के बल पर आठ घंटे काम करने का अधिकार हासिल किया था जिसे मोदी सरकार ने इन नई श्रम संहिताओं में 12 घंटे कर दिया है।



मनरेगा के कानून को बदलने के विरोध में हमीरपुर के गांधी चौक में प्रदर्शन करती हुई सीटू।

देश के युवाओं को शोषण के गर्त में धकेलने के लिए स्थाई रोजगार का स्वरूप ही बदल दिया है और उसके स्थान पर निश्चित अवधि के लिए थोड़े समय के लिए रोजगार दिए जाने का प्रावधान इन संहिताओं में कर दिया है।

रोजगार की सुरक्षा ही समाप्त कर दी गई है। महिलाओं से रात को भी काम लेने का कानून बनाया गया है जबकि इससे पहले और आज भी पूरी दुनिया में महिलाओं से आवश्यक सेवाओं के अलावा रात को कहीं भी काम नहीं लिया जाता है। इसी तरह से मजदूरों के संगठित होने और अपनी मांगों के लिए आवाज उठाने के अधिकार को भी कमजोर किया गया है अगर मजदूर हड़ताल पर जाते हैं तो उन्हें जुर्माने और जेल भेजने जैसी सजाओं की व्यवस्था इन नयी श्रम संहिताओं में कर दी गई है। मूलतः इन नई श्रम संहिताओं को लागू करने का मकसद देश के मजदूर वर्ग को इन नयी श्रम संहिताओं की बेड़ियों में जकड़ कर निहत्था और बंधुआ बनाया जाना है और ये सब व्यापार को आसान करने के नाम पर उद्योगपतियों, कंपनियों ठेकेदारों के मुनाफे को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। सीटू मनरेगा के कानून को खत्म करके नयी योजना में बदलने के मोदी सरकार के फैसले का भी कड़ा विरोध करती है।

मनरेगा कानून देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों जिनमें अधिकतर महिलाएं हैं के लिए जीने का सहारा है उसे भी मोदी सरकार ने अब छीन लिया है। मोदी सरकार 2014 में सत्ता के आने के बाद से ही मनरेगा के कानून को कमजोर करके इसे समाप्त करने की योजना पर काम कर रही थी। मनरेगा का मजाक उड़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे कांग्रेस की नाकामियों का स्मारक घोषित कर चुके हैं और अब इसे मौका मिलते ही समाप्त कर नई योजना में बदल दिया है। ये प्रदर्शन गांधी चौक से शुरू हुआ और जिला सचिवालय तक गया जहां धरना दिया गया।

# राजेंद्र राणा ने महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्य राज सिंह मेवाड़ से की मुलाकात

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के संस्थापक एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने उदयपुर में मेवाड़ राजघराने से ताल्लुक रखने वाले, महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ जो कि मेवाड़ के राजा है उनके साथ शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को 15 जनवरी को सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान मैदान में (सुबह 10:00 बजे) हर वर्ष की तरह मनाए जाने वाले सेना दिवस समारोह के साथ-साथ उसी दिन आयोजित होने वाले सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के वार्षिक समारोह में बतौर स्पेशल गेस्ट शामिल होने का विधिवत निमंत्रण दिया, जिसे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के राजा ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। राजेंद्र राणा ने बताया कि सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से 15 जनवरी को सेना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन करता आ रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, पूर्व सेवा अधिकारी तथा हजारों स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सेना दिवस



### स्पेशल गेस्ट के तौर पर आने का दिया निमंत्रण

के इस आयोजन के साथ ट्रस्ट का वार्षिक समारोह भी जोड़ा गया है, जिसमें प्रदेश और देश की विशिष्ट विभूतियों को 'शान-ए-हिमाचल' एवं 'शान-ए-हिंद' पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा निमंत्रण स्वीकार किया जाना ट्रस्ट और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनकी उपस्थिति से समारोह की गरिमा और प्रेरणा दोनों बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, मेवाड़ राजघराने के प्रतिष्ठित सदस्य हैं और महान योद्धा महाराणा प्रताप के वंशज हैं। वे सामाजिक, सांस्कृतिक और विरासत संरक्षण से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

# खरवाड़ कस्बे में तेंदुए की दहशत ग्रामीणों में बना भय का माहौल

अनंत ज्ञान, भोरंज

उपमंडल भोंरज के अंतर्गत आने वाले खरवाड़ कस्बे में तेंदुए की लगातार गतिविधियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

बीते कुछ दिनों से तेंदुआ गांव के आसपास दिखाई दे रहा है, जिससे ग्रामीणों में भय व चिंता बढ़ गई है। खासकर सुबह और शाम के समय लोगों ने घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है। ग्राम पंचायत खरवाड़ के उपप्रधान मदन कौशल ने बताया कि तेंदुए के खौफ से गांव की जनता बेहद परेशान है। बच्चों, बुजुर्गों और पशुपालकों को सबसे अधिक खतरा महसूस हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ खेतों, गोशालाओं और आबादी के नजदीक घूमता हुआ देखा गया है, जिससे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। उपप्रधान ने बताया कि इस संबंध में वन विभाग को भी सूचित कर दिया गया है। वन विभाग से मांग की गई है कि जल्द

### लोग रात के समय अकेले बाहर निकलने से बच रहे

से जल्द क्षेत्र में पिंजरा लगाया जाए और तेंदुए को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और रात के समय निगरानी रखने की भी अपील की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। लोग रात के समय अकेले बाहर निकलने से बच रहे हैं और पशुओं को भी सुरक्षित स्थानों पर बांधने का प्रयास कर रहे हैं। गांव में डर के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि वन विभाग व प्रशासन जल्द कार्रवाई करेगा और तेंदुए को पकड़कर क्षेत्र को सुरक्षित बनाएगा, ताकि लोग बिना भय के अपने दैनिक कार्य कर सकें।

# केंद्र की तमाम नीतियां देश की गरीब जनता के हितों के खिलाफ : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मनरेगा का नाम बदलने के केंद्र सरकार के निर्णय पर खेद प्रकट करते हुए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा शुरू से ही महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार योजना कानून के विरोधी रहे हैं। मनमोहन सिंह सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिन की रोजगार गारंटी देने वाला यह कानून अपने आप में ऐतिहासिक था, जिसके चलते न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले देशवासियों के जीवन स्तर में सुधार हुआ। इस योजना का नाम बदकर और 90- 10 के अनुपात में धन उपलब्ध करवाने के स्थान पर 60-40 के अनुपात में इस योजना को लागू करने के निर्णय ने इस तथ्य को पूर्ण रूप से उजागर कर दिया कि अप्रत्यक्ष रूप से केंद्र सरकार की मंशा इस योजना को बंद करने की है, क्योंकि आर्थिक तंगहाली और कर्ज बोझ से जूझती प्रदेश सरकारें इस योजना के क्रियान्वयन के लिए 40 प्रतिशत के अनुपात में धन उपलब्ध करवाने में समर्थ नहीं होंगी। कौशल ने आरोप लगाया कि भाजपा और केंद्र सरकार की तमाम नीतियां देश की गरीब और जरूरतमंद जनता के हितों के खिलाफ है।

# विधायकों को निशाना बना रही सरकार : लखनपाल

## हिमाचल में नशा, खनन और गुंडागर्दी बेलगाम, कानून व्यवस्था ध्वस्त

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** प्रदेश सरकार अपने प्रतिद्वंधियों के खिलाफ षड्यंत्र के तहत झूठे केस बनाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रही है। इससे पहले भी प्रदेश में मुख्यमंत्री रहे हैं, लेकिन इस बार अलक और भिन्न व्यवस्था परिवर्तन देखने को मिल रहा है जिस तत्परता से विधायकों के खिलाफ कार्य कर रहे हैं वो निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी छोड़कर जो भाजपा में आए हैं उनके खिलाफ दबाव बनाकर जो काम कर रहे वो ठीक नहीं है।

यह बात बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने हमीरपुर में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बड़सर में चिट्टे के मामले में पकड़े गए युवक जो कि मेरा रिश्तेदार है। यदि उसके पास चिट्टा बरामद हुआ है तो कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन एसपी इस मामले में मेरा नाम ले रहे हैं जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नशे बेचने के वालों के साथ नहीं है बल्कि नशे के



बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल हमीरपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए।

खिलाफ है। उन्होंने कहा कि चिट्टे बेचने वालों की जड़ तक पहुंचना चाहिए न कि सोशल मीडिया पर विधायक का नाम उछालना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना बड़सर के पास भांग और दो नंबर की शराब बिक रही है पुलिस उसपर कार्रवाई क्यों नहीं करती। उन्होंने कहा कि चिटटे को लेकर सनसनी फैलाई जा रही है जबकि अन्य नशे जो दो नंबर में चल रहे हैं उनपर भी पुलिस कार्रवाई करे।

बड़सर विधायक ने विशेष रूप से हमीरपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस तरह उनका नाम चिट्टा तस्करी के आरोपियों के साथ जोड़कर सार्वजनिक किया गया, वह न केवल निंदनीय है, बल्कि कानून और लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ भी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस मामले में वह अपनी छवि खराब करने के प्रयासों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। लखनपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के पास विकाय कार्य करवाने के लिए बजट नहीं जिसके कारण विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हुए हैं। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत और पुनर्वास की प्रक्रिया बेहद धीमी है और सरकार आपदा राहत की राशि पीड़ित परिवारों तक पहुंचाने में पूरी तरह विफल रही है।

# ट्रॉला-स्कूटी की टक्कर में स्कूटी सवार महिला घायल

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत भूंपल में शुक्रवार को ट्रॉला चालक की लापरवाही से एक स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल रचना देवी पुत्री जगत राम गांव कांगू नादौन की रहने वाली है। घटना की खबर मिलते ही नादौन पुलिस ई वाहन में जो आज ही थाना नादौन को मिला है, उसमें एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गई। निरीक्षण करके यातायात सुचारू रूप से शुरू करवाया तथा घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाया और उसके तुरंत बाद उसे नादौन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। महिला की टांग में फ्रेक्चर आया है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रॉला चालक की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# छत्तीसगढ़ के राजनंद गांव स्टेडियम में 24 से होगा वुशू फेडरेशन कप

अनंत ज्ञान, जाहू,

9वां वुशू फेडरेशन कप 24 से 30 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के राजनंद गांव खेल स्टेडिम में खेला जाएगा। इसमें हिमाचल प्रदेश के 31 खिलाड़ी सब जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फेडरेशन कप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य वुशू संघ के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से किया गया है।

हिमाचल प्रदेश वुशू खेल संघ के प्रदेश महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि सब जूनियर वर्ग में लड़कियों में सांसू के 28 किलोग्राम भार की स्पर्धा में तृष्णा, दिव्य 45 किलो ग्राम तथा लड़कों में 28 किलोग्राम में रूद्रा प्रताप सिंह, 36 किलो ग्राम ने दिव्यांश शर्मा, 56 किलो ग्राम में पोनित कुमार भाग लेंगे। इसी तरह तालू स्पर्धा रिशित चोपड़ा, आयुष चौधरी भाग लेंगे ।जूनियर वर्ग में लड़कों की प्रतियोगिता में सांसू स्पर्धा में अंशुल चौहान 45 किलो ग्राम, दिपंकज ठाकुर 52 किलोग्राम, अनिल डोगरा 56 किलोग्राम और अक्षय कुमार 65 किलोग्राम की प्रदेश का प्रतिनिधित्व

### 31 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतियोगिता में दमखम

करेंगे। तालू स्पर्धा में आदित्य चौधरी, मुकेश कुमार, कशिश, आदित्य अंशुल चौधरी, काव्य, शौर्य, आकाश चौधरी भाग लेंगे।

इसी तरह सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में तालू स्पर्धा में युगातरा ठाकुर, पायल, उमेश चौहान, सोनू, दीक्षित आर्य, प्रेमदास, शाश्वत, रिया वर्मा, मनोरमा, कार्तिकेय ठाकुर को चुना गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश वुशू संघ ने अजय कुमार की टीम का कोच और लुद्दर चंद को तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया है। आजाद ने बताया कि 31 सदस्यीय हिमाचल प्रदेश कर टीम में दर्जनों राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं जोकि हिमाचल प्रदेश को पहले भी मेडल दिलाने में कामयाब रहे हैं। इससे फेडरेशप कप में प्रदेश खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करके प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके फेडरेशन कप में जगह पाई है।

# बड़सर में बताए टीसीपी एक्ट व नियमों के फायदे

अनंत ज्ञान, बड़सर

नगर एवं ग्राम योजना (टीसीपी) विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर ने शुक्रवार को यहां मिनी सचिवालय के सभागार में एक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इसमें बड़सर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली समस्त पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर नगर एवं ग्राम योजनाकार हरजिंदर सिंह, सहायक योजनाकार मनीषा रांगड़ा और अन्य अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम 1977 और हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम योजना नियमों के उद्देश्य, प्रावधानों, क्षेत्राधिकार, वैधानिक दायित्वों तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य किसी भी क्षेत्र का सुनियोजित, सुरक्षित एवं सुविधाजनक विकास सुनिश्चित करना है। इस अधिनियम के तहत अधिसूचित योजना क्षेत्रों और विशेष क्षेत्रों में किसी भी निर्माण कार्य के लिए टीसीपी विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य होती है। अब इन





मिनी सचिवालय के सभागार में जन-जागरूकता कार्यक्रम किया गया आयोजित।

क्षेत्रों से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 वर्गमीटर से अधिक के एरिया वाले प्लॉट पर निर्माण के लिए भी टीसीपी विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बड़सर एवं इसके आसपास के अधिकांश क्षेत्रों में टीसीपी अधिनियम के प्रावधान सामान्यतः लागू नहीं होते हैं। लेकिन, विक्रय के उद्देश्य से प्लॉटिंग अथवा प्लॉटिंग एवं अपार्टमेंट निर्माण या आठ से अधिक अपार्टमेंट वाले भवनों, 1000 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में विकसित किए जाने वाले रियल एस्टेट प्रोजेक्ट पर यह अधिनियम लागू होगा। बिना अनुमति किए गए निर्माण अथवा भूमि विकास कार्यों के विरुद्ध अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि किसी भवन के आसपास सेटबैक यानि खाली जगह छोड़ना बहुत जरूरी होता है। इससे धूप, ताजी हवा, वाहनों की आवाजाही, पानी की निकासी और कई अन्य सुविधाएं सुनिश्चित होती हैं तथा भवनों के बीच पर्याप्त जगह होने से किसी भी दुर्घटना की आशंका कम होती है। आपसी विवाद भी नहीं होते हैं। हरजिंदर सिंह ने सभी पंचायत सचिवों और जनप्रतिनिधियों से इसकी अनुपालना सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने खड्डों से कम से कम 7 मीटर और नालों से कम से कम 5 मीटर दूरी रखते हुए ही भवन निर्माण करने की सलाह भी दी। इस अवसर पर कनिष्ठ प्रारूपकार अंकुश कुमार, कनिष्ठ अभियंता सुशील कुमार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**विकास** कंज्याण में बनेगा 2 करोड़ रुपए का तालाब, सम्मू तालाब का सौंदर्यीकरण अंतिम चरण में

# दिम्मी तालाब का 50 लाख रुपए से होगा सौंदर्यीकरण

अनंत ज्ञान, भोरंज

भोंरज विधानसभा क्षेत्र में स्थित दिम्मी तालाब का व्यापक स्तर पर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

इस महत्वाकांक्षी योजना पर लगभग 50 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी और इसका क्रियान्वयन जल शक्ति विभाग द्वारा किया जाएगा। योजना के तहत तालाब को आकर्षक व पर्यावरण के अनुकूल स्वरूप दिया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र के लोगों के लिए एक सुंदर पर्यटन और विश्राम स्थल के रूप में विकसित हो सके। सौंदर्यीकरण के दौरान तालाब में आधुनिक फवारे स्थापित किए जाएंगे, जो इसकी सुंदरता को और बढ़ाएंगे। इसके साथ ही तालाब में मछलियां व बतख छोड़ी जाएंगी, जिससे प्राकृतिक वातावरण तैयार होगा और जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल न केवल सौंदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण होगी, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन



दिम्मी तालाब।

की दिशा में भी एक सार्थक कदम साबित होगी। तालाब के साथ-साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा आसपास के क्षेत्र का भी विकास किया जाएगा। तालाब से जुड़ी सड़क के दोनों ओर आधा-आधा किलोमीटर तक पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे, जिससे सड़क का स्वरूप बेहतर होगा। सड़क किनारे हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण किया जाएगा तथा स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बैठने के लिए चारों ओर बैंच लगाई जाएंगी। इस कार्य पर भी लगभग 50 लाख रुपए की लागत आएगी। विधायक सुरेश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के एक अन्य प्रमुख जल स्रोत सम्मू ताल का सौंदर्यीकरण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और जल्द ही इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंज्याण क्षेत्र में लगभग 2 करोड़ रुपए से एक नए तालाब का निर्माण प्रस्तावित है, जिसका निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसका भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस तालाब में भी मछलियां और बतख छोड़ी जाएंगी, जिससे इसे एक आकर्षक स्थल के रूप में विकसित किया जा सके। विधायक ने बताया कि भोंरज विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्य संभावित स्थानों की पहचान की जा रही है, जहां इस प्रकार के सौंदर्यीकरण और विकास कार्य किए जा सकें। इन योजनाओं से न केवल क्षेत्र की सुंदरता में इजाफा होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे और भोंरज क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में भरा उत्साह व उमंग

अनंत ज्ञान, जाहू

नव विभोर पब्लिक स्कूल परिसर में वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास व भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने विद्यालय के परीक्षा परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गर्व के साथ बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शिक्षकों की मेहनत का प्रत्यक्ष प्रमाण है।उन्होंने मुख्य अतिथि महोदय एवं साथ में आए हुए गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस सेशन में कक्षा दसवीं में आशिया



नव विभोर पब्लिक स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे।

एवं अन्वेषा ने संयुक्त रूप से 679/700 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। पीयूष कुमार रणौत ने 646/700 अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि वैष्णवी एवं अक्षिता ने 637/700 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान अर्जित किया। वहीं, कक्षा बारहवीं में आदित्य राणा ने 468/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, शिवांग चौधरी ने 465/500 अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा कशिश भारद्वाज ने 463/500 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

इस वर्ष भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा और साथ ही हमारे स्कूल से पासआउट हुए बच्चे कहीं न कहीं अच्छे पदों पर आसीन है। इस वर्ष विद्यालय की वार्षिक समारोह की थीम 'अंकुरण' रखी गई, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकनृत्य, डोगरी एवं पहाड़ी गीतों तथा पारंपरिक नाटी की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया और पूरे वातावरण को उत्साह एवं उमंग से भर दिया। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि, अभिभावकों एवं सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया। यह वार्षिक समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा, शिक्षकों के समर्पण तथा विद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों का सजीव उदाहरण बनकर सभी के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध हुआ।

# यशिका का गणतंत्र दिवस पर परेड के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाबा बालक नाथ महाविद्यालय, चकमोह की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की स्वयंसेविका यशिका कुमारी का चयन दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड 2026 के लिया हुआ है। यह उपलब्धि न केवल यशिका कुमारी के कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है, बल्कि महाविद्यालय एवं एनएसएस इकाई के लिए भी सम्मान की बात है। यशिका कुमारी ने एनएसएस के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। यशिका ने जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय तथा उत्तर क्षेत्रीय गणतंत्र दिवस पूर्व की चयन प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसके आधार पर यशिका का चयन हुआ। इस चयन प्रकिया में हिमाचल प्रदेश से केवल दो एनएसएस छात्राओं का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील दत्त एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने यशिका व उसके माता पिता को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टे के खिलाफ रामपुर में जन-जागरूकता रैली 22 को

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** प्रदेश सरकार के चिट्टे के नशे के खिलाफ विशेष अभियान के अंतर्गत विकास खंड रामपुर में 22 दिसंबर को खंड स्तरीय विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी खंड विकास अधिकारी रामपुर राजेंद्र नेगी ने दी। रैली प्रातः 10:30 बजे राजकीय डिग्री कॉलेज रामपुर से शुरू होकर रामपुर बाजार होते हुए ब्वॉयज स्कूल रामपुर के प्रांगण में संपन्न होगी। हिमाचल प्रदेश राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं रामपुर विधायक नंद लाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### 21 को मतियाना स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश ठियोग कनिका गुप्ता ने जानकारी दी है कि 21 दिसंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मतियाना में एक विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा न्याय व्यवस्था को सरल और सुलभ बनाना है। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को यह समझाने का प्रयास किया जाएगा कि कानून उनके लिए किस प्रकार सहारा और संरक्षण बन सकता है।

### एचपीयू में परीक्षा व्यवस्था को लेकर एबीवीपी का धरना



एचपीयू में परीक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर धरना देते एबीवीपी कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने विश्वविद्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर छात्रों से जुड़ी बुनियादी समस्याओं को उठाया। परिषद ने डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना, स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मेडिकल उपकरण, दो स्थायी डॉक्टर, नया स्टाफ और मेडिकल स्टोर की व्यवस्था की मांग रखी। इसके साथ ही छात्रों के लिए पार्किंग सुविधा, लाइब्रेरी में हीटर और नई बसों की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। एबीवीपी ने परीक्षा और मूल्यांकन प्रणाली में खामियों पर चिंता जताते हुए ऑनलाइन मूल्यांकन प्रक्रिया को हटाकर ऑफलाइन व्यवस्था पुनः लागू करने की मांग की। इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने कहा कि ऑनलाइन जांच से परिणामों में देरी और त्रुटियां बढ़ी हैं, जिससे छात्रों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

### 5 छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए करें प्रेरित : कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा में आयोजित एंटी चिट्टा जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और कम से कम पांच अन्य छात्रों को भी इस बुराई से बचाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि एंटी चिट्टा अभियान को आगे बढ़ाने में युवाओं की सक्रिय भूमिका सबसे अहम है। कार्यक्रम में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और सही जानकारी अपनाने का आह्वान किया।

# एचपीएमसी का नया फरमान, बागवानों में उबाल

## एमआईएस में पहली बार अकेली नोडल एजेंसी बनी एचपीएमसी मनमानी पर उतरी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**




**शिमला।** प्रदेश के सेब बागवान इस बार दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर मौसम की आपदा ने बागानों को भारी नुकसान पहुंचाया है, दूसरी ओर मार्केट इंटरवेंशन स्कीम के तहत एचपीएमसी की नई व्यवस्था ने बागवानों का सब्र तोड़ दिया है।

इस वर्ष पहली बार एमआईएस के तहत सेब खरीद की पूरी जिम्मेदारी अकेली नोडल एजेंसी के रूप में एचपीएमसी को दी गई है। हर सीजन में बागवानों से बोरियों और क्रेट में सेब खरीद कर उसकी पर्ची बनाई जाती है, जिसमें वजन, आधार कार्ड, बैंक खाता और अन्य विवरण दर्ज होते हैं, लेकिन इस बार उसी प्रक्रिया के बाद भी अतिरिक्त सत्यापन की नई शर्तों ने नाराजगी को जन्म दे दिया है।

बागवानों का कहना है कि एमआईएस के तहत सेब खरीद का भुगतान वर्षों तक अटका रहता है। कई मामलों में तीन-चार साल का पैसा भी एचपीएमसी के पास लंबित है। ऐसे में नकद भुगतान की बजाय उसके एवज में बागवानी से जुड़ा सामान दिया जाता है।

इसमें खाद, केंचुआ खाद, रासायनिक और जैविक उर्वरक, कीटनाशक दवाइयां, डीजल सप्लाई, क्रेट्स, स्प्रे मशीनें, घास काटने की मशीनें और अन्य उपकरण शामिल होते हैं। बागवान मजबूरी में यह सामान लेते हैं, क्योंकि यही उनके पैसे की आंशिक भरपाई का एकमात्र जरिया बन गया है।

बागवानों का आरोप है कि एचपीएमसी द्वारा दिया जाने वाला सामान अक्सर बाजार से महंगे दामों पर होता है, जबकि उसकी गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं रहती। कई बार वही खाद, दवाइयां और उपकरण खुले बाजार में सस्ते और बेहतर मिल जाते हैं, लेकिन एमआईएस की रकम अटकी होने के कारण बागवान चुपचाप यही सामान लेने को मजबूर रहते हैं। इस साल हालात और बिगड़ गए हैं, क्योंकि सामान देने से पहले जमाबंदी, बागवानी प्रमाण पत्र और अतिरिक्त सत्यापन जैसी नई औपचारिकताएं जोड़ दी गई हैं, जबकि पहले ही आधार और बैंक विवरण उपलब्ध कराए जा चुके होते हैं।

### सख्ती ने बढ़ाया आक्रोश

**सेब** उत्पादक इलाकों में यह भावना गहराती जा रही है कि आपदा के बाद सरकार को राहत देनी चाहिए थी, न कि नियमों का शिकंजा कसना चाहिए। बागवानों का कहना है कि कागजी प्रक्रियाओं और बार-बार के सत्यापन ने उन्हें दफ्तरों के चक्कर लगाने पर मजबूर कर दिया है। समय पर भुगतान न मिलने और जबरन सामान थोपे जाने की पीड़ा अब खुलकर गुस्से में बदलने लगी है, जिससे कई क्षेत्रों में विरोध के स्वर बुलंद हो गए हैं।

### बरागटा ने दी आंदोलन की चेतावनी

**इस** पूरे मामले पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और जुब्बल-कोटखाई से भाजपा के विधायक प्रत्याशी रह चुके चेतन बरागटा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि एचपीएमसी द्वारा लागू की गई यह सत्यापन प्रक्रिया बागवानों के साथ अन्याय है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। बरागटा ने आरोप लगाया कि नियमों की आड़ में बागवानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है और इससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और एचपीएमसी ने इन फरमानों पर विराम नहीं लगाया तो बागवानों के साथ मिलकर सड़क से लेकर हर मंच पर जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

# स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में डिप्टी सीएम बोले, फील्ड में उतरें अधिकारी



स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पीटरहॉफ में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जल शक्ति विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी की प्रथम बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने की। बैठक में विभागीय योजनाओं, प्रस्तावित परियोजनाओं और चल रहे विकासात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेशभर में जल आपूर्ति और सिंचाई से जुड़ी योजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना और किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। बैठक में विभिन्न जल आपूर्ति योजनाओं, सिंचाई परियोजनाओं और विभागीय प्रस्तावों पर गहन चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा और सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जानी चाहिए। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ समीक्षा और संवाद बैठक भी की, जिसमें जमीनी स्तर पर सामने आ रही समस्याओं, तकनीकी पहलुओं और कार्यान्वयन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यालयों तक सीमित न रहें, बल्कि नियमित रूप से फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंच सके।

बैठक का संचालन प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधान सचिव विधि राजीव बाली, सचिव जल शक्ति राखिल काहलों, विशेष सचिव वित्त विजय वर्धन, अतिरिक्त नियंत्रक स्टोर मनोज कुमार, महाप्रबंधक एचपी सिविल सप्लाई अरविंद शर्मा सहित जल शक्ति विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# लेबर कोड और मनरेगा विरोधी विधेयक के खिलाफ सड़कों पर उतरे मजदूर

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**



मिनी सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते सीटू व ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता।

**रामपुर बुशहर।** सीटू क्षेत्रीय समन्वय समिति रामपुर ने शुक्रवार को लेबर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर चार लेबर कोड और मनरेगा को प्रभावित करने वाले 'जी राम जी' विधेयक के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधेयकों की प्रतियां जलाईं और मजदूर अधिकारों तथा ग्रामीण रोजगार की रक्षा का संकल्प लिया।

सीटू नेताओं ने कहा कि नए लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करते हैं और छंटनी व असुरक्षित रोजगार को बढ़ावा देते हैं, जबकि 'जी राम जी' विधेयक से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने चारों लेबर कोड वापस लेने, मनरेगा से जुड़े विधेयक को रद्द करने और श्रम कानूनों पर व्यापक चर्चा की मांग की।

# हिमाचल में साइबर ठगी व बुलिंग का नया जाल

## बच्चों पर साइबर बुलिंग का सबसे ज्यादा बढ़ा खतरा, नकली पहचान से बढ़ी समस्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में साइबर अपराध के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं, जिनमें अब अपराधी केवल पहचान चोरी नहीं करते, बल्कि लोगों की जानकारी को जोड़-तोड़ कर एक नई नकली पहचान बना लेते हैं। इस तरह की ठगी को सिंथेटिक आइडेंटिटी फ्रॉड कहा जाता है। इसमें किसी व्यक्ति के असली आधार या पैन नंबर को किसी दूसरे नाम और पते के साथ जोड़कर फर्जी पहचान तैयार की जाती है और उसी के आधार पर बैंक से ऋण या अन्य वित्तीय लाभ उठा लिए जाते हैं। जब तक पीड़ित को इसका पता चलता है, तब तक नुकसान हो चुका होता है।

जानकारी के अनुसार साइबर अपराध का एक गंभीर रूप साइबर बुलिंग भी है, जो विशेष रूप से बच्चों और किशोरों को प्रभावित कर रहा है। सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और मैसेजिंग एप्स के माध्यम से बच्चों को डराना, अपमानित करना या मानसिक रूप से प्रताड़ित करना साइबर बुलिंग के अंतर्गत आता है। इसका असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास पर गहरा पड़ सकता है, इसलिए अभिभावकों और शिक्षकों की सतर्कता बेहद आवश्यक है।

साइबर अपराध से बचाव के लिए नागरिकों को कुछ बुनियादी सावधानियां अपनाने की जरूरत है। अपने आधार से जुड़ी जानकारी को सुरक्षित रखना, समय-समय पर क्रेडिट रिपोर्ट की जांच करना और पहचान पत्र की प्रति देते समय उसका उद्देश्य स्पष्ट लिखना बेहद जरूरी है। बच्चों के ऑनलाइन व्यवहार पर नजर रखना और उन्हें सही-गलत की जानकारी देना भी सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम है।

### साइबर अपराध को न करें नजरअंदाज

साइबर पुलिस का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी या साइबर बुलिंग का शिकार होता है, तो उसे तुरंत इसकी सूचना देनी चाहिए। किसी भी साइबर अपराध की रिपोर्ट के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क किया जा सकता है। समय पर की गई शिकायत न केवल नुकसान को कम कर सकती है, बल्कि अपराधियों तक पहुंचने में भी मददगार साबित होती है।

# कुसुम्पटी में प्रदेश का पहला आधार सेवा केंद्र शुरू

## एसडीए कांप्जेक्स में लोगों को अब एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने शिमला के एसडीए कॉम्प्लेक्स, कुसुम्पटी में प्रदेश के पहले आधार सेवा केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर विकसित किया गया है, जहां आधार से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के लिए कुल तीन आधार सेवा केंद्र स्वीकृत हुए हैं, जिनमें शिमला के अलावा मंडी और कांगड़ा शामिल हैं। शिमला में शुरू हुआ यह केंद्र हिमाचल का पहला आधार सेवा केंद्र है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

मंत्री ने कहा कि पहले आधार से संबंधित कई कार्यों के लिए लोगों को चंडीगढ़ जाना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की परेशानी होती थी। अब कुसुम्पटी स्थित इस आधार सेवा केंद्र में नामांकन, अपडेट और अन्य सभी आधार सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। यह केंद्र यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय के मार्गदर्शन में यूआईडीएआई के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा संचालित किया जाएगा, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी।



आधार केंद्र का शुभारंभ करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह।

### व्हीलचेयर एक्सेस, बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधा

**यह** आधार सेवा केंद्र पूरी तरह व्हीलचेयर एक्सेसिबल है और बुजुर्गों व दिव्यांग नागरिकों की सहायता के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। केंद्र सप्ताह के सातों दिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुला रहेगा और केवल सार्वजनिक छुट्टियों में बंद रहेगा। यूआईडीएआई के निदेशक जगदीश कुमार ने बताया कि यह पहल निवासी-केंद्रित, समावेशी और भरोसेमंद आधार सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने लोगों से बिना भीड़ और परेशानी के सेवा अनुभव के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करने की अपील की।

# भाजपा बोली-केंद्र की योजनाओं का श्रेय ले रहे कांग्रेस मंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गोपाल जबैईक, मंडल महामंत्री अंकुश चौहान और पूर्व मंडल अध्यक्ष रावेंद्र चौहान ने शिक्षा मंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वे विकास कार्यों का श्रेय लेने में आगे हैं, लेकिन अपने विभाग और प्रदेश के लिए राज्य का फंड दिलाने में पूरी तरह असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जिन योजनाओं को शिक्षा मंत्री अपनी उपलब्धि बताकर जनता के सामने पेश कर रहे हैं, वे वास्तव में दिवंगत नेता नरेंद्र बरागटा की दूरदर्शिता और पूर्व भाजपा सरकार के प्रयासों का परिणाम हैं।

भाजपा नेताओं ने बताया कि पीएमजीएसवाई के तहत कोटखाई-थरोला-टाहु सड़क, विभिन्न लिफ्ट जल योजनाएं, थरोला में पीपी सेंटर, साईस ब्लॉक और पीएचसी सहित कई विकास कार्य पहले ही स्वीकृत हो चुके थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन योजनाओं की नींव पूर्व में रखी जा चुकी थी, उनका श्रेय आज शिक्षा मंत्री क्यों ले रहे हैं। नेताओं ने कहा कि जनता अब सच्चाई समझ चुकी है और केवल फीता काटने की राजनीति नहीं, बल्कि प्रदेश के लिए संसाधन लाने वाला नेतृत्व ही भरोसे के काबिल होता है।

# शिक्षा मंत्री ने थरोला में 1.45 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत करते लोग।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कोटखाई उपमंडल की ग्राम पंचायत थरोला में 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से निर्मित उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन किया। इस योजना से थरोला, धलोना, बलोग और चाड़का के निवासियों को नियमित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। मंत्री ने कहा कि गर्मियों में पानी की किल्लत लंबे समय से एक गंभीर समस्या रही है, जिससे अब लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने पेयजल को जीवन की बुनियादी जरूरत बताते हुए कहा कि बदलते मौसम के दौर में जल प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देना समय की मांग है।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि इसी सोच के तहत पब्बर नदी से एक बड़ी उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिस पर लगभग 38 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस परियोजना के पूरा होने पर जुब्बल-कोटखाई क्षेत्र की 27 पंचायतों को सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री ने भरोसा दिलाया कि चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक इस योजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में जल संकट अतीत की बात बन सके।

रोहित ठाकुर ने करीब 23 लाख रुपए की लागत से बने पौध संरक्षण केंद्र का भी उद्घाटन किया, जहां सेब सहित अन्य फलदार पौधों के संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक दवाइयां और पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने एक करोड़ 75 लाख रुपए से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निरीक्षण किया और कहा कि इसे जल्द जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-3 के तहत मराथू-थरोला सड़क का स्तरोन्नयन 17 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री ने लोहट पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र के लिए तीन नई सड़कों की पासिंग की जानकारी भी साझा की। शिक्षा और न्यायिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कोटखाई में केंद्रीय विद्यालय और सब जज कोर्ट की स्वीकृति को उन्होंने क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने थरोला में हाइ मास लाइट लगाने के लिए 4 लाख रुपए देने की घोषणा की।

# कांग्रेस सरकार के व्यवस्था परिवर्तन में यह कैसी ठेकेदारी प्रथा : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



### बोले-ठेकेदारों की सहूलियत से तय हो रहे तबादले

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर व्यवस्था पतन की पटकथा लिखी जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के फैसले और अधिकारियों के तबादले अब जनहित के बजाय ठेकेदारों की सहूलियत के हिसाब से हो रहे हैं। पेखुबेला पार्ट-2 जैसी परिस्थितियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह सौर ऊर्जा परियोजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए और एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत तक की नौबत आई, उसी कड़ी में अब धर्मशाला के एक परियोजना अधिकारी को ठेकेदार पर सख्ती दिखाने की कीमत चुकानी पड़ी। हाईकोर्ट द्वारा तबादला रद्द किया जाना इस बात का प्रमाण है कि सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं और अफसरों को यह संदेश दे दिया गया है कि समय पर काम पूरा न करने वाले ठेकेदारों को नोटिस देना भी भारी पड़ सकता है।

उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि सुविधा शुल्क, मित्र मंडली और राजनीतिक संरक्षण के कारण ठेकेदारों के भी दो गुट बन गए हैं। एक वर्ग वह है जो पुराने भुगतानों के लिए दफ्तरों और नेताओं के चक्कर काट रहा है, जबकि दूसरा वर्ग वह है जो मनमाफिक सहयोग न मिलने पर रातों-रात अधिकारियों के तबादले करवा देता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसे ठेकेदारों को यह ताकत कहां से मिल रही है। उनका आरोप है कि सरकार भ्रष्टाचार को न केवल जन्म दे रही है बल्कि उसका पालन-पोषण और संरक्षण भी कर रही है, जबकि विपक्ष के विधायकों को निशाना बनाने के लिए पूरा तंत्र सक्रिय नजर आता है।

इसी दौरान केंद्रीय हाटी समिति गिरिपार के प्रतिनिधिमंडल ने जय राम ठाकुर से मुलाकात कर हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा दिए जाने के मामले में न्यायालय में हो रही देरी पर चिंता जताई। नेता प्रतिपक्ष ने भरोसा दिलाया कि वह इस विषय को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाएंगे, ताकि प्रभावित हो रही दो लाख से अधिक आबादी को न्याय मिल सके। वहीं, जयराम ठाकुर ने लोकसभा और राज्यसभा से 'जी राम जी' विधेयक के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे सुशासन, पारदर्शिता और आम नागरिकों के अधिकारों को मजबूत करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया।

# सुरेश कश्यप ने हिमाचल पर्यटन को संसद में दी राष्ट्रीय पहचान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला। लोकसभा में भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने हिमाचल प्रदेश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार, हेरिटेज, ईको और ग्रामीण पर्यटन पर महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए, जिससे प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली। पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के लिखित उत्तर में बताया गया कि केंद्र सरकार की नीतियों से हिमाचल प्रदेश वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। डिजिटल प्रचार, अंतरराष्ट्रीय रोडशो, विदेशी टूर ऑपरेटर्स और वैश्विक मेलों के माध्यम से प्रदेश की बर्फीली चोटियों, आध्यात्मिक स्थलों और साहसिक गतिविधियों को दुनिया के सामने पेश किया जा रहा है। ग्रामीण और ईको-टूरिज्म पर विशेष फोकस से दूरदराज क्षेत्रों को पर्यटन से जोड़ा जा रहा है और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। सांसद कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिमाचल न केवल देश बल्कि दुनिया के प्रमुख पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है।

### केंद्र सरकार की नीतियों से वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा हिमाचल: गजेंद्र

**आस्था**

## समरकोट-पुजारली में देवता महेश्वर ने कायम की अनुकरणीय देव संस्कृति

# पर्दे में रही परंपरा, मर्यादा में दिखा देवत्व

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश अपनी अनूठी संस्कृति के लिए जाना जाता है। यहां की भौगोलिक पहचान बिल्कुल अलहदा है। सांस्कृतिक विरासत की धारा हर पग पर बहती हुई नजर आती है। इन्हीं धाराओं के बीच राज्य के अंदर देव परंपराएं सदियों से जीवंत रूप लिए हुए हैं।

देव संस्कृति में उसके वास्तविक सौंदर्य, उसके रहस्य, उसकी मर्यादा और उसके पर्दे में निहित है। जिस प्रकार परदे के भीतर छिपी वस्तु की चमक और कशिश बनी रहती है, उसी तरह देव अनुष्ठानों की शक्ति और प्रभाव भी तभी तक अक्षुण्ण रहते हैं, जब तक वे सार्वजनिक प्रदर्शन और दिखावे से दूर रहें। परदा हटते ही रस भी बिखर जाता है और रोमांच भी और साथ ही टूटती हैं वे सीमाएं, जो परंपरा को पवित्र बनाती हैं। वर्तमान समय में देव समाज के भीतर एक चिंताजनक प्रवृत्ति उभर रही है, जहां देवी-देवताओं के अनुष्ठान, नृत्य और विधि-विधान खुले मंच और सोशल मीडिया की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। नदियों की तरह बहते लाइव प्रसारण, हुड़दंग से भरे नाच-गाने और अनुष्ठानों का मनोरंजन में तब्दील होना, देव परंपरा की गरिमा को ठेस पहुंचा रहा है। जब हर बात जगजाहिर हो जाती है, तो न केवल मर्यादा टूटती है, बल्कि प्रकृति के कोप का भय भी गहराने लगता है। देव संस्कृति शोध और साधना का विषय है, तमाशे का नहीं।

इसी पृष्ठभूमि में समरकोट-पुजारली क्षेत्र स्थित देवता महेश्वर की हालिया पहल देव समाज के लिए एक मिसाल बनकर उभरी है। शिव के अवतार माने जाने वाले देवता महेश्वर के तीन दिवसीय देव कार्य में, जिसमें पहले संघेडा, फिर शिखा पूजन और अंत में उछड़-पछाड़ संपन्न हुई, परंपरा की पूर्ण मर्यादा का पालन किया गया। देवता के स्पष्ट आदेशानुसार किसी भी प्रकार की वीडियो रिकॉर्डिंग और सोशल मीडिया प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। समस्त अनुष्ठान पर्दे के पीछे, विधि-सम्मत और वेद-पुराणों के अनुरूप संपन्न हुए, जिससे श्रद्धा, संयम और सादगी का अद्भुत वातावरण बना रहा। इस देव कार्य में अन्य देवताओं की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

### पर्दा रहेगा तो परंपरा भी रहेगी जीवित

**समरकोट**-पुजारली में निभाई गई यह देव परंपरा साबित करती है कि देव संस्कृति का असली वजूद सादगी, गूढ़ता और अनुशासन में है। शोध, अनुष्ठान और नीति-नियम अपने स्थान पर रहें, परंतु उनका सार्वजनिक प्रदर्शन न हो, यही देव समाज की सेहत के लिए ज़रूरी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि देवता महेश्वर की यह अनुकरणीय पहल हिमाचल के अन्य देवस्थानों को भी आत्ममंथन के लिए प्रेरित करेगी, ताकि देव परंपराओं की चमक, उनकी शक्ति और उनका रहस्य आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रह सके।

## न्यूज ब्रीफ

### शाह के दौरे पर एयरो-स्पोर्ट्स गतिविधियों पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 20 दिसंबर, 2025 को कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी दौरे के मद्देनजर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा ने ज्वालामुखी उपमंडल में एयरो-स्पोर्ट्स और हवाई गतिविधियों पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। आदेश के अनुसार पैराग्लाइडिंग, ड्रोन उड़ान, हॉट एयर बैलूनिंग सहित सभी प्रकार की हवाई गतिविधियां इस दिन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। यह निर्णय वीवीआईपी सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लिया गया है। प्रतिबंध जिला पुलिस, सुरक्षा एजेंसियों और सरकार द्वारा अधिकृत निगरानी एजेंसियों पर लागू नहीं होगा। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### राहुल ने वॉलीबॉल स्पर्धा में चमकाया नाम

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सकड़ी के जमा दो के छात्र राहुल ने अंडर-18 जूनियर स्टेट वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर स्कूल और बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्कूल के तीन छात्रों ने जिला टीम के लिए हारसी में आयोजित एक दिवसीय ट्रायल में भाग लिया, जिसमें राहुल का चयन जिला कांगड़ा की टीम में हुआ। चयन के बाद उन्होंने शाहपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में हिस्सा लिया और तत्पश्चात राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया, जो मंडी जिला के संधोल में आयोजित हुई। इस सफलता में शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता नवीन राणा का विशेष योगदान रहा। प्रधानाचार्य संदीप आचार्य ने राहुल को उसकी उपलब्धि पर सम्मानित किया और समस्त स्टाफ को बधाई दी।

### पालमपुर में कर्मियों ने ली नशा विरोधी शपथ

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के उप कार्यालय पालमपुर में नशे के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कर्मचारियों ने नशा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत एंटी चिट्टा अभियान के समर्थन में एक संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एकमत होकर यह संकल्प लिया गया की वे न केवल स्वयं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ विशेष कर चिट्टा एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन का समर्थन करेंगे बल्कि भविष्य में किसी भी रूप से ऐसी गतिविधियों में संबंधित नहीं होंगे। यह शपथ लिए कि वे समाज में नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा यदि कहीं भी नशीले पदार्थ संबंधित कोई अवैध गतिविधि उनके संज्ञान में आती है तो उसे संबंधी सक्षम प्राधिकरण तक पहुंचाने और हिमाचल को नशा मुक्त बनाने में सहयोग करेंगे।

### वन संरक्षण व प्रकृति बचाने का दिया संदेश



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** द हंस फाउंडेशन द्वारा राजकीय माध्यमिक पाठशाला डई (कांगड़ा) में वन अग्नि एवं पर्यावरण संरक्षण के विषय पर बच्चों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में जंगलों में आग से होने वाले नुकसान तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता के माध्यम से वन संरक्षण एवं प्रकृति बचाने का संदेश दिया। जिसमें रितिका ने पहला, अक्षय ने द्वितीय तथा शिखा ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस दौरान विद्यालय के मुख्याध्यापक नरेंद्र कुमार भारद्वाज ने इस सराहनीय पहल के लिए द हंस फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित करती हैं।

### रविंद्र शर्मा बने ग्राम केंद्र थुरल के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा मंडल थुरल के ग्राम केंद्र थुरल (बूथ नंबर 120) रिड़ू वाली माता मंदिर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विकास धीमान ने की। इस बैठक में ग्राम केंद्र अध्यक्ष का चुनाव हुआ और पूर्व बूथ अध्यक्ष व पूर्व ग्राम पंचायत प्रधान रविन्द्र शर्मा को ग्राम केंद्र थुरल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में मंडल के महामंत्री विजय कुमार राणा, भंडारी राम, उपाध्यक्ष सुबेदार महिन्द्र सिंह राणा, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश धीमान, प्रवक्ता प्रवेश शर्मा, मंडल सचिव सरिता राणा, सोशल मीडिया संयोजक अश्वनी शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत थुरल की प्रधान वंदना समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में आगामी पार्टी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### स्वरोजगार के अवसरों के लिए किया प्रशिक्षित

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय, डाडासीबा के करियर एंड काउंसलिंग सेल द्वारा विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन एवं स्वरोजगार जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सुमित प्राशर, बागवानी विस्तार अधिकारी, खंड विकास कार्यालय, प्रागपुर, ने हिमाचल प्रदेश सरकार की बागवानी योजनाओं जैसे ई-उद्यान और एचपी-शिवा के उद्देश्यों, लाभों और युवाओं के लिए स्वरोजगार अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रजनी संख्यान ने की। उन्होंने बागवानी के व्यावहारिक उपयोग और इसे लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाने के महत्व को विद्यार्थियों के समक्ष रखा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बागवानी आधारित उद्यमिता के अवसरों की जानकारी दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया गया।

### पटवारी भर्ती में शुल्क में मिले छूट: महेंद्र पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में चल रही पटवारी भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क में कोई छूट न देना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान इन वर्गों को समान अवसर और विशेष संरक्षण प्रदान करता है, और अधिकांश सरकारी भर्तियों में इन्हें शुल्क में छूट दी जाती रही है। सभी वर्गों के लिए समान शुल्क तय करना आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों के साथ अन्याय है। अनुसूचित जाति मोर्चा ने मांग की है कि भर्ती अधिसूचना में संशोधन कर इन वर्गों को पूर्व की तरह शुल्क में छूट प्रदान की जाए।

### पटवारी भर्ती में शुल्क छूट न देना दुर्भाग्यपूर्ण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्रदेश में चल रही पटवारी भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा एससी सेल के प्रदेश प्रवक्ता तिलक राज ने सरकार पर आरोप लगाए हैं। तिलक राज ने कहा है कि पटवारी भर्ती में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क में किसी भी प्रकार की छूट न देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष संरक्षण की स्पष्ट व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद वर्तमान सरकार की ओर से पटवारी भर्ती में सभी वर्गों के लिए समान आवेदन शुल्क निर्धारित करना गरीब और वंचित वर्ग के युवाओं के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए ये था कि भर्ती प्रक्रिया में सभी वर्गों में जो शुल्क के देने में असमर्थ थे उनको भी छूट का लाभ मिलना चाहिए था परंतु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ।

### स्कूल भवन निर्माण के लिए 10 लाख स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सुनहेत के भवन निर्माण हेतु देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने 10 लाख की राशि प्रदान की है। जानकारी प्रदान करते हुए स्कूल प्रधानाचार्य राजकुमार धीमान ने बताया कि उनके स्कूल भवन की ईमारत क्षतिग्रस्त हो चुकी थी।इस संदर्भ में स्कूल प्रबंधन समिति,स्थानीय पंचायत सदस्य व स्कूल अध्यापक विधायक कमलेश ठाकुर से मिले व उन्होंने त्वरित कार्यवाही करते हुए 10 लाख की राशि एस एम सी सुनहेत के खाते में डाल दी। उनके इस सहयोग के लिए स्कूल प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ व स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### धर्मशाला में हिंदू सम्मेलन 21 दिसंबर को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला जिला मुख्यालय में 21 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्र की भजन मंडलियों द्वारा भजन कीर्तन भी किया जाएगा। मुख्य वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक भगवती और समाजसेवी श्रद्धा रहेंगे। हिंदू सम्मेलन समिति कोतवाली बाजार के अध्यक्ष शेखर राय ने बताया कि हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सम्मेलन से पूर्व 15 दिसंबर से लक्ष्मी नारायण मंदिर कोतवाली बाजार से प्रभात फेरी निकाली जा रही है, जो 21 दिसंबर तक जारी रहेगी। इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन समिति कोतवाली बाजार के कोषाध्यक्ष अतुल महाजन, आर्यसमाज से अमित नरूला, सनातन धर्म सभा के अतुल कपूर, आरएसएस की ओर से आशीष कायस्था और धीरज त्रेहन मौजूद रहे।

# यादविंद्र गोमा ने सकोह में 76 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**



खेल मंत्री यादविंद्र गोमा स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

**जयसिंहपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने शुक्रवार को जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सकोह में 76 लाख लागत की दो महत्त्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने एक स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो क्षेत्र में ठोस कचरा प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

गोमा ने ग्राम पंचायत सकोह में 50 लाख की लागत से बनने वाले आधुनिक खेल मैदान का शिलान्यास किया, जिससे स्थानीय युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए उत्कृष्ट मंच मिलेगा। इसके साथ ही, उन्होंने बिजली बोर्ड के उपभोक्ताओं को त्वरित राहत देने के उद्देश्य से 26 लाख की लागत से स्थापित होने वाले शिकायत निवारण कक्ष सह कनिष्ठ अभियंता कार्यालय सकोह की आधारशिला रखी। यह नया कार्यालय बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता को बधाई देते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर का समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी कड़ी में स्थानीय युवाओं को बेहतर खेल गतिविधियों के लिए यह खेल मैदान एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि विशेष रूप से डिजाइन किए गए एक स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाई गई है यह वाहन 50 पंचायतों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करेगा। इस कार्य के लिए 15 कर्मचारियों को तैनात किया गया है। एकत्रित किए गए कचरे को गंदड़ स्थित ठोस कचरा संयंत्र में वैज्ञानिक तरीके से नष्ट किया जाएगा, जिससे जयसिंहपुर क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में प्रगति होगी और पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा। उन्होंने सकोह में आयोजित जनसभा में स्पष्ट किया कि जयसिंहपुर क्षेत्र की जनता के विकास कार्यों को प्राथमिकता देना प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने अपने कार्यकाल में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले तीन सालों में सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है और विभिन्न विभागों में स्टाफ की कमी को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। जयसिंहपुर कॉलेज में बीसीए और एमसीए जैसी व्यावसायिक पाठ्यक्रम की कक्षाएं शुरू की गई हैं, जिससे स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिले हैं।

# कायाकल्प योजना के तहत आज किया जाएगा धर्मशाला अस्पताल का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**स्वास्थ्य सुविधाओं व स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन करेगी टीम**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हिमाचल प्रदेश की ओर से कायाकल्प योजना के अंतर्गत जोनल अस्पताल धर्मशाला में निरीक्षण करने के लिए जिला मंडी की टीम शनिवार को पहुंचेगी।

टीम में मुख्य चिकित्सा अधीकारी मंडी डा. दीपाली शर्मा, हेल्थ मेडिकल ऑफिसर मंडी डा. अरिनधोम रॉय व डिस्ट्रिक कंसल्टेंट डा. प्रीति ठाकुर शामिल रहेंगे। इसमें जिला स्तरीय समिति की ओर से अस्पताल में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं व स्वच्छता व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा। जिसमें ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी, सोनोग्राफी कक्ष, प्रसव कक्ष, शिशुवार्ड, विभिन्न वार्ड व शौचालय की साफ-सफाई का निरीक्षण किया जाएगा। अस्पताल में मरीजों को सुविधाएं, साफ-सफाई पर अस्पताल प्रबंधन को प्रारंभिक जांच में अंक प्रदान किए जाएंगे। इसके बाद राज्य स्तर की स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल का निरीक्षण करेगी। इतना ही नहीं राज्य स्तर पर अंकों की कसौटियों में खरा उतरने पर राष्ट्रीय टीम की ओर से भी जांच पड़ताल की जाएगी। जिसके आधार पर टीमों को विजेता, उपविजेता व विभिन्न कैटागिरि में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कायाकल्प योजना के तहत 50 लाख रुपए का पुरस्कार मिल सकता है।

गौरतलब है कि कायाकल्प योजना में प्रथम श्रेणी में जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पताल सम्मिलित होते हैं। द्वितीय श्रेणी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तृतीय श्रेणी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और चतुर्थ श्रेणी में हेल्थ वेलनेस सेंटर शामिल होते हैं। जिसमें हर श्रेणी में विजेता, उप-विजेता, तृतीय स्थान के तहत घोषित किए जाते हैं।

उधर, जोनल अस्पताल धर्मशाला की वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डा. अनुराधा शर्मा ने बताया कि जिलास्तरीय समिति की ओर से कायाकल्प योजना 2025-26 के तहत शनिवार को अस्पताल में निरीक्षण किया जाएगा।

# मानव विकास रिपोर्ट ने खोली कांग्रेस सरकार के भेदभाव की पोल: त्रिलोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा विंटर कार्निवल पर उठाया सवाल, विकास का नहीं बल्कि उपहास का आरोप**

भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने हाल ही में जारी हिमाचल मानव विकास रिपोर्ट 2025 के आंकड़ों के आधार पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कांगड़ा जिले के साथ घोर उपेक्षा, राजनीतिक भेदभाव और आर्थिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। हिमाचल मानव विकास रिपोर्ट 20 एक जलवायु-प्रभावित दुनिया में भविष्य का निर्माण विषय पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने 27 अक्तूबर को शिमला में जारी की है। इस रिपोर्ट को बनाने में हिमाचल सरकार के पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी व जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से तैयार किया है।

कपूर ने कहा कि सीएम द्वारा जारी रिपोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस के शासनकाल में कांगड़ा विकास की दौड़ में पिछड़कर प्रदेश के सभी 12 जिलों में सबसे निचले पायदान यानी 12वें स्थान (एचडीआई रैंक 0.695) पर पहुंच गया है। जबकि सोलन (0.880) और लाहौल-स्पीति जैसे जिले विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, कांगड़ा को जानबूझकर पिछड़ा बनाए रखा जा रहा है। धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे कांगड़ा विंटर कार्निवल 2025 पर त्रिलोक कपूर ने कहा कि एक तरफ सरकारी रिपोर्ट कह रही है कि कांगड़ा आर्थिक और मानव विकास के मानकों पर सबसे कमजोर जिला है, दूसरी तरफ सरकार जश्न मनाकर जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। यह कार्निवल विकास का नहीं, बल्कि कांगड़ा की बदहाली का उपहास है। इस कार्निवल के नाम पर जिले के व्यापारियों, छोटे दुकानदारों और पंचायतों से कथित तौर पर चंदा और सहयोग के नाम पर सरकारी संरक्षण में उगाही की जा रही है। कपूर ने कहा कि कांगड़ा की स्वाभिमानी जनता कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र और भेदभावपूर्ण रवैये को देख रही है। जिस जिले ने सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाई, उसे विकास सूचकांक में सबसे नीचे धकेलने वाली कांग्रेस सरकार को आने वाले समय में कांगड़ा की जनता कभी बखशेगी नहीं।

# हर बूथ पर 10 प्रहरी किसान होंगे तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा बूथ स्तर पर दस किसान प्रहरी तैयार कर रहा है। जिनके माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, वहीं प्रदेश सरकार की नाकामियों को भी उजागर किया जाएगा। यह बात भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष संजीव देष्टा ने शुक्रवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने झूठी गारंटियों के दम पर सत्ता हथियाई है, जबकि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रदेश के 8 लाख 70 हजार किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में बैठकों का दौर जारी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जहां अंतिम पंक्ति के व्यक्ति पहुंचने की पहल की है, वहीं प्रदेश सरकार ने किसानों, बागवानों, युवाओं को ठगा है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार के सत्ता संभालने पर छह माह के भीतर ही किसान, बागवान व युवा सड़क़ों पर उतरने को मजबूर हो गए थे, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश सरकार, किसान, बागवान व युवा विरोधी है।

# भागसूनाग वॉटरफाल के समीप मिला मृत भालू

## वन विभाग की टीम ने वेटरनरी डॉक्टर्स की टीम से करवाया पोस्टमार्टम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज के भागसूनाग वॉटरफाल से ऊपरी ओर एक भालू के मृत मिलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौका पर पहुंचकर मृत भालू को देखकर इस बारे उच्च अधिकारियों सहित पशुपालन विभाग की टीम को सूचित किया। इसके उपरांत वन विभाग के स्टाफ की मौजूदगी में पशुपालन विभाग की टीम ने मृत भालू का पोस्टमार्टम किया और उसे जला दिया।

डीएफओ वन मंडल धर्मशाला दिनेश शर्मा ने बताया कि वन विभाग को सूचना मिली थी कि भागसूनाग वॉटरफाल के ऊपर एक मृत भालू मिला है। जिस पर स्टाफ ने उच्च अधिकारियों को सूचित करने के साथ पशु चिकित्सक को जानकारी दी गई। इसके बाद वन विभाग का स्टाफ व पशु चिकित्सक की टीम मृत भालू के पोस्टमार्टम के लिए मौका पर पहुंची। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर भालू की मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

डीएफओ ने बताया कि सर्दियों में भालू भोजन की तलाश में निचले क्षेत्रों की ओर रुख करते हैं। भोजन की व्यवस्था होने पर यह ऊपरी क्षेत्रों की ओर चले जाते हैं। इन दिनों में भालूओं मुठभेड़ की घटनाएं बढ़ जाती हैं। वन विभाग ने आम जनता से आग्रह किया है कि ऐसी जगहों पर अल्प सुबह या रात को न जाएं, जहां भालू या उनके बच्चों के होने की सूचना हो।

### दुकानों व घरों के आसपास न फेंकें बचा हुआ खाना

**डीएफओ** ने आम जनता से आग्रह किया है कि बचा हुआ खाना या अन्य खाद्य अपशिष्ट घरों या दुकानों के समीप न फेंकें, क्योंकि भोजन की खूशबू भी वन्य प्राणियों को आकर्षित करती है, जिस कारण ऐसी जगहों पर जंगली जानवरों का आना-जाना बढ़ जाता है। सावधानियां अपनाकर भालूओं से मुठभेड़ की घटनाएं कम हो सकती हैं। यदि किसी को जंगली जानवर दिखे तो तुरंत वन विभाग को सूचित, जिससे कि विभाग की ओर से त्वरित उचित कदम उठाए जा सकें।

# विधायक किशोरी लाल ने 57 लाख से स्थापित ट्यूबवेल का किया लोकार्पण

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**




विधायक किशोरी लाल 57 लाख से स्थापित ट्यूबवेल का लोकार्पण करते हुए।

**बैजनाथ।** विधायक किशोरी लाल ने रजोट गांव में जल शक्ति विभाग द्वारा लगभग 57 लाख रुपये की लागत से स्थापित विद्युतिकृत नलकूप (ट्यूबवेल) का आज विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने नलकूप का शुभारंभ करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि इस नलकूप के चालू होने से रजोट गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ होगी जिससे लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पानी जीवन का मूल आधार है और प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक घर तक नियमित, सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। जल शक्ति विभाग के माध्यम से प्रदेशभर में नलकूप, पेयजल योजनाओं तथा जलापूर्ति प्रणालियों को सशक्त किया जा रहा है ताकि दूरदराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों को भी जल संकट से स्थायी राहत मिल सके। विधायक ने कहा कि सरकार जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएं तैयार कर उन्हें धरातल पर उतार रही है।

इस दौरान विधायक किशोरी लाल ने ग्रामीणों की मांग पर बैजनाथ से टांडा अस्पताल के लिए बस सेवा को वया टिकरी-रजोट मार्ग से आरंभ करने के प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने अप्पर रजोट में पंचायत भवन के निर्माण के आदेश भी संबंधित विभाग को दिए। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक किशोरी लाल एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस नलकूप के आरंभ होने से उनकी वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान होगा।

# चौबीन स्कूल के होनहार छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जवाहर मेमोरियल पब्लिक स्कूल चौबीन में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधायक किशोरी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा के राष्ट्रीय सूचकांक में 21वें स्थान से सीधे 5वें स्थान पर पहुंच गया है जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। विधायक ने कहा कि शिक्षा मनुष्य को न केवल ज्ञानवान बनाती है बल्कि उसे एक जिम्मेदार नागरिक बनने में भी सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य रचनात्मक कार्यों में भी बढ़-चढक़र भाग लें ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक विरासत पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दीं एवं कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विधायक किशोरी लाल द्वारा सम्मानित किया गया। विधायक किशोरी लाल ने विद्यालय को प्रोत्साहन स्वरूप 11 हजार रुपए राशि देने की घोषणा भी की।

# पेंशनर्स संघर्ष समिति अध्यक्ष की भाषा ठेस पहुंचाने वाली: कल्याण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



पेंशनर्स संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा सार्वजनिक मंचों एवं सोशल मीडिया पर प्रयुक्त की जा रही भाषा न केवल पेंशनर्स समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है, बल्कि वर्षों से संघर्षरत, सम्मानित और निर्वाचित पदाधिकारियों के प्रति घोर दुर्भावनापूर्ण आचरण का परिचायक भी है। यह बात हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने जारी प्रेस बयान में कही।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो व्यक्ति स्वयं को पेंशनर्स का प्रदेशाध्यक्ष कहलाने का दावा करते हैं, वही व्यक्ति असहमति और वैचारिक मतभेदों का उत्तर तथ्य, तर्क और संवाद से देने के बजाय आपत्तिजनक भाषा अपना रहे हैं। यह आचरण न तो किसी संघर्ष समिति की मर्यादा के अनुरूप है और न ही पेंशनर्स जैसे अनुशासित, शिक्षित और संवेदनशील वर्ग की परंपराओं के अनुकूल। दूसरी ओर पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के शीर्ष पदाधिकारी वर्षों से पेंशनर्स के संवैधानिक अधिकारों जैसे पेंशन पुनरीक्षण, बकाया देय, चिकित्सा सुविधाओं एवं प्रतिपूर्ति बिलों के भुगतान और सामाजिक सुरक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण संघर्ष करते आए हैं। सडक़ पर संघर्ष और सदन में संवाद के मूलमंत्र पर चलते हुए पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस समारोह में शामिल करवा कर सरकार और पेंशनर्स समुदाय के बीच के गतिरोध को तोड़ कर सरकार को पेंशनर्स के हितों को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में कारगर कदम उठाने को बाध्य किया है जिससे भविष्य में ठोस परिणाम निकलेंगे उनके लिए इस प्रकार की शब्दावली का प्रयोग करना न केवल व्यक्तिगत अपमान है, बल्कि सामूहिक रूप से पूरे पेंशनर्स आंदोलन को बदनाम करने का सुनियोजित प्रयास भी है।

# भूपिंद्र सिंह भारी बहुमत से जीते मंत्री लाल चंद ने किया सम्मानित



जिला परिषद की सीट पर जीत हासिल करने पर भूपिंद्र सिंह को सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

**जिला परिषद की सीट पर मिली सफलता, 48 जोन में 32 सीटें जीतीं आम आदमी पार्टी**

भोआ विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों ने शानदार जीत हासिल की। जिला परिषद की सीट पर भारी बहुमत से ठाकुर भूपिंद्र सिंह ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर पंजाब के कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारुचक ने अपने गांव में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया।

मंत्री लाल चंद ने बताया कि 48 ज़ोन में आम आदमी पार्टी ने 32 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस ने 11 और बीजेपी ने पांच सीटें हासिल कीं। जीतने वाले उम्मीदवारों में नितिन ठाकुर, भूपिंदर सिंह मूना, तारागढ़ की गुरप्रीत कौर, अश्विनी कुमार और तलूर की किरण कुमारी शामिल हैं।

मंत्री ने सभी विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रयासों और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी और कहा कि आम आदमी पार्टी की जीत ने भोआ क्षेत्र में सकारात्मक राजनीतिक संदेश दिया है।

**बैठक** नूरपुर पुलिस जिला की 22 पंचायतों की नशा निवारण समितियों के साथ किया मंथन

# एंटी-चिट्टा अभियान पर विशेष फोकस: डीसी

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



इंदौरा में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त।

**डिमांड और सप्लाई दोनों पक्षों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पंचायतों को निर्देश**

**एंटी-चिट्टा अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए चिट्टा सूचना इनाम योजना जल्द लागू**

**इंदौरा।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने इंदौरा में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में नूरपुर पुलिस जिला में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान को और अधिक प्रभावी, संगठित और परिणामोन्मुख बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जिला से चिट्टा सहित सभी प्रकार के मादक पदार्थों को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रशासन, पुलिस और समाज के सभी वर्गों के समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

बैठक में पुलिस अधीक्षक नूरपुर कुलभूषण वर्मा, एसडीएम नूरपुर अरुण शर्मा, एसडीएम ज्वाली नरेंद्र जरयाल, एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती, एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और नशा निवारण समितियों के सदस्य उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिमला, धर्मशाला और हमीरपुर में आयोजित एंटी-चिट्टा रैलियों के अनुभवों को आगे बढ़ाते हुए जिला में चिन्हित रेड जोन पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन किया गया है।

बैठक में सभी प्रतिनिधियों से यह जाना गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशे की समस्या से निपटने के लिए किस प्रकार की कार्ययोजना अपनाना चाहते हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि प्रत्येक नशा निवारण समिति हर दो सप्ताह में नियमित बैठक करेगी, जबकि एसडीएम स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। डिमांड साइड पर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेल और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा, जबकि सप्लाई साइड पर संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

उपायुक्त ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे नशे की अवैध गतिविधियों की सूचना निर्भीक होकर प्रशासन को दें। इसके लिए राज्य सरकार शीघ्र ही चिट्टा सूचना इनाम योजना लागू करेगी, जिसके अंतर्गत जानकारी देने वाले को 10 हजार से 10 लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एंटी-चिट्टा अभियान केवल प्रशासन या पुलिस का कार्य नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार नशे के खिलाफ सख्त प्रवर्तन के साथ-साथ पीड़ितों की काउंसलिंग, उपचार और पुनर्वास व्यवस्था को भी मजबूत कर रही है। स्कूलों और कॉलेजों में एंटी-ड्रग क्लब, प्रहरी क्लब और साथी शिक्षा कार्यक्रमों को सक्रिय किया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 दिव्यांगजनों को दी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में जिला रेडक्रॉस सोसायटी कांगड़ा और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रयास भवन में आयोजित इस शिविर में पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक दुर्गेश रांगेरा ने 14 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिलें प्रदान कीं। यह सुविधा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से उपलब्ध करवाई गई। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि विभिन्न उपमंडलों में परीक्षण शिविरों के माध्यम से लाभार्थियों की पहचान की गई। प्रत्येक ट्राइसाइकिल की कीमत लगभग 58 हजार रुपये है और सभी को निशुल्क प्रदान की गई।

### 6115 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** देहरा स्वास्थ्य खंड में 21 दिसंबर को दो बूंद जिंदगी पल्स पोलियो अभियान के तहत बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई जाएगी। खंड चिकित्सा अधिकारी देहरा डॉ. हरिंदर पाल सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि अपने 0-5 वर्ष के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर लाकर दवाई अवश्य पिलवाएं द्य स्वास्थ्य खंड देहरा मैं लगभग 6115 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी, जिसके लिए 68 बूथ स्थापित किए गए हैं, सिविल हॉस्पिटल देहरा भी विशेष बूथ रहेगा। अभियान 14 सुपरवाइजरों की देखरेख में चलेगा तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, तैनात किए गए हैं। 21 दिसंबर को बूथों पर और 22 व 23 दिसंबर को घर- घर जाकर दवाई पिलाई जाएगी।

### सुलह की रिधिमा वर्मा बनी सहायक प्रोफेसर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सुलह निवासी रिधिमा वर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत और पढ़ाई के प्रति निरंतर समर्पण के बल पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।



रिधिमा को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रोपड़ से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है। इसके साथ ही उनका चयन एलएनएमआईआईटी जयपुर में सहायक प्रोफेसर के पद पर हुआ है। रिधिमा के पिता विजय वर्मा पीडब्ल्यूडी जयसिंहपुर में एक्शियन के पद पर कार्यरत हैं व माता ममता वर्मा विकास खंड भवारना में कार्यरत् हैं। डॉ. रिधिमा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों के सहयोग, मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन और अपनी अथक मेहनत को दिया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

### पुलिस महानिदेशक के आदेश पर उठाई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर। प्रेस क्लब पालमपुर की बैठक में पुलिस महानिदेशक द्वारा डीएसपी और एसएचओ को मीडिया के साथ किसी भी मामले की जानकारी साझा न करने के आदेश पर कड़ी आपत्ति जताई गई। सदस्यों ने कहा कि हर मामले में उच्चाधिकारियों से संपर्क करना संभव नहीं है, जिससे जनहित की सूचनाएं जनता तक नहीं पहुँच पाएंगी। नशा व चिट्टा विरोधी मुहिम और सड़क दुर्घटना, चोरी, मारपीट जैसी छोटी-मोटी घटनाओं की जानकारी भी जनता तक नहीं पहुंचेगी। प्रेस क्लब ने आदेश पर पुनर्विचार कर डीएसपी-एसएचओ को मीडिया से तथ्य साझा करने का अधिकार बहाल करने की मांग की। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### भारत स्काउट एंड गाइड्स को किया सम्मानित

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय की रोवर एवं रेंजर इकाई की आठ रेंजर छात्राओं ने राज्य स्तरीय निपुण टेस्टिंग कैम्प (10-14 दिसंबर 2025) में भाग लिया और सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा किया। इसके साथ ही इकाई की संयोजक प्रो. रजनी ने आठ दिवसीय कोर्स (एक ऑनलाइन एवं सात ऑफलाइन) पूरा किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छात्राओं ने प्राचार्य को भारत स्काउट एवं गाइड्स का स्कार्फ भेंट कर सम्मानित किया। समापन पर छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे स्काउट एवं गाइड्स के आदर्शों को अपनाते हुए समाज सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हुए महाविद्यालय का गौरव बनाए रखें।

### 600 सिक्योरिटी गार्ड के पदों पर भर्ती

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** टेरियर सिक्यूरिटी सर्विसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सिक्यूरिटी गार्ड (पुरुष) के 600 पदों की भर्ती क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, धर्मशाला के माध्यम से अधिसूचित की है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास और आयु सीमा 18-45 वर्ष रखी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को मासिक वेतन 14,300 से 18,236 रुपये दिया जाएगा। साक्षात्कार 23 दिसंबर, 2025 को प्रातः 11 बजे उप रोजगार कार्यालय, देहरा में आयोजित होगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को पासपोर्ट साइज फोटो, मूल प्रमाण पत्र, बायोडाटा और अनुभव प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) साथ लाना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन विभागीय पोर्टल पर करना होगा। अधिक जानकारी के लिए 72075-00008 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अध्यक्ष पद के लिए नहीं आया कोई आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ (एचपीसीए) की नई कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन नहीं आया है। जबकि उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए एक-एक नामांकन दर्ज हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए विजय कुमार ठाकुर, सचिव के लिए मनुज शर्मा, संयुक्त सचिव के लिए विशाल शर्मा और कोषाध्यक्ष के लिए डॉ. विक्रम सिंह ने आवेदन किया। अपैक्स पदों के तीन नामांकन आरएस राणा, शिवेंद्र सिंह और शैलेंद्र सिंह ने दिए। सचिव अवनीश परमार ने बताया कि शनिवार को नई कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। वर्तमान में अध्यक्ष पद खाली है क्योंकि पूर्व अध्यक्ष का आकस्मिक निधन हो गया था।

### 15 लाभार्थियों को निर्मित अंग किए प्रदान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** समाज सेवा में सक्रिय संस्था एक्ट ह्यूमन ने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में विशेष शिविर आयोजित किया, जिसमें 15 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीक से निर्मित कृत्रिम अंग लगाए गए। संस्था की अध्यक्ष हरलीन कौर ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया और विशेषज्ञ टीम के साथ पात्र लोगों की जांच कर उन्हें अंग प्रदान किए। प्रदेश सरकार के आयुष एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने शिविर में भाग लिया और संस्था की पहल की सराहना की। लाभार्थियों ने बताया कि ये अंग हल्के और आरामदेह हैं, जिससे वे अब अपने दैनिक कार्यों में आत्मनिर्भर महसूस कर रहे हैं। आगामी फरवरी में और एक विशाल शिविर आयोजित करने की योजना है।

### धर्मशाला में दो विशेषज्ञों ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जोनल अस्पताल में लंबे समय से रिक्त चल रहे फार्माकोलॉजी और पैथोलॉजी विभागों में स्वास्थ्य विभाग के आदेश के बाद शुक्रवार को डॉ. ईरा और डॉ. गरिमा ने क्रमशः कार्यभार संभाल लिया। फार्माकोलॉजी विभाग में विशेषज्ञ के आने से दवाओं की प्रतिक्रिया और शरीर पर उनके प्रभाव की जांच संभव होगी, जबकि पैथोलॉजी विभाग में विशेषज्ञ की उपस्थिति से सभी टेस्टों की गुणवत्ता और जांच में सुधार होगा। एसएमओ डॉ. सुनील कुमार भट्ट ने बताया कि दोनों डॉक्टरों की सेवाएं शुरू होने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। हालांकि माइक्रोबायोलॉजी विभाग का पद अभी भी रिक्त है।

### पशु औषधियोजकों को दी नवीनतम जानकारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जर्सी पशु प्रजनन प्रक्षेत्र में आईवीएफ लैब के सभागार में विस्तार पशु औषधियोजकों हेतु चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पहले चरण में किन्नौर, लाहौल-स्पीति, पांगी और भरमौर के 25 पशु औषधियोजकों को प्रशिक्षित किया गया, जबकि अन्य प्रशिक्षण में शिमला, सिरमौर, मंडी, कुल्लू, हमीरपुर और बिलासपुर से आए औषधियोजकों ने भाग लिया। अब तक कुल 100 प्रतिभागी प्रशिक्षित किए जा चुके हैं और अगले दो बैच में 50 और प्रशिक्षित होंगे। हिमाचल प्रदेश स्टेट-पशु चिकित्सा परिषद ने प्रशिक्षण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाई। कार्यक्रम का उद्देश्य कृत्रिम गर्भाधान और संबंधित स्वास्थ्य प्रबंधन की नवीनतम जानकारी देना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों की आय बढ़ सके।

### विधायक ने लोहना में सुनी जनता की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने नगर निगम वार्ड नंबर 1, लोहना का दौरा कर स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने मौके पर कई शिकायतों का समाधान किया और शेष मामलों के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। बुटेल ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र के विकास में जनभागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए खेल मैदान निर्माण और सड़कों की मरम्मत के लिए निर्देश दिए। विधायक ने आश्वस्त किया कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से पूर्ण किए जा रहे हैं।

# इंदौरा उत्सव को मिलेगा जिलास्तरीय दर्जा : सीएम

## मुख्यमंत्री सुक्खू बोले–ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त करने का लक्ष्य, किसानों की आय 20 हजार मासिक करने की योजना

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिला कांगड़ा के इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इंदौरा उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही इंदौरा उत्सव को जिलास्तरीय उत्सव का दर्जा देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। राज्य में रोजगार और स्वरोज़गार के अनेक अवसर सृजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राज्य चयन आयोग के माध्यम से विभिन्न पदों पर हजारों भर्तियां की जाएगी।सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सभी संबद्ध क्षेत्रों के समावेशी विकास के माध्यम से सशक्त कर, प्रत्येक किसान की पारिवारिक आय को कम से कम 20 हजार रुपए मासिक सुनिश्चित किया जाए। हिमाचल,



इंदौरा उत्सव के समापन समारोह में सीएम सुक्खू भेंट की गई तलवार को लहराते हुए।

देश का पहला और एकमात्र राज्य है जिसने प्राकृतिक खेती पद्धति से उगाए गए अनाज की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एंजल ऑर्फनेज होम के विद्यार्थियों से संवाद भी किया। उत्सव के दौरान प्रख्यात गायक लखविंद्र बडाली, पुलिस बैंड, लोक गायकों और अन्य सांस्कृतिक दलों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, हिमाचल प्रदेश वूल फेडरेशन के अध्यक्ष मनोज ठाकुर, पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी, पूर्व विधायक अजय महाजन, उपायुक्त हेमराज बैरवा, पुलिस अधीक्षक कुलभूषण वर्मा, कांग्रेस नेता करण पठानिया, कुलदीप कीपा, पिंकी, भूपाल कटोच, डॉली कटोच आदि और अन्य लोग मौजूद थे

### विधायक मलेंद्र ने किया सीएम सुक्खू का स्वागत

**विधायक** मलेंद्र राजन ने मुख्यमंत्री का इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में स्वागत करते हुए कहा कि इंदौरा उत्सव का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशा माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है, जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार हिमाचल को एक समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में विकसित करने के लिए पूर्ण समर्पण भाव से प्रयासरत है। विभिन्न चुनौतियों के बावजूद राज्य सरकार ने 3 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेशवासियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण फ़ैसले लिए हैं। इंदौरा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और सरकार द्वारा आरंभ की गई विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री का स्वामी जगत गिरी आश्रम भदरोया में स्वागत, कई नेता रहे शामिल



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वामी जगत गिरी आश्रम, चक्की पुल भदरोया पहुंचे। उनका स्वागत आश्रम के सेवादारों और श्री गुरु रविदास महासभा नूरपुर के प्रधान हरवंश नगला एवं उनकी टीम ने बुके भेंट और फूलमाला पहनाकर किया। मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड पीस टेंपल में माथा टेका और श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार चौधरी, विधायक मलेंद्र राजन, भिवानी पठानिया, अजय महाजन, इंडस्ट्रीज डिपार्टमेंट के वाइस चेयरमैन विशाल चौधरी और ऑल इंडिया कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी नीरज कुमार भी उपस्थित थे। सभी को स्वामी गुरदीप गिरी महाराज द्वारा सरोपा और केप पहनाकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट की जनरल सेक्रेटरी डॉ. सोमा अत्री और एमकेएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री का पौधा देकर स्वागत किया।

## शिक्षा के क्षेत्र में निजी शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान : केवल सिंह पठानिया



विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर स्थित द गाइड पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। पठानिया ने कहा कि प्रदेश में सरकारी संस्थानों के साथ-साथ निजी शिक्षण संस्थान भी शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्कूल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि गाइड पब्लिक स्कूल पिछले 36 वर्षों से शाहपुर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाएं दे रहा है।

केवल सिंह पठानिया ने विद्यालय के प्रबंध निदेशक, प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ को कुशल प्रबंधन हेतु बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर प्रगति करता रहेगा। उन्होंने घोषणा की कि आगामी शैक्षणिक सत्र में विद्यालय के प्राइमरी वर्ग के बच्चों को अपनी ओर से पानी की बोतलें भेंट की जाएंगी। साथ ही उन्होंने विज्ञान विषय को प्रोत्साहित करने हेतु विद्यालय प्रबंधन से एक वैज्ञानिक परियोजना तैयार करने को कहा, जिसके लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा तथा परियोजना के शुभारंभ अवसर पर वे स्वयं उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने इसी विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर वर्तमान में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं दे रहे 21 चिकित्सकों को सम्मानित भी किया। इसके उपरांत शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### गग्गल में दिनदहाड़े घर में चोरी, नकदी ले उड़े चोर

**अनंत ज्ञान, गग्गल।** गग्गल में उस समय सनसनी फैल गई जब गगल में चोरी की वारदात को दिनदहाड़े अंजाम दिया गया। गगल में कश्मीर से आए व्यापारी अरशद अहमद ने बताया कि सुबह 11 बजे वह अपने कमरे को ताला लगाकर सामान बेचने के लिए गए थे। वापस जब वह 1:30 बजे लौटे तो उन्होंने अपने कमरे के अंदर की सामान की एक गठरी को गेट के पास पाया जिसे देखकर वह अपने कमरे की ओर भागे। वहां पहुंचने पर उन्होंने पाया कि उनके कमरे के ताले तोड़े गए थे और कमरे के अंदर रखा हुआ सामान बिखरा पड़ा था। अपने सामान की जांच करने पर उन्होंने कमरे से 27500 की नगदी तथा अपनी गठरी में से पांच सूट चोरी हुए पाए। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यापारी के बयान को दर्ज करके मामला दर्ज कर लिया । पुलिस आसपास के सीसीटीवी खंगाल कर जल्द ही अपराधी को पकड़ लेगी। इससे पहले भी चोर गगल के आस पास कई चोरियों को इजाम दे चुके हैं लेकिन अभी तक उन चोरियों का भी कोई सुराग हाथ में नहीं लगा है।

## कांगड़ा कार्निवल सहित प्रदेश के बड़े आयोजनों में मिले हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**बाहरी कलाकारों को तरजीह देना हिमाचली युवाओं के साथ अन्याय**

भाजपा सोशल मीडिया सह-संयोजक श्रेय अवस्थी ने कांगड़ा कार्निवल और राज्य के सभी बड़े आयोजनों में हिमाचली कलाकारों को प्राथमिकता देने की मांग की। श्रेय अवस्थी ने आरोप लगाया कि सरकार कांगड़ा कार्निवल जैसे प्रमुख राज्य आयोजनों में अपने ही राज्य के युवाओं और सांस्कृतिक प्रतिभाओं की अनदेखी कर रही है और बेशर्मी से बाहरी कलाकारों को तरजीह दे रही है। उन्होंने कहा कि जब राज्य के लोग बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, ऐसे समय में हिमाचली कलाकारों की उपेक्षा करना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है और यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। अवस्थी ने सरकार को याद दिलाया कि मंडी आपदा और अन्य संकटों के दौरान हिमाचली कलाकार ही जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। उन्होंने लोगों को अपना समर्थन, उपस्थिति और भावनात्मक संबल दिया, जबकि कई तथाकथित बड़े गैर-हिमाचली गायक उस समय कहीं नजर नहीं आए। उन्होंने कहा, जो लोग कठिन समय में हिमाचल के साथ खड़े रहे, वे सम्मान, पहचान



और अवसर के हकदार हैं न कि वे बाहरी लोग जिन्हें हिमाचल सिर्फ त्योहारों और चेकों के समय याद आता है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य आयोजनों पर खर्च होने वाला पैसा हिमाचल की जनता का है और इसका लाभ सबसे पहले हिमाचली प्रतिभाओं को मिलना चाहिए, न कि बाहरी लोगों को। उन्होंने कहा कि सरकार को अवसरों का निर्यात बंद करना चाहिए। हिमाचल का पैसा हिमाचल के युवाओं को सशक्त बनाए। इन मंचों पर स्थानीय प्रतिभा का पहला अधिकार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक उपेक्षा केवल कलाकारों का अपमान नहीं है, बल्कि यह युवाओं के मनोबल और राज्य की पहचान पर भी चोट है। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह तुरंत सभी बड़े राज्य आयोजनों में हिमाचली गायकों, कलाकारों और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को अधिकतम प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करे और स्थानीय प्रतिभा को दोयम दर्जे का समझना बंद करे।

## टंबर–सलेहरा लिंक रोड वर्षों से अधूरा

### करोड़ों खर्च होने के बाद भी सड़क चलने लायक नहीं : काली दास

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** जयसिंहपुर की पंचायत टंबर से बैजनाथ की पंचायत सलेहरा को जोड़ने वाली सड़क का कार्य कई वर्षों से अधूरा पड़ा है। लिंक रोड टंबर से सलेहरा के लिए बनाया जा रहा है, उसकी हालत बहुत ही दयनीय है। करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी सड़क को अधूरा ही छोड़ दिया है। वहां पर वाहनों का चलना तो दूर लोगों के पैदल चलने में भी परेशानी है ।

इस सड़क को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्य प्रवक्ता काली दास ने कहा कि बहुत सी जगह पर काम अधूरा है और आने-जाने के काबिल नहीं है। बड़ी हैरानी की बात है कि पिछली सरकार के समय में शुरू हुआ यह कार्य वर्तमान सरकार के 3 साल के कार्यकाल पूरा हो जाने के बाद भी पूरा नहीं हुआ है। बीच में एक पुल बना दिया गया है जिसका जनता को कोई फायदा दिखाई नहीं दे रहा है जबकि उसकी राशि का भुगतान पूर्ण हो चुका है। पूर्व की सरकार में भी जयसिंहपुर और बैजनाथ सत्ताधारी दल के विधायक थे और वर्तमान में



भी दोनों विधानसभा क्षेत्रों में सत्ताधारी दल के विधायक हैं । इसके साथ ही दोनों तरफ जब स्थानीय मेले होते हैं तब भी भारी संख्या में लोग आते जाते हैं। जिसमें लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

ग्राम पंचायत सालेहरा में बाबा धाम पानी बहुत प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल है, जहां पर हर वर्ष एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। जिसमें दूर-दूर से लोग बाबा धाम पानी के दर्शन करने व प्रसाद ग्रहण करने के लिए आते हैं। परंतु आने-जाने के साधन उपलब्ध न होने के कारण बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

यदि इस सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया जाता है तो सलेहरा आने वाले लोगों के लिए और बैजनाथ जाने वाले लोगों के लिए कम से कम 20 से 25 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी और जिससे लोगों का समय और धन की बचत होगी।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की हिमाचल प्रदेश सरकार से मांग है कि इस सडक़ निर्माण को तुरंत पूरा करके जनता को समर्पित किया जाए ताकि जो जनता का धन करोड़ों रुपए इसके ऊपर खर्च कर चुके हैं उसका लाभ जनता को मिले इसके साथ ही सरकार से और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन विभाग से भी यह मांग है कि बाबा धाम पानी को धार्मिक पर्यटन से जोडक़र है वहां पर सलेहरा से टंबर और टंबर से माता आशापुरी और आशापुरी से कोसरी के लिए रोप वे का निर्माण करके इसको धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित किया जा सकता है। जिससे पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ सरकार को भी राजस्व प्राप्त होगा और लोगों को इसका लाभ प्राप्त होगा।

## सपड़ी में एसएसबी का स्थापना समारोह आज, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा के ज्वालामुखी के सपड़ी स्थित एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र सपड़ी में 20 दिसंबर को होने वाले सीमा सशस्त्र बल के स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन के चलते देहरा पुलिस ने ट्रैफिक प्लान जारी किया है। समारोह के मुख्य अतिथि की सुरक्षा व्यवस्था को



ध्यान में रखते हुए शनिवार प्रातः 11:15 बजे से लेकर जब तक केंद्रीय गृह मंत्री समारोह स्थल पर नहीं पहुंच जाते, विभिन्न मार्गों पर वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। देहरा से ज्वालामुखी की और आने वाले वाहन क्षेत्र कथोग में रोके जाएंगे। नादौन से ज्वालामुखी, कांगड़ा एवं देहरा की ओर जाने वाले वाहन गंजू दा बाग (बाईपास) पर रोके जाएंगे।

बांगडा एवं रानीताल की ओर से ज्वालामुखी, नादौन आदि की और जाने वाले वाहन सपड़ी बाईपास पर रोके जाएंगे। ज्वालामुखी से खौला, सपड़ी, खुंडियां, रानीताल आदि की और जाने वाले वाहन खिड़की पुल पर पुलिस द्वारा रोके जाएंगे। इसके अतिरिक्त दोपहर 2 बजे से लेकर जब तक मुख्य अतिथि कार्यकम उपरांत वापस प्रस्थान नहीं कर जाते, उपरोक्त सभी मार्गों पर वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

उधर, जिलाधीश कांगड़ा

### वैकिल्पक मार्गों का इस्तेमाल कर सकती जनता

**आम** जनता उपरोक्त प्रतिबंधित समय के दौरान किसी प्रकार की आपातकालीन/मेडिकल इमरजेंसी स्थिति में वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल किया जा सकता है। जिसके तहत नादौन से कांगड़ा, देहरा की और जाने वाले वाहन भड्योली चौक ,बलारडू रेन्टा, ध्वाला मार्ग से जा सकते हैं। कांगडा, देहरा से ज्वालामुखी, नादौन, हनौरपुर की ओर जाने वाले वाहन ध्वाला, रैन्टा बलारडू - भड़ोली चौक मार्ग से जा सकते हैं। ज्वालामुखी से कांगड़ा, देहरा की और जाने वाले वाहन सिहोरपाई बतारडू ध्याला मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। खुण्डियां से ज्वालामुखी की तरफ आने जाने वाले वाहन टिहरी मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। देहरा पुलिस ने यातायात प्रतिबंध के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करे तथा असुविधा से बच्चने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है।

**सुरक्षा के मद्देनजर देहरा पुलिस ने जारी किया ट्रैफिक प्लान**

हेमराज बैरबा ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के कांगड़ा दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री शनिवार को सपड़ी में सीमा सशस्त्र बल के स्थापना दिवस समारोह की अध्यक्षता करेगें और इस दौरान गृह मंत्री करीब अढ़ाई से तीन घण्टे तक रुकेंगे। उसके बाद उनका वापिस लौटने का कार्यक्रम है।

**सहायता** जसवां–प्रागपुर में जनकल्याण के कार्यों को गति दे रहे संजय पराशर

## महिला मंडल भवन के लिए दिए दो लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जसवां-प्रागपुर विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने की दिशा में कैप्टन संजय पराशर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने रोड़ी-कोड़ी पंचायत के रामनगर स्थित महिला मंडल भवन के शेड निर्माण के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। इसके साथ ही कूहना पंचायत में गत बरसात के दौरान क्षतिग्रस्त हुए एक गरीब परिवार के मकान की मरम्मत के लिए 35 हजार रुपये की राशि उपलब्ध करवाई है। स्वयं दोनों स्थानों पर पहुंचकर संजय पराशर ने संबंधित ग्रामीणों को यह आर्थिक सहयोग सौंपा। रोड़ी-कोड़ी पंचायत के वार्ड नंबर चार में स्थित महिला मंडल भवन की हालत लंबे समय से दयनीय बनी हुई थी। भवन का शेड जर्जर अवस्था में था, जिससे महिला मंडल की बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन में कठिनाइयों



संजय पराशर ने कूहना में गरीब परिवार को मकान के लिए 35 हजार रुपए दिए।

का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों और महिला मंडल सदस्यों ने इस समस्या को संजय पराशर के समक्ष रखा, जिस पर उन्होंने बिना किसी देरी के अपने निजी संसाधनों से दो लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। इस राशि से महिला मंडल भवन के शेड का निर्माण कार्य किया जाएगा, जिससे भवन को सुरक्षित और उपयोगी बनाया जा सकेगा। संजय पराशर द्वारा दी गई इस सहायता से महिला मंडल सदस्यों में विशेष उत्साह देखा गया। महिला मंडल की सदस्य मीना देवी, सुमना देवी, स्वर्ण लता, सुरेश कुमारी और संतोष कुमारी ने बताया कि यह भवन ग्रामीण महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां वे बैठकों के आयोजन के साथ स्वावलंबन से जुड़े कार्यक्रमों और सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा करती हैं।

भवन की मरम्मत और शेड निर्माण से उनकी गतिविधियों को नया बल मिलेगा। वहीं, रोड़ी-कोड़ी पंचायत के सेवानिवृत्त सूबेदार केवल सिंह, शशि कुमार, प्रवीण सिंह, जसवीर सिंह, विपिन सिंह, तरसेम सिंह और अजय कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि संजय पराशर निस्वार्थ भाव से क्षेत्र की जनता की सेवा कर रहे हैं। महिला मंडल भवन के लिए एकमुश्त बड़ी राशि उपलब्ध करवाना उनके जनसेवी दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसी तरह कूहना पंचायत के वार्ड नंबर चार में रहने वाले जगदीश सिंह का मकान पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हो गया था। आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार के लिए मकान की मरम्मत करवा पाना कठिन हो गया था। संजय पराशर ने इस स्थिति को समझते हुए 35 हजार रुपये की सहायता प्रदान की, ताकि परिवार अपने मकान की मरम्मत कर सके और सुरक्षित जीवन व्यतीत कर सके। कूहना पंचायत के निवासियों आशीष राणा और शशि ने बताया कि संजय पराशर इस पंचायत में लगातार सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि गत बरसात में क्षतिग्रस्त हुए तीन अन्य मकानों के परिवारों को भी पराशर पहले आर्थिक सहायता दे चुके हैं। इसके अलावा हाल ही में इसी गांव में उनके सहयोग से एक मेडीकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच करवाई।

## इंडिगो विमान सेवा को करना पड़ा खतरे का सामना, पक्षी बने समस्या




इंडिगो विमान सेवा के दौरान पक्षियों के कारण खतरे का सामना करना पड़ा।

**अनंत ज्ञान, गग्गल**

कांगड़ा एयरपोर्ट के पास मंडरा रहे पक्षी उस समय खतरा बन गए जब इंडिगो की फ्लाइट गगल एयरपोर्ट पर लैंड होने के लिए आ रही थी।

दोपहर के करीब 3:45 बजे इंडिगो की फ्लाइट गगल एयरपोर्ट पर जैसे ही लैंड होने आई गगल के साथ लगती खड्ड के ऊपर काफी संख्या में मंडरा रहे पक्षी फ्लाइट के बीच रास्ते में आ गए जिसके चलते फ्लाइट की सुरक्षा को लेकर खतरे की स्थिति उत्पन्न हो गई। गनीमत यह रही की फ्लाइट पूरी सुरक्षा के साथ गगल एयरपोर्ट पर लैंड कर गई। इसके बारे जब कांगड़ा एयरपोर्ट के सहायक महाप्रबंधक शैलेश सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्होंने इससे पहले भी पर्यावरण से संबंधित बैठक करके पंचायत को आदेश दिए हुए हैं।

एयरपोर्ट के साथ लगती पंचायत साफ सफाई का ध्यान रखें। अगर कोई कूड़ा कर्कट या मास इत्यादि फेंकता नजर आता है तो उस पर कार्रवाई करें। शैलेश सिंह ने कहा कि आज जो यह पक्षी मंडरा रहे थे वह इसके संदर्भ में छानबीन करवा कर प्रशासन से इसके लिए स्टिक कदम उठाने को कहेंगे ताकि ऐसी खतरे की स्थिति दोबारा न बने।

## न्यूज ब्रीफ

### देयोली में टिप्पर की चपेट में आया व्यक्ति, मौत

**अनंत ज्ञान, बरमाणा।** थाना बरमाणा के अंतर्गत गांव देयोली के पास वीरवार शाम करीब 6.30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। टिप्पर नंबर हि प्र 28 बी 2363 ने पैदल जा रहे व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान राजेंद्र कुमार पुत्र किरपा राम, निवासी गांव व डाकघर देयोली, तहसील सदर, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) के रूप में हुई है। हादसे के समय टिप्पर को पंकज कुमार पुत्र बीरबल राम, निवासी गांव कुराडा, डाकघर सेहली, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी (उम्र 24 वर्ष) चला रहा था। हादसे के तुरंत बाद घायल राजेंद्र कुमार को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर ले गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर आवश्यक आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

### झंडूता में तहसीलदार विपिन ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल में तहसीलदार के पद पर विपिन शर्मा ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। पदभार संभलने के बाद तहसीलदार विपिन शर्मा ने बताया कि वे पहले केलांग में अपनी सेवाएं दे रहे थे। प्रदेश सरकार के आदेशानुसार अब उन्हें झंडूता का कार्यभार सौंपा गया है और आज से उन्होंने औपचारिक रूप से पदभार संभाल लिया है। विपिन शर्मा ने अपनी प्राथमिकताओं के बारे में बताते हुए कहा कि तहसील से जुड़े सभी कार्यों में तेजी लाई जाएगी, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि पारदर्शी और त्वरित प्रशासन प्रदान करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह लोगों के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। वहीं, इस नियुक्ति से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि तहसील स्तर पर लंबित उनके कार्यों का अब शीघ्र निपटारा होगा।

### दिव्यांग कल्याण संघ ने सीएम के समक्ष रखीं मांगें

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर का प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रधान विनोद कुमार व महासचिव रचना कुमारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री से दिव्यांगों की मांगों को लेकर मिला। संघ ने दिव्यांगजनों 40 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बिना किसी शर्त के गुजारा राहत भत्ता देने की नोटिफिकेशन जारी करने व पैरा स्पोर्ट्स को स्पोर्ट्स पॉलिसी में शामिल करने के लिए किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद। दिव्यांगजनों की मांगों को लेकर दिया ज्ञापन दिव्यांगजनों को हिम बस कार्ड के दायरे से रखा जाए बाहर सिर्फ यूडीआई कार्ड को किया जाए मान्य सहारा पेंशन जो काफी महीने से लंबित है, उसे शीघ्र पात्रों के खाते में डाला जाए, दिव्यांजनों को संतोषजनक गुजारा पेंशन भत्ता दिया जाए और हर माह दिया जाए। सभी विभागों में बैकलॉग की जितनी भी पोस्टें शेष है, उन्हें शीघ्र भरा जाए। प्रतिनिधिमंडल में सहसचिव हेमलता कोषाध्यक्ष रेणु कुमारी,ब्रह्मदास सुमन देवी गीता देवी राकेश कुमार सहित अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

### जुखाला में आपदा प्रबंधन पर करवाई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुखाला में आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल का अभ्यास विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस मॉकड्रिल का संचालन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल सलापड जिला मंडी के एएसआई सुनील कुमार चैहान ने किया। उन्होंने बच्चों को किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव, आपदा के प्रकार, खोज एवं बचाव, निकासी, प्राथमिक चिकित्सा, आग लगने के प्रकार तथा आग को बुझाने के उपाय आग से सुरक्षा, पानी से सुरक्षा, भूकंप से बचाव आदि के बारे में बच्चों के साथ प्रयोग सहित बताया। इस मॉकड्रिल में विद्यालय के लगभग 500 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन प्रभारी जोगिंद्र कुमार शर्मा तथा विद्यालय के सभी अध्यापक, प्राध्यापक और अन्य उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य ने एनडीआरएफ टीम का धन्यवाद किया तथा सभी बच्चों से आपदा के समय विवेक और समझ से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### रट गांव में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा लखनपुर द्वारा शुक्रवार को गांव रट में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में उपस्थित व्यक्तियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं, जो कि बैंक द्वारा या नाबार्ड द्वारा प्रायोजित है, की जानकारी दी गई। लोगों को जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पशुपालन एसशक्त महिला ऋण योजना, सपनों का संचय इत्यादि योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही डिजिटल बैंकिंग की भी जानकारी दी गई जोकि बैंक की हिम पैसा एप, गूगल पे, फोन पे, एटीएम आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर बैंक की तरफ निक्षुंज शर्मा सहायक प्रबंधक, अंतरिक्ष लिपिक तथा ग्राम रट के निवासी विशेष रूप से उपस्थित रहे । कैंप में लोगों को साइबर ठगों से सावधान रहने का भी आह्वान किया गया और उन्हें अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं देने की सलाह दी गई।

### झंडूता कॉलेज में बताए एनएसएस के उद्देश्य

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में एनएसएस इकाई के द्वारा सात दिवसीय शिविर का आरंभ किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रोफेसर जगवीर चंदेल ने शिरकत की। इस शिविर का शुभारंभ एनएसएस प्रभारी डॉक्टर प्रतीक देसवाल के सौजन्य करवाया जा रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 40 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। मुख्यातिथि प्रो. जगवीर चंदेल ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को एनएसएस की संपूर्ण पृष्ठभूमि से अवगत कराया तथा एनएसएस के निर्माण और इसके उद्देश्यों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय कुमार ने विद्यार्थियों को सात दिवसीय शिवर के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के समापन पर सह - प्राचार्य प्रो. सतीश चंदेल ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आनंद घाट-अमरोहा लिंक रोड की हालत दयनीय

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** आनंद घाट से अमरोहा को जोड़ने वाली लिंक रोड की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। स्थानीय निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि इस सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं, जो बरसात के मौसम में पानी से भर जाते हैं। इससे न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि पैदल यात्रियों के लिए भी यह रास्ता खतरनाक बन गया है। हाल ही में हुई बारिश से सड़क साइड से पूरी तरह उखड़ गई है। कुलदीप ने प्रशासन और संबंधित विभाग से इस सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात में गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। विभाग को शीघ्र कार्रवाई कर इस सड़क को दुरुस्त करना चाहिए। इस मार्ग की वर्तमान स्थिति से रोजमर्रा की आवाजाही में भारी असुविधा हो रही है। वहीं, कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग झंडूता महेंद्र सिंह ने बताया कि वह जल्द लिंक रोड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जो भी उचित कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

# घुमारवीं में होगी अंडर-19 गर्ल्स हैंडबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता : धर्माणी

## चैंपियनशिप में देशभर के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें लेंगी हिस्सा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आगामी वर्ष फरवरी माह में घुमारवीं में हैंडबॉल अंडर-19 छात्रा वर्ग की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें हिस्सा लेंगी। राजेश धर्माणी ने यह जानकारी शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में जन समस्याएं सुनने के दौरान दी। उन्होंने कहा कि 1 से 5 फरवरी 2026 को घुमारवीं में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत हैंडबॉल अंडर-19 बालिका वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी निदेशालय स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश द्वारा की जा रही है।



घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण करते नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भाग लेंगी। राजेश धर्माणी ने कहा कि यह हिमाचल प्रदेश ही नहीं बल्कि जिला बिलासपुर के साथ-साथ घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बड़े खेल आयोजन से न केवल घुमारवीं क्षेत्र के युवाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों में खेल संस्कृति को बल मिलेगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर खेल दृष्टिकोण से घुमारवीं को एक अलग पहचान भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि घुमारवीं में इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं के परिसर में किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने जन समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए।

### मंत्री ने विकासात्मक कार्यों का भी किया निरीक्षण

**मंत्री** राजेश धर्माणी ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध सभी दिए। उन्होंने इस दौरान बहुउद्देशीय खेल परिसर तथा कौशल विकास केंद्र के निर्माण संबंधित कार्यों की संबंधित विभागीय अधिकारियों से जानकारी हासिल की तथा इन निर्माण कार्यों में शीघ्रता लाने के निर्देश दिए।

# पानी के बिलों में बढ़ोतरी लोगों की जेब पर डाका : कमल गौतम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार ने शहरी जनता की जेब पर सीधा डाका डालते हुए घरेलू पानी के बिलों में लगभग 300 प्रतिशत तक की बेतहाशा बढ़ोतरी कर दी है। व्यवस्था परिवर्तन और झूठी गारंटियों के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार का असली चेहरा अब पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। भाजपा जिला प्रवक्ता एवं नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि जिस घरेलू उपभोक्ता का पानी का बिल पहले मात्र 137 रुपए प्रति माह आता था, उसे अब बढ़ाकर 447.07 रुपए प्रति माह कर दिया गया है।



झूठी गारंटियों के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब

पहले से ही महंगाई की मार झेल रही आम जनता पर यह फैसला सीधा आर्थिक हमला है। कमल गौतम ने कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी से स्पष्ट हुआ है कि पानी के मीटरों के ठीक से कार्य न करने का खामियाजा जनता से वसूला जा रहा है, जबकि मीटरों को दुरुस्त करवाना सरकार और जल शक्ति विभाग की जिम्मेदारी है। सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए जनता को सजा दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए रेवड़ियों की तरह पद बांट रही है और अब उसी का खर्च आम नागरिकों से वसूला जा रहा है। यह सरकार जनसेवा नहीं, बल्कि हर विभाग को कमाई का साधन बना चुकी है। कमल गौतम ने कहा कि लोकतंत्र में सरकार का दायित्व लोगों को सस्ती दरों पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना होता है, लेकिन वर्तमान सरकार हर जगह मुनाफा तलाश रही है और नए.नए हथकंडे अपनाकर जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। ऐसी जनविरोधी नीतियों का हिसाब जनता आने वाले समय में जरूर चुकता करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से लोकहित में घरेलू पानी के बिलों में की गई वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह फैसला वापस नहीं लिया तो भाजपा जनता के हित में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

# भाखड़ा में भरे जाएंगे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और हेल्पर के पांच पद

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर सत्या ठाकुर ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त 5 पदों को भरा जाना है, जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 तथा सहायिकाओं के 3 पद शामिल हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद ग्राम पंचायत भाखड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र भाखड़ा-2, ग्राम पंचायत ग्वालथाई के आंगनबाड़ी केंद्र समतेहण-1 में भरा जाएगा। आंगनबाड़ी सहायिकाओं के एक-एक पद को ग्राम पंचायत मंडयाली के आंगनबाड़ी केंद्र निमावाली, ग्राम पंचायत दबट के आंगनबाड़ी केंद्र दबट-1 तथा आंगनबाड़ी केंद्र दबट-3 में भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के इन पदों के लिए प्रार्थी संबंधित आंगनबाडी केंद्र द्वारा लाभान्वित सर्वे क्षेत्र तथा हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए। इन पदों के लिए प्रार्थी 2 जनवरी सायं 5 बजे तक अपना आवेदन सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित कार्यालय में जमा करवा सकते है। पदों के लिए साक्षात्कार 6 जनवरी को प्रातः 10 बजे एसडीएम कार्यालय श्री नयना देवी स्थित स्वारघाट में लिया जाएगा।

# एचआरटीसी पेंशनर्स को आयु के आधार पर भुगतान गलत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने एचआरटीसी के पेंशनर्स को पेंशन के भुगतान के लिए अपनाए जा रहे मापदंडों की कड़ी आलोचना की है। संगठन का कहना है सभी पेंशनर्स को एक साथ पेंशन देने के बजाए आयु के आधार पर इसका भुगतान किया जा रहा है। यह सरासर गलत है। संगठन ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए परिवहन निगम में जरूरत से अधिक अधिकारियों को जबरन रिटायर करने की वकालत भी की है। शुक्रवार को संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेमलाल ठाकुर की





अध्यक्षता में जिला मार्केट कमेटी के सभागार में आयोजित बैठक में महासचिव किशोरीलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष पवन चंदेल तथा अन्य पेंशनर्स के साथ ही संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक चेतराम वर्मा ने भी विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक में कहा गया कि एचआरटीसी के 65 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को पेंशन जारी कर दी गई है, लेकिन उससे कम आयु के पेंशनर अभी भी इसकी राह देख रहे हैं। आखिर यह मापदंड किस आधार पर लागू किए गए हैं। बेहतर होगा कि सभी पेंशनर्स को एक साथ पेंशन दी जाए और हर माह की पहली तारीख को इसका भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

एचआरटीसी के पेंशनर को महंगाई भत्ते तथा एक जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर मिलना तो दूर, उनके मेडिकल बिलों का भुगतान तक नहीं हो रहा है। सरकार बात-बात पर आर्थिक तंगी का रोना रोती है। यदि ऐसा है तो रोने के बजाए वित्तीय हालत सुधारने के लिए जमीनी स्तर पर कदम उठाए जाने चाहिए। एचआरटीसी में अधिकारियों की फौज खड़ी कर दी गई है। जरूरत से अधिक अधिकारियों को जबरन रिटायर किया जाए, ताकि सरकार का आर्थिक बोझ कम हो सके।

# एमबीएस इंटेलेक्चुअल्स घुमारवीं के शिव मंथन पुणे में करेंगे इंजीनियरिंग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

शिव मंथन पुत्र चमन लाल गांव अमरपुर तहसील घुमारवीं का चयन भारतीय सेना की इंजीनियरिंग कोर में तकनीकी प्रवेश योजना (टीईएस-54) से हुआ है। शिव मंथन का चयन यूपीएससी के द्वारा सोर्टलिस्टींग होने पर सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड इलाहाबाद के 14 एसएसबी द्वारा अनुशंसित होकर मेरिट लिस्ट में आया है। वर्तमान समय में वह एनआईटी हमीरपुर से



बीटेक कर रहा था। अब तीन साल की पढ़ाई कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग पुणे से होने के बाद एक वर्ष का प्रशिक्षण आईएमए देहरादून में होगा। आईएमए देहरादून से इन्हें भारतीय सेना की इंजीनियरिंग कोर में कमीशन कर लेफ्टिनेंट के पद पर तैनात किया जाएगा। शिव ने इंटरव्यू की तैयारी एमबीएस इंटेलेक्चुअल्स घुमारवीं से की थी, जहां उन्होंने इंटरव्यू की बारीकियां सीखने के साथ व्यक्तित्व विकास भी किया। शिव मंथन के चयन की खुशी दर्शाते हुए संस्थान के फाउंडर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर भूपेंद्र सिंह जस्वाल ने उन्हें एवं उनके माता-पिता को बधाई दी।

### हार्मनी ऑफ हिमालयाज म्यूजिक अकादमी ने रौड़ा सेक्टर में कराया कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** लोक संस्कृति को जीवित रखने तथा अगली पीढ़ी को हस्तांतरित करने के नेक उद्देश्य से काम कर रही हार्मनी ऑफ हिमालयाज म्यूजिक अकादमी द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन रौड़ा सेक्टर ऑडिटोरियम के सामने संस्थापक नरेंद्र दत्त शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश की गूढ़ एवं समृद्ध संस्कृति पहाड़ी लोक गीतों को सहेजना एवं प्रदर्शित करना था, जिसे दिग्गज कलाकारों द्वारा बखूबी निभाया गया। खास बात यह रही कि यह कार्यक्रम भोजनावकाश को छोड़ करीब दस घंटे चला, जो वास्तव में एक रिकॉर्ड है।

# प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल : त्रिलोक जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की परिचय बैठक शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रचना ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर, श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री कमलेश कुमारी, सीमा चंदेल महाजन तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने महिला मोर्चा द्वारा आगामी समय में चलाए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी और संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।



सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार अपने पूरे कार्यकाल में हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिन उम्मीदों के साथ सरकार को सत्ता सौंपी थी, वे आज पूरी तरह टूट चुकी हैं। विकास, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकार की कार्यप्रणाली निराशाजनक रही है। प्रदेश में विकास कार्य ठप पड़े हैं तथा सड़कों, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। प्राकृतिक आपदाओं के समय सरकार की तैयारियां और राहत कार्य पूरी तरह नाकाम रहे हैं। वहीं, प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष डॉ. डेजी ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान महिलाओं के हितों, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है और सरकार द्वारा किए गए वादे आज भी अधूरे हैं। डॉ. डेजी ठाकुर ने कहा कि महिला सुरक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही।

## सुन्हाणी-शेर सड़क पर ट्रैफिक जाम से स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा परेशान

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र को झंडूता से जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर इन दिनों भारी ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। यह सड़क सुन्हाणी-शेर चौक तक जाती है। सड़क किनारे पड़ी मिट्टी को उठाने में लगे ट्रक और अन्य भारी वाहनों की वजह से मार्ग पर लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे आम जनता विशेषकर स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसों और वाहनों को गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मिट्टी उठाने वाले वाहन सड़क पर ही लोडिंग कर रहे हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और दोनों तरफ से आने जाने वाले वाहनों को रुकना पड़ता है। इससे रोजाना घंटों का जाम लग रहा है। एक निजी स्कूल बस के चालक वासुदेव ने बताया कि 'हर दिन 15 से 20 मिनट तक सड़क पर रुकना पड़ता है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि मिट्टी उठाने का कार्य ऐसे समय पर किया जाए जब ट्रैफिक कम हो या वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि जाम से राहत मिल सके।

# सरयून खास में खोला जाए पटवारखाना : राजेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

पूर्व सैनिक राजेश ठाकुर ने क्षेत्र की जनता की ओर से सरयून खास में पटवारखाना खोलने की मांग जिला प्रशासन और सरकार से उठाई है। प्रेस को जारी बयान में राजेश ठाकुर ने कहा कि सरयून खास क्षेत्र में कुल 7 पलंगरियां शामिल है, जिनकी आबादी लगभग 1500 है, लेकिन आज भी लोगों को भूमि से जुड़े छोटे-छोटे कार्यों के लिए करीब बीस किलोमीटर दूर कुंहमंझवाड़ जाना पड़ता है। लोगों को जमीन से संबंधित कार्य जैसे नकल, जमाबंदी, ततिमा आदि के लिए कुंहमंझवाड़ का सफर करना पड़ता है जिससे धन और समय दोनों की बर्बादी होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, पूर्व विधायक, जिला राजस्व अधिकारी, उपायुक्त बिलासपुर को ई-मेल के माध्यम से जनता की इस समस्या को प्रेषित किया है।

सीएम, राजस्व मंत्री व प्रशासन को भेजी मेल

**आस्था के प्रतीक** जैसे-जैसे झील का पानी उतर रहा, वैसे-वैसे दिखाई देने लगे धार्मिक आस्था के प्रतीक

# जलस्तर कम होते ही गोबिंदसागर से झांकने लगे प्राचीन मंदिर

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** गोबिंदसागर झील का जलस्तर इन दिनों तेजी से घटने लगा है। जैसे-जैसे झील का पानी उतर रहा है, वैसे-वैसे इतिहास और आस्था के वे अध्याय फिर से सामने आने लगे हैं, जो दशकों से जल समाधि में थे। झील के किनारों और भीतर बसे कई प्राचीन मंदिर अब पानी से बाहर दिखाई देने लगे हैं। यह दृश्य न केवल आश्चर्यचकित करने वाला है, बल्कि पुराने बिलासपुर की स्मृतियों को भी जीवंत कर रहा है।



भाखड़ा बांध के निर्माण के बाद अस्तित्व में आई गोबिंदसागर झील ने अपने भीतर पुराने बिलासपुर शहर, गांवों, मंदिरों और सभ्यता की अनेक निशानियों को समेट लिया था। उस समय विकास की कीमत पर आस्था के कई केंद्र जलमग्न हो गए। स्थानीय लोग आज भी बताते हैं कि जिन मंदिरों के दर्शन के लिए कभी दूर-दूर से श्रद्धालु आते थे, वे हर वर्ष कुछ समय के लिए जल से बाहर आकर मानो अपनी मौजूदगी का एहसास कराते हैं। झील का जलस्तर कम होते ही पत्थरों से बने इन प्राचीन मंदिरों की दीवारें, शिखर और चौखटें साफ दिखाई देने लगी हैं। कुछ मंदिरों में अब भी देवी-देवताओं की आकृतियां, नक्काशी और शिलालेख नजर आते हैं, जो तत्कालीन स्थापत्य कला की गवाही देते हैं। कई श्रद्धालु इन स्थलों तक पहुंचकर पूजा-अर्चना भी करने लगे हैं, हालांकि प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, पुराने बिलासपुर में इन मंदिरों की अत्यधिक मान्यता थी। विवाह, संतान प्राप्ति, फसल और मनोकामना पूर्ति के लिए लोग यहां मन्नतें मांगते थे। खास पर्वों और मेलों के दौरान इन मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ती थी। जब भाखड़ा बांध बना और क्षेत्र जलमग्न हुआ, तब लोगों ने भारी मन से इन मंदिरों को विदा दी थी। मान्यता है कि ये मंदिर हर वर्ष जल समाधि लेते हैं और फिर कुछ समय के लिए दर्शन देकर दोबारा झील की गोद में समा जाते हैं।

इतिहासकारों का मानना है कि गोविंद सागर झील के भीतर मौजूद ये मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि तत्कालीन सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन के भी महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। इनसे उस दौर की जीवनशैली, आस्था और स्थापत्य परंपराओं की जानकारी मिलती है। यदि इनका वैज्ञानिक सर्वेक्षण और संरक्षण किया जाए, तो यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन और विरासत अध्ययन का बड़ा केंद्र बन सकता है। जलस्तर घटने की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्रों से लोग इन मंदिरों को देखने पहुंचने लगे हैं। कई युवा पहली बार इन स्थलों को देखकर अपने बुजुर्गों से पुराने बिलासपुर की कहानियां सुन रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी इन उभरते मंदिरों की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

हालांकि विशेषज्ञ यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि जलस्तर में अत्यधिक गिरावट जल संकट की ओर भी इशारा करती है। गोबिंदसागर झील न केवल आस्था और इतिहास की धरोहर है, बल्कि बिजली उत्पादन, सिंचाई और पेयजल का महत्वपूर्ण स्रोत भी है। इसलिए जल संरक्षण और संतुलित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है।

# कल्याण गोसदन धार टटोह में डीसी ने कार्यालय और शेड का किया उद्घाटन

## गोसदन में स्वच्छता, बेहतर देखभाल एवं सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

धार टटोह में स्थित जिला के सबसे बड़े कल्याण गोसदन का उपायुक्त राहुल कुमार ने शुक्रवार को दोपहर बाद दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने बतौर मुख्यातिथि सदन परिसर में शिरकत करते हुए नवनिर्मित कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया तथा गोवंश के लिए बनाए गए शेड का भी शुभारंभ किया।

कार्यक्रम बीडीटीएस प्रबंधन के चेयरमैन लेखराम वर्मा एवं प्रधान नीलम चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उपायुक्त ने गोसदन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण के दौरान गऊयों को पिन्नी, व गुड़ भी खिलाया। उन्होंने संचालकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोसंरक्षण व संवर्धन में समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्तमान में गोसदन में 350 से अधिक बेसहारा गायों का पालन-पोषण किया जा रहा है। उपायुक्त ने गोसदन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए स्वच्छता, बेहतर देखभाल एवं सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए।

### उपायुक्त कार्यालय में टीबी पर अहम बैठक आयोजित

**बिलासपुर।** उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की टीम और जिला प्रशासन के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से संयुक्त निदेशक राजेश गुलेरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला बिलासपुर को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार की वचनबद्धताओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई तथा आगे की कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में जिला स्तर पर अधिक से अधिक निक्षय शिविर आयोजित करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए गए। इसके अतिरिक्त टीबी के मामलों की प्रभावी पहचान के लिए आईटी टूल्स के अधिकतम उपयोग पर भी बल दिया गया। निजी क्षेत्र के अस्पतालों एवं चिकित्सकों को केंद्र स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइंस के अनुरूप इस अभियान में अधिक से अधिक शामिल करने पर चर्चा की गई।

# हरि नाम संकीर्तन के साथ चंबा से वृंदावन धाम के लिए यात्रा रवाना



हरि नाम संकीर्तन के साथ चंबा से वृंदावन धाम के लिए रवाना होते भक्त।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

गोलोक एक्सप्रेस के माध्यम से शुक्रवार को चंबा से वृंदावन धाम की पावन यात्रा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ रवाना हुई। इस अवसर पर सरोल, भद्रम, भलेई और मंगला क्षेत्रों से आए भक्तों ने हरि नाम संकीर्तन करते हुए पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

यात्रा से पूर्व भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नई उमंग और नए उत्साह के साथ इस आध्यात्मिक यात्रा का शुभारंभ किया। जयकारों और संकीर्तन के बीच भक्तों के चेहरों पर वृंदावन धाम के दर्शन की अनुपम खुशी स्पष्ट रूप से झलक रही थी। इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने इस पावन यात्रा के सफल आयोजन के लिए गोलोक एक्सप्रेस का आभार व्यक्त किया और इसे आध्यात्मिक जागरण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम 23 से

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने बताया कि सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रमों का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके तहत 21 दिसंबर को सामुदायिक भवन सलूणी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की निरंतरता में 22 दिसंबर को बाथरी, बैरागढ़, लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह सिहुन्ता और भरमौर में कार्यक्रम होंगे। 23 दिसंबर को भटियात विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत गगार और लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह ककीरा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन जिला मुख्यालय चंबा में सुशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर कार्यशाला भी होगी। 24 दिसंबर को कार्यक्रम मैहला में आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त ने कहा कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का शीघ्र, सरल और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

### ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता शिविर शुक्रवार को ग्राम ककीरा, क़स्बा कालूगंज में आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता राज्य सहकारी बैंक शाखा ककीरा के प्रबंधक अनिक ने की। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बैंक की जनकल्याणकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के लाभ और पात्रता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर में स्टैंड अप योजना के माध्यम से स्वरोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण के अवसरों की जानकारी भी दी गई। अंत में उपस्थित लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई और ग्रामीणों ने शिविर को उपयोगी बताते हुए बैंक और नाबार्ड का आभार व्यक्त किया।

### 12 विद्यार्थियों को 4,32,000 की छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, पधर।** असेंट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पधर के 12 मेधावी विद्यार्थियों को भारत सरकार के नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल (हस्क) के माध्यम से कुल 4,32,000 की छात्रवृत्ति स्वीकृत हुई है। यह सम्मान विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दीक्षा ठाकुर, इशिता, कृषिका ठाकुर, नमन ठाकुर, रमन वर्गट, यश गुलेरिया, इशिका ठाकुर, मनीषा, शानवी, जतिन, मोहित कुमार और सौरव शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह चौहान ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। पिछले वर्ष भी 21 विद्यार्थियों ने यह प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति प्राप्त की थी, जो स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता और निरंतर उत्कृष्टता को दर्शाता है।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**आदर्श, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घीड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य दिलीप सिंह ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल ने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि लाल सिंह कौशल ने पाठशाला परिसर में स्टेज निर्माण के लिए 1 लाख तथा पाठशाला की सुरक्षा दीवार के लिए 3.70 लख रुपए की धनराशि स्कूल प्रबंधन को जिला प्रशासन के माध्यम से दिलाने का आश्वासन दिया।

### जोगिंद्रनगर बाजार में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत उपमंडल जोगिंद्रनगर-1 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों 11 केवी लाइन की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 21 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत बोर्ड के सहायक अभियंता रमेश सकलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 दिसम्बर को सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक जोगिंद्रनगर बाजार, ढेलू, मकडैना, काथला, टटानका, गरोडू व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस अवधि के दौरान सहयोग की अपील की है, साथ ही असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### सोझा गांव में तेंदुए के हमले से कुत्ता घायल

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह क्षेत्र के सोझा गांव में गुरुवार रात करीब 9 बजे तेंदुए ने गांव में दहशत फैला दी। ग्रामीण देवी राम कौण्डल के घर के पास कुत्ते पर अचानक हमला हुआ। परिवार ने शोर मचाया, तो तेंदुआ कुत्ते को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। शोर मचाने से कुत्ते की जान बच गई, लेकिन पूरी घटना ने गांव में भय का माहौल बना दिया। जिस स्थान पर हमला हुआ, वहीं से रोजाना स्कूल जाते बच्चों सहित ग्रामीणों का आवागमन होता है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है और चेतावनी दी है कि समय पर कार्रवाई न हुई तो भविष्य में मानव जीवन के लिए खतरा हो सकता है। रात में लोग घरों से बाहर निकलने और बच्चों को अकेले भेजने से डर रहे हैं।

### आधार-मोबाइल सीडिंग के लिए चलेगा अभियान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के एसडीएम मनीश चौधरी ने सभी पंचायतों में भूमि मालिकों के आधार और मोबाइल नंबर की सीडिंग हेतु विशेष अभियान की घोषणा की है। इसका उद्देश्य भूमि स्वामियों की पहचान सत्यापित कर सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना, फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाना और डिजिटल भूमि प्रशासन प्रणाली यूएलपिन के माध्यम से सेवाओं को सरल व पारदर्शी बनाना है। भूमि मालिक किसी भी कार्य दिवस में पटवारी के पास या मासिक लोक अदालत के दौरान यह प्रक्रिया करवा सकते हैं। लडभड़ोल तहसील में अभियान के तहत 19 दिसंबर को पंजालग, 20 दिसंबर को पंडोल, 22 दिसंबर को बनान्दर और 24 दिसंबर को लडभड़ोल पंचायत में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम ने सभी से समय पर सुविधा लेने की अपील की है।

### एसिड समेत 20 खतरनाक पदार्थों पर सख्ती

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** पॉयजन एक्ट, 1919 के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित 'हिमाचल प्रदेश पॉयजन एंड सेल ऑफ पॉयजनस सबस्टेंस रूल्स, 2014' को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। हाल ही में प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में विषाक्त पदार्थों के दुरुपयोग की घटनाओं के सामने आने के बाद सरकार ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि जन सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकारी निर्देशों के अनुसार कुल 20 प्रकार के खतरनाक रासायनिक पदार्थ पॉयजन श्रेणी में शामिल हैं, जिनमें एसिड प्रमुख है। ये पदार्थ आमतौर पर स्कूलों की प्रयोगशालाओं, स्वर्णकारों की दुकानों, बैटरी रिपेयरिंग कार्य और औद्योगिक इकाइयों में उपयोग किए जाते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस इनका बिक्री, खरीद या भंडारण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि इनका गलत उपयोग मानव जीवन और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है।

# भूस्खलन की जद में अलमी गांव

## जान-माल पर खतरा, ग्रामीणों ने माल-मवेशियों सहित पुनर्वास की उठाई मांग

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

चंबा जिला के विकास खंड मैहला अंतर्गत ग्राम पंचायत खुर्देल के अलमी गांव पर आपदा का साया लगातार गहराता जा रहा है। वर्ष 2018 और फिर अगस्त 2025 में हुई भारी बारिश के बाद गांव गंभीर भूस्खलन की चपेट में आ चुका है। लगातार हो रहे भू-स्खलन से गांव की जमीन दरक रही है, जिससे ग्रामीणों के घर, रास्ते और पशुशालाएं खतरे में आ गई हैं। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि कई परिवार अपने माल-मवेशियों सहित गांव छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

इस गंभीर समस्या को लेकर शुक्रवार को अलमी गांव के ग्रामीणों ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग की। ज्ञापन बलोठ ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान देवराज की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में



अलमी गांव के ग्रामीण उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग करते हुए।

सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2018 में हुए भूस्खलन से दर्जनों मकानों को भारी नुकसान पहुंचा था, जबकि अगस्त 2025 की मूसलाधार बारिश ने स्थिति को और भी भयावह बना दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में गांव में रहना जान-माल के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ऐसे में प्रशासन से मांग की गई है कि उन्हें किसी सुरक्षित सरकारी भूमि पर बसाया जाए, ताकि वे अपने परिवारों के साथ-साथ अपने माल-मवेशियों को भी सुरक्षित रख सकें। ग्रामीणों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिस असुरक्षित भूमि को वे छोड़ना चाहते हैं, उसे सरकार को सौंपने के लिए वे पूरी तरह तैयार हैं। पूर्व प्रधान देवराज ने प्रशासन से आग्रह किया कि अलमी गांव के लिए शीघ्र सुरक्षित स्थान चिन्हित कर पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि किसी अनहोनी से पहले ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मानवीय आधार पर त्वरित कार्रवाई की अपील करते हुए कहा कि अब देरी उनकी जान पर भारी पड़ सकती है।

## सुरक्षा के प्रति बच्चों को किया सशक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भटियात उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ददरियाड़ा में 19 दिसंबर को चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा बच्चों, शिक्षकों और स्टाफ के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य दलजीत सिंह ने की। चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला परियोजना समन्वयक कपिल शर्मा ने बच्चों को टोल-फ्री नंबर 1098 की कार्यप्रणाली और बाल अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह, बाल मजदूरी, नशाखोरी, बाल तस्करी, बाल यौन शोषण और सोशल मीडिया के दुरुपयोग के खतरे से बचाव के तरीकों पर बच्चों को जागरूक किया। साथ ही स्कूल छोड़ चुके बच्चों को मुख्यधारा में लाने तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 175 विद्यार्थियों ने भाग लिया और कार्यकारी प्रधानाचार्य ने इसे सभी के लिए उपयोगी बताया।

## चंबा में भ्रामक प्रचार के खिलाफ हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** देवभूमि हिमाचल के शांतिपूर्ण जिले चंबा में अफवाहों और भ्रामक प्रचार का गंभीर खतरा सामने आया है। इसी चिंता के चलते सामाजिक संस्था 'प्रयास-एक जरिया' ने उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर जिले की शांति और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। संस्था ने चेताया कि कुछ असामाजिक तत्व सोशल मीडिया पर भड़काऊ और भ्रम फैलाने वाला कंटेंट साझा कर रहे हैं, जो चम्बा के भाईचारे और शांतिपूर्ण छवि पर हमला है। ज्ञापन में पत्रकारिता के पेशेवर आचार-संहिता का पालन सुनिश्चित करने और सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखने की भी मांग की गई है। संस्था ने जन-जागरूकता अभियान चलाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## रास्ता रोककर की मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस थाना सिहुंता में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। अभियोग संख्या 85/25 के तहत यशवंत सिंह और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, जब वह सड़क पर अपने दोस्तों से बात कर रहा था, तभी आरोपी वहां आए, उनका रास्ता रोका, अपशब्दों का प्रयोग किया, उन्हें पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस अन्वेषण जारी रखे हुए है। इस मामले पर पुलिस जांच कर रही है।

## मजदूर विरोधी नीतियों पर केंद्र सरकार को घेरा

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शुक्रवार को सीटू जिला कमेटी चम्बा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिताओं में तब्दील करने और मनरेगा कानून को बदलने के फैसले के खिलाफ चम्बा उपायुक्त कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से मजदूरों ने सरकार की नीतियों को मजदूर-विरोधी बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज करवाया। सीटू नेताओं ने कहा कि देश और दुनिया के मजदूरों ने लंबी लड़ाइयों और कुर्बानियों के बाद आठ घंटे काम करने का अधिकार हासिल किया था, लेकिन नई श्रम संहिताओं के जरिए इसे बढ़ाकर बारह घंटे कर दिया गया है। स्थायी रोजगार की जगह अल्पकालिक और निश्चित अवधि के रोजगार को बढ़ावा देकर युवाओं को असुरक्षित भविष्य की ओर धकेला जा रहा है। महिलाओं से रात में काम लेने का प्रावधान कर उनके हितों और सुरक्षा के साथ भी समझौता किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नई श्रम संहिताओं का असली मकसद उद्योगपतियों, कंपनियों और ठेकेदारों को फायदा पहुंचाना और मजदूर वर्ग को कमजोर करना है।

## टीबी, एनीमिया व कुपोषण की जांच के साथ स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई



**अनंत ज्ञान, चंबा**

ग्राम पंचायत भजोतरा के गांव मटवाड़ में स्वास्थ्य विभाग ने अनाथ बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य का मूल्यांकन करना और गंभीर बीमारियों जैसे टीबी, एनीमिया और कुपोषण की पहचान करना था।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार के निर्देशन में डॉ. रोजा, हेल्थ एजुकेटर, टीबी सुपरवाइजर, सीएचओ और आशा वर्कर्स ने सक्रिय भूमिका निभाई। टीम ने बच्चों और अभिभावकों

**▶ मटवाड़ में अनाथ बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर**

को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व के बारे में जानकारी दी।

इस पहल से बच्चों के स्वास्थ्य का मूल्यांकन हुआ और उनके बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। ऐसे अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की भलाई और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरक हैं।

## तुन्नूहट्टी नाके पर 16 पेटी अवैध शराब बरामद की

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** चंबा पुलिस ने पंजाब और हिमाचल की सीमा पर स्थित तुन्नूहट्टी में रात्रि नाकाबंदी के दौरान मंडी की गाड़ी से 16 पेटी देसी और विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी आयुष पराशर (26 वर्ष), निवासी रंगढ, तहसील धर्मपुर, जिला मंडी को हिरासत में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, चंबा की पुलिस टीम ने तुन्नूहट्टी नाके पर मारुति स्विफ्ट डिजायर (एचपी 37बी 5690) को चेक करने के लिए रोका। चालक ने पुलिस को देखकर वाहन 30 मीटर पहले ही पलटाया और पठानकोट की ओर भागने लगा। पुलिस ने जल्द ही उसे पकड़ लिया। वाहन की जांच में अवैध शराब बरामद हुई। डीएसपी भटियात शेर सिंह ने बताया कि पुलिस नशे के कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई कर रही है और सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार नाकाबंदी कर शराब तस्करी को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सुरक्षा दीवार गिरने से पंचायत भवन को खतरा, राहगीरों की बढ़ी परेशानी



सुरक्षा दीवार गिरने से राड़ी पंचायत भवन को खतरा बना।

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

मैहला ब्लॉक की ग्राम पंचायत राडी के प्रांगण का मुख्य डंगा व सुरक्षा दीवार गिरने से पंचायत भवन को बना खतरा बढ़ी राहगीरों की परेशानी। एक ओर जहां पंचायत भवन के प्रांगण का मुख्य डंगा वह सुरक्षा दीवार गिरने से पंचायत भवन को खतरा बना वहीं राहगीरों स्कूली छात्र-छात्राओं गाड़ी चालकों को भी खतरा बना हुआ है।

प्राइमरी स्कूल से लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं में शिक्षा ग्रहण करने के लिए बच्चे अमूमन इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। वहीं स्थानीय लोगों के लिए भी यही एकमात्र रास्ता है तथा छोटी बड़ी गाड़ियां भी यहीं से गुजरती हैं लोगों का कहना है कि पंचायत भवन के ठीक नीचे प्राइमरी स्कूल स्थानीय रास्ता वह गाड़ियों की आवाजाही रहती है। ऊपर पंचायत भवन से छोटे-बड़े पत्थर नीचे की ओर गिरते रहते हैं जिससे राहगीरों को भी खतरा बना हुआ है। पंचायत प्रधान दीपा कुमारी का कहना है कि पंचायत भवन के प्रांगण का जो डंगा वह सुरक्षा दीवार गिरी थी उसका कार्य शुरू कर दिया गया है दो-तीन दिन पहले डंगे की नींव की खुदाई के दौरान मिट्टी तथा पत्थर नीचे गिरने से लोगों को परेशानी जरूर आई थी। फिलहाल नींव की खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है और अब इस रास्ते पर किसी तरह का खतरा नहीं है आम जनता को हुई परेशानी के लिए मुझे खेद है।

# कोहाल स्कूल में होनहार किए सम्मानित

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में पूर्व विधायक सुरेंद्र ने दिया सम्मान

**अनंत ज्ञान, चुराह**

जिला चंबा के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहाल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में चुराह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

विद्यालय प्रांगण में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन की ओर से मुख्य अतिथि का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। उन्हें शॉल, टोपी और बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत



कांग्रेस के पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार भारद्वाज का स्वागत करते हुए।

करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार भारद्वाज ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी किसी से कम नहीं हैं, जरूरत है तो केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की। इसके उपरांत उन्होंने शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। समारोह में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश हंसमुख, ग्राम पंचायत कोहाल के प्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## डलहौजी में भालू के बढ़ते आतंक से रिहायशी इलाकों में दहशत का साया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

डलहौजी और इसके आसपास के क्षेत्रों में जंगली भालुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ समय से भालू जंगलों की सीमाएं लांघकर बार-बार रिहायशी इलाकों में देखे जा रहे हैं, जिससे आमजन में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। खासकर जंगलों से सटे गांवों और कस्बों में रहने वाले लोग हर समय अनहोनी की आशंका में जी रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कथलग, लोहाली, बकरोटा, डलहौजी छावनी, बनीखेत, सुर्खीगला, उघराहल, सुकडाईबांई, खलपुखर, रोला, रुलायनी, ओसल और अब देवीदेहरा के भटोली क्षेत्र से भालुओं की ताजा सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। फुटेज में भालू रात के अंधेरे में सड़कों पर घूमते और घरों के आसपास मंडराते साफ नजर आ रहे हैं, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भालुओं की आवाजाही अब रोजमर्रा

**▶ सीसीटीवी फुटेज में दिखे घरों के पास भालू, लोग सुरक्षित नहीं**

**▶ वन विभाग और प्रशासन के सामने चुनौती, स्थायी समाधान की जरूरत**

की बात बनती जा रही है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं खास तौर पर दहशत में हैं। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं, जबकि सुबह और रात के समय बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है।

वन विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाने और एडवाइजरी जारी करने के बावजूद हालात काबू में नहीं आ पा रहे हैं। भालुओं की बढ़ती गतिविधियों के चलते विभाग भी असहाय नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और वन विभाग से स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले इस गंभीर समस्या पर प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## 8726 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** रोहांडा स्वास्थ्य खंड में 21दिसम्बर को प्रात: 8 बजे से लेकर सांय 4 बजे तक कुल 8726 बच्चों (0 से 5 वर्ष) को पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। खंड स्वास्थ्य अधिकारी रोहांडा डॉ. लाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्र मे 115बूथ लगाए जाएंगे जबकि शहरी क्षेत्र सुंदरनगर में 11बूथ लगाए जाएंगे। इसके साथ ही झुग्गी झोपड़ी एवं बस अड्डा के लिए मोबाइल टीम काम करेगी इसके साथ ही गांव चौक व कनैड के कामगारों के लिए एक एक टीम काम करेगी। डॉ. लाल सिंह ने लोगों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों को पोलियो की खुराक जरूर पिलाएं भले ही पहले भी पिलाई हो।

**व अदालत भू- सुधार अधिकारी एवम तहसीलदार तहसील बल्ह स्थित नेरचौक, जिला मण्डी (हि.प्र.)**

मिसल नम्बर 13/2025
तारीख मरजुआ 26-08-2025
तारीख पेशी 16-01-2026

चन्द कुमार पुत्र श्री तुलसीया पुत्र श्री पंजकू निवासी गांव घरवासडा, डाकघर लेदा, उप तहसील रिवालसर, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हि.प्र.)। -प्रार्थी-

**बनाम**

सावणू पुत्र श्री गदी पुत्र फौजू, सुरेश कुमार - सुनील कुमार पुत्रगण जैबंती पत्नी श्री भूप सिंह व अन्जना देवी पत्नी श्री रमेश कुमार निवासी गांव घरवासडा, डाकघर घरवासडा, उप तहसील रिवालसर, तहसील बल्ह, जिला मंडी (हि.प्र.) ....प्रत्यार्थीगण

**ईश्तहार समाचार पत्र व मुस्त्री मुन्यादी पेशी में हाजि होने बारे ।**

यह दावा आवेदक चन्द कुमार पुत्र श्री तुलसीया पुत्र श्री पंजकू निवासी गांव घरवासडा, डाकघर लेदा, उप तहसील रिवालसर, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) ने इस न्यायालय में भूमि खाता/खतौनी 59 मिन/76 खसरा नम्बर 26 रकवा तादादी 01-16-19 बीघा मुहाल घरवासडा/176 उप तहसील रिवालसर जिला मण्डी जो गैर मौरुसी की दरुस्ती हेतू कर रखा है। जिसकी छानबीन रिपोर्ट नायव तहसीलदार, उप तहसील रिवालसर, जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश के माध्यम से इस कार्यालय में प्राप्त हुई है। मुताविक रिपोर्ट उक्त खसरा नम्बर पर चन्द कुमार पुत्र तुलसीया मालिक दर्ज कागजात माल है तथा खतौनी नम्बर 78 में नम्बर खसरा 26 रकवा 001-16-18 बीघा वकिस्म खडैतर के खाना काश्त में सावणू पुत्र गदी पुत्र फौजी स्थानीय निवासी गैर मौरुसी बिला लगान ववजह रजामन्दी का इन्द्राज दर्ज है। परन्तु मौका पर उक्त खसरा नम्बर 26 में चन्द कुमार पुत्र तुलसीया का कब्जा है। वर्तमान में उक्त गैर मौरुसी सावणू की मृत्यु हो चुकी है। इसलिये इस ईश्तहार समाचार पत्र व ईश्तहार मुस्त्री मुन्यादी के माध्यम से प्रतिवादी सावणू के जायज वारसानों व अन्य को सूचित किया जाता है कि उक्त विषय के सम्बन्ध में किसी को कोई उजर एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर एतराज बारे इस अधोहस्तारी के न्यायालय में दिनांक 16-01-2026 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में उपस्थित ना होने पर एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। निश्चित अवधि के उपरान्त कोई भी उजर / एतराज मान्य नहीं होगें।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18-12-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

**भू-सुधार अधिकारी एवं तहसीलदार तहसील बल्ह स्थित नेरचौक जिला मंडी हि.प्र.)**

# सिंचाई और पेयजल योजनाओं को रिस्टोर कर समुचित जल आपूर्ति करना प्राथमिकता : शर्मा

**आदर्श, अनंत ज्ञान**

**नेरचौक।** जल शक्ति विभाग मंडल बग्गी के अंतर्गत आने वाले संपूर्ण क्षेत्र में पेयजल और सिंचाई सुविधा को सुचारू करना प्राथमिकता रहेगी। क्षेत्र में जितनी भी पेयजल व सिंचाई योजनाएं हैं उनको आवश्यकता अनुरूप रिस्टोर किए जाने का कार्य किया जा रहा है ताकि लोगों को पीने और सिंचाई के लिए समुचित जल प्राप्त हो सके। यह बात जल शक्ति विभाग मंडल बग्गी के अधिशासी अभियंता कृष्ण कुमार शर्मा ने पत्रकारों के साथ एक मिलन कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि मंडल क्षेत्र मे पीछे हुए डिजास्टर के कारण जिन सिंचाई और पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचा था जिनके लिए बजट का प्रावधान भी है उनके सुधार कार्य को तेजी से किया जा रहा है लेफ्ट और राइट बैंक सिंचाई योजना मे दो बोरवेल, पुरानी मशीनरी और सिंचाई कूहलों के खराब पॉइंटो के सुधार कार्य को किया जा रहा है राइट बैंक सिंचाई योजना जिसको जैन इरिगेशन के माध्यम से चलाया जा रहा है में करीब 400 डिस्ट्रीब्यूशन चैंबरो के सुधार कार्य को भी प्राथमिकता दी जा रही



है इस योजना पर लगभग 16 करोड रुपए खर्च होना है योजना का अधिकतर कार्य पूर्ण कर लिया गया है 3 करोड़ के लगभग का कार्य शेष रहता है उसे भी गर्मियों के आने से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि गर्मियों में लोगों को पीने और सिंचाई के लिए लिए माकूल मात्रा में पानी मिल सके उन्होंने चर्चा करते हुए आगे कहा कि मंडल क्षेत्र में सघन आबादी का जागरूक और मेहनती होना उनकी जिम्मेवारी को और भी बढ़ा देता है उनके लिए मंडल मे फिल्ड स्टाफ की कमी सबसे बड़ी चुनौती उभर कर सामने आ रही है फील्ड में उन्हें लगभग 275 फील्ड स्टाफ की आवश्यकता है अगर यह कमी सरकार की ओर से पूरी कर दी जाए तो पेयजल और सिंचाई योजनाओं का संचालन और भी सहज हो जाएगा उन्होंने कहा कि फील्ड स्टाफ की मांग वह विभागीय उच्च अधिकारियों के माध्यम से सरकार को भेजेंगे । हालांकि मौजूदा समय में हर वह संभव प्रयास किए जा रहे हैं कि लोगों को आवश्यकता के अनुरूप पेयजल और सिंचाई के लए जल की आपूर्ति कर सकें।

## दुर्घटना पॉलिसी के तहत पीड़ित परिवार को मिले 10 लाख

**अनंत ज्ञान, चंबा।** इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की ग्रुप एक्सीडेंटल सिक्योरिटी पॉलिसी (ग्रुप एक्सीडेंटल गार्ड - जीएजी) के तहत आज श्री रोहित कुमार, पुत्र स्वर्गीय राकेश कुमार, निवासी गाँव जंजला, पोस्ट करियों को ₹10,00,000 (दस लाख रुपये) का दावा भुगतान किया गया राकेश कुमार का 21 जून 2025 को सिरहकुंड-मांड़ी रोड पर एक सड़क दुर्घटना में दुखद निधन हो गया था। उनके पुत्र द्वारा 20 नवंबर 2025 को सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद एक माह के भीतर ही दावा निपटान कर बीमित राशि का भुगतान कर दिया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर चंबा मंडल राजीव गुरुंग ने कहा कि आईपीपीबी की समूह दुर्घटना सुरक्षा पॉलिसी आम नागरिकों को कम प्रीमियम में व्यापक बीमा सुरक्षा प्रदान करती है और आकस्मिक परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक सहारा देती है। डाक विभाग चंबा मंडल ने आम जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की किफायती बीमा योजनाओं से जुड़कर स्वयं एवं अपने परिवार को आकस्मिक जोखिमों से सुरक्षित करें।

## धर्मपुर में घर में घुसकर किशोरी से मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना धर्मपुर के अंतर्गत घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने धारा 333, 115(2) व 3(5) भारतीय न्याय संहिता में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता अर्चना देवी पत्नी ववित्द्र शर्मा निवासी गांव मठ्ठी बनवार उम्र 35 वर्ष ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि पड़ोसन वीना देवी पत्नी हंस राज शर्मा अपनी बेटी तमन्ना के साथ उनके घर के कमरे में जबरन घुस आई। आरोप है कि दोनों ने शिकायतकर्ता की बेटी पलक शर्मा के साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस थाना धर्मपुर में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया है तथा आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, सुनीता देवी** (51 वर्ष) विध्वा सुनील कुमार पुत्र प्यारे लाल बासी महाल हार भजनाथ मौजा हार तहसील प्रागपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरा लड़का सागर कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपने बेटे सागर कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है।

- हरिऔध

संपादकीय

## मीडिया ब्रीफिंग पर चर्चा

हिमाचल प्रदेश में डीजीपी अशोक तिवारी की ओर से जारी एक नए आदेश ने मीडिया और जनता में खासी चर्चा शुरू कर दी है। इस आदेश के अनुसार, अब जिले के एसपी और रेंज में डीआईजी रैंक के अधिकारी ही मीडिया से बातचीत करने के लिए अधिकृत होंगे। डीआईजी और एसपी रैंक से नीचे के पुलिस अधिकारियों को मीडिया ब्रीफिंग में बोलने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस विभाग ने इस आदेश के जरिए यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि मीडिया में जो जानकारी पहुंचे, वह सटीक, भरोसेमंद और एकरूप हो।

इस कदम के बाद सोशल मीडिया और पत्रकारिता जगत में आलोचनाएं भी उठनी शुरू हो गई हैं। कुछ पत्रकारों और सोशल मीडिया यूजर्स ने इसे लोकतंत्र, पारदर्शिता और जवाबदेही के खिलाफ बताया है। उनका तर्क है कि अगर किसी आपातकालीन स्थिति में बड़ी घटना घटित हो और मीडिया से तत्काल जानकारी साझा करनी पड़े, तो क्या केवल एक या दो वरिष्ठ अधिकारी इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठा पाएंगे? सवाल यह भी उठता है कि इस आदेश के कारण सामान्य पुलिस अधिकारी जनता और मीडिया के बीच संवाद स्थापित करने की उनकी परंपरागत भूमिका से वंचित होंगे।

डीजीपी अशोक तिवारी का कहना है कि यह आदेश किसी भी अधिकारी को अनुचित रूप से दबाने या तानाशाही करने के उद्देश्य से नहीं है। उनका तर्क है कि कई जगह डीएसपी और थाना प्रभारी अधिकारी नए कार्यभार ग्रहण करने के समय और विभिन्न मामलों में मीडिया से बातचीत कर देते हैं। कई बार अपराध, जांच या अन्य पुलिसिंग से संबंधित विषयों पर अलग-अलग अधिकारियों द्वारा बयान देने से आंकड़ों और तथ्यों में विरोधाभास पैदा हो जाता है। इससे जनता के सामने सही तस्वीर नहीं आती। इसी कारण उन्होंने शीर्ष दो रैंक के अधिकारियों को मीडिया ब्रीफिंग के लिए अधिकृत किया है।

हालांकि, आलोचक इस आदेश को गलत तरीके से व्याख्यायित कर रहे हैं। उन्होंने यह तर्क दिया कि केवल वरिष्ठ अधिकारियों को मीडिया से बात करने की अनुमति देना पारदर्शिता में कमी ला सकता है लेकिन असल में, यह कदम विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक संगठित और जवाबदेह बनाने की दिशा में उठाया गया है। डीजीपी ने पहले भी पुलिस विभाग की कार्यशैली और छवि सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। अक्सर देखा गया है कि नई नीतियों और आदेशों पर लोगों की आलोचना ज्यादा होती है, जबकि उनके सकारात्मक परिणाम कम ही दिखाई देते हैं।

इस आदेश के पीछे यह सोच भी है कि पुलिस विभाग में कई अधिकारी और कर्मचारी सोशल मीडिया पर गैरजरूरी पोस्ट डालने में अधिक समय व्यर्थ कर देते हैं। यह न केवल पुलिस की गंभीरता को प्रभावित करता है, बल्कि कार्यकुशलता पर भी असर डालता है। पहले डीजीपी ने पुलिस कर्मचारियों को वर्दी में सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने से भी रोका था। इसका उद्देश्य पुलिस की छवि को बनाए रखना और कर्मचारियों का समय अपराध नियंत्रण और सुधार कार्यों में लगाना था। सोशल मीडिया पर लगातार फालतू की पोस्ट डालने से न केवल व्यक्तिगत समय बर्बाद होता है, बल्कि विभाग के अनुशासन और कार्यशैली पर भी सवाल उठते हैं।

इसके अलावा, यह आदेश पुलिस के भीतर अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। पुलिस विभाग अनुशासन और ईमानदारी के लिए जाना जाता है। अगर वर्दीधारी अधिकारी सोशल मीडिया पर अनियंत्रित पोस्ट डालेंगे, तो विभाग की गंभीरता पर असर पड़ेगा और जनता का विश्वास कमजोर होगा। डीजीपी ने इस कदम से पुलिस अधिकारियों को यह सीख मिलेगी कि उनका प्राथमिक कार्य अपराध नियंत्रण और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है, न कि सोशल मीडिया पर सक्रिय रहना।

कुछ आलोचक यह भी कह रहे हैं कि आदेश के कारण मीडिया को समय पर जानकारी नहीं मिलेगी। हालांकि, डीजीपी ने इस पहलू का भी ध्यान रखा है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यदि कोई विशेष परिस्थिति बहुत जरूरी हो और मीडिया ब्रीफिंग अनिवार्य हो, तो वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लेकर इसे अंजाम दिया जा सकता है। इससे विभाग की जवाबदेही भी बनी रहेगी और जनता को सही सूचना समय पर उपलब्ध होगी।

सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो डीजीपी का आदेश लोगों की जागरूकता और पुलिस की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने की दिशा में भी सहायक हो सकता है। नए आदेशों और नीतियों के प्रति शुरू में विरोध होना सामान्य है। सामाजिक परिवर्तन और नियमों में सुधार अक्सर आलोचना के साथ आते हैं। लेकिन समय के साथ जनता और विभाग के कर्मचारियों को इसके लाभ दिखाई देंगे।

इसलिए, उम्मीद की जानी चाहिए कि डीजीपी के इस आदेश से हिमाचल प्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली और अनुशासन में सुधार होगा। मीडिया से संवाद सटीक और विश्वसनीय होगा। पुलिस विभाग की छवि और जनता का विश्वास मजबूत होगा।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### उत्तराखंड के आठवें मुख्यमंत्री

त्रिवेंद्र सिंह रावत का जन्म 20 दिसंबर 1960 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के खैरासैंण गांव में हुआ था। उनके पिता प्रताप सिंह रावत गढ़वाल राइफल्स में सैनिक थे और दूसरे विश्व युद्ध में जंग लड़ चुके हैं। माता का नाम बोद्धा देवी है। त्रिवेंद्र आठ भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। उनकी पत्नी सुनीता रावत शिक्षक हैं और उनकी दो बेटियां हैं।



त्रिवेंद्र सिंह रावत
जन्म : 20 दिसंबर, 1960

शिक्षा की शुरुआत उन्होंने अपने गांव के स्कूल से की, 10वीं सतपुली इंटर कॉलेज और 12वीं एकेश्वर इंटर कॉलेज से पूरी की। स्नातक राजकीय महाविद्यालय जयहरीखाल से और पत्रकारिता की पढ़ाई गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर कैंपस से की। पढ़ाई के दौरान वे एबीवीपी से जुड़े और संघ प्रचारकों के प्रिय बने। त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 1993 में संघ के माध्यम से बीजेपी में संगठन मंत्री के रूप में काम शुरू किया। उत्तराखंड आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रही और कई बार उन्हें गिरफ्तार होना पड़ा।

2002 में डोईवाला से विधायक चुने गए। 2017 में डोईवाला से जीतकर वे उत्तराखंड के आठवें मुख्यमंत्री बने। रावत 14 साल तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे। संघ के अनुभव और संगठन क्षमता के दम पर उन्होंने उत्तर प्रदेश और झारखंड में बीजेपी की सफल चुनाव रणनीति में अहम योगदान दिया। सेना से उनका गहरा लगाव है और उन्होंने कई शहीद सैनिकों की बेटियों को गोद लिया।

कविता

### नवग्रह



डॉ. राजीव डोगरा, हिंदी अध्यापक, गांव जनयानकड़, कांगड़ा (हि.प्र.)

वो केतु की तरह, सब कुछ जानते हैं
मैं राहु की तरह भ्रम, फिर भी फैलाता हूं।
वो बुद्ध की तरह, बुद्ध का तर्क लगाते हैं
मैं मंगल की तरह जिद्दी, जिद् कर मां काली से सब मांगता हूं।
वो शुक्र की तरह, मिथ्या प्रेमपाश में फंसते हैं
मैं शनि की तरह, कर्म कर सब भाग्य में लिखता हूं।
वो चांद की तरह, सबको मोहक लगते हैं
मैं सूर्य की तरह जलकर, योग अग्नि में तपता हूं।

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

# 'जी राम जी' पर जीत, वायु प्रदूषण पर चर्चा नहीं

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 लोकतांत्रिक व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण रहा। लोकसभा और राज्यसभा में समग्र रूप से सकारात्मक और सार्थक कार्य हुआ। सरकार और विपक्ष के बीच संवाद, प्रश्नकाल एवं शून्यकाल की सक्रियता, नए विधेयकों की प्रस्तुति तथा कई महत्वपूर्ण विधेयकों का पारित होना इस सत्र की प्रमुख विशेषताएं रहीं।



डॉ. पवन कुमार शर्मा
(लेखक संसद टीवी में कार्यरत हैं)

1 से 19 दिसंबर तक आयोजित शीतकालीन सत्र में देश की आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई और राष्ट्रीय महत्व के अनेक विषयों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सत्र की कार्यवाही अपेक्षाकृत सुचारु रही और समय का प्रभावी उपयोग किया गया जिसकी वजह से इसकी उत्पादकता उल्लेखनीय रही।

शीतकालीन सत्र 2025 के दौरान लोकसभा की उत्पादकता 111 प्रतिशत रही। लोक सभा स्पीकर ओम बिरला के अनुसार, लोक सभा की कार्यवाही 92 घंटे 25 मिनट तक चली। इस दौरान संसद के निम्न सदन लोक सभा की कुल 15 बैठकें हुईं। विंटर सेशन के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुर:स्थापित किए गए और कुल 8 सरकारी विधेयक पारित हुए। प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने सदस्यों द्वारा पूछे गए 72 तारांकित प्रश्नों का मौखिक जवाब दिया। इस दौरान 3449 अतारांकित प्रश्न पूछे गए। लोकसभा में शून्य काल के दौरान 408 संसद सदस्यों ने लोक महत्व के मुद्दे उठाए। नियम 377 के अधीन संसद सदस्यों ने 372 मामले उठाए। शीत सत्र के दौरान संसद के पटल पर कुल 2116 पत्र रखे गए। विभिन्न विभागों से संबंधित स्थायी संसदीय समितियों ने कुल 40 रिपोर्ट्स पेश कीं। शीत सत्र के दौरान सांसदों की तरफ से कुल 137 प्राइवेट मेंबर्स बिल इंट्रोड्यूस किए गए।

8 दिसंबर 2025 को वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर लोक सभा में प्रधानमंत्री ने चर्चा की शुरुआत की। वंदे मातरम पर 11 घंटे 32 मिनट तक चली चर्चा में कुल 65 सांसदों ने अपनी बात रखी। इसके बाद 9-10 दिसंबर को चुनाव सुधारों पर चर्चा हुई। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन और चुनाव सुधारों पर कुल 13 घंटे चर्चा हुई और इसमें पक्ष-विपक्ष के 63 सांसदों ने हिस्सा लिया।

शीतकालीन सत्र के दौरान हंगामा, बहस और विधायी कार्य सब कुछ हुआ। इस सत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि 'विकसित भारत -रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी बिल, 2025 (VB-G RAM G बिल) का संसद के दोनों सदनों से पारित होना रहा। सत्र के दौरान यही विधेयक सबसे अधिक हंगामे का कारण बना। लोकसभा में 17-18 दिसंबर को विपक्ष के विरोध के बीच ये बिल दोनों सदनों से पास हो गया। इसे पुराने मनरेगा की जगह नया ग्रामीण रोजगार कानून बनाया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष 125 दिनों की मजदूरी की गारंटी है। संसद के दोनों सदनों में देर रात चली घंटों की लंबी चर्चा के बावजूद यह विधेयक सरकार बनाम विपक्ष की जंग का कारण बना। सरकार जहां इसे 'विकसित भारत' की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम बता रही है वहीं विपक्ष ने इसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान बताया। सरकार के मुताबिक यह विधेयक मनरेगा का अपग्रेडेशन है और 125 दिन रोजगार की गारंटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था चमकेगी। दूसरी तरफ विपक्ष का कहना है कि यह बिल मनरेगा को कमजोर करेगा लिहाजा इसे स्टैंडिंग कमेटी को भेजा जाना चाहिए। हालांकि, विपक्ष की यह मांग ध्वनिमत के आगे धराशायी हो गई।



न्यूक्लियर एनर्जी से जुड़ा एक महत्वपूर्ण बिल भी विंटर सेशन में पारित हुआ है।

संसद का शीतकालीन सत्र 2025 कई अहम विधायी और राजनीतिक घटना, मों के कारण चर्चा में रहा। इस सत्र में सस्टेनेबल हार्नेसिंग ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (SHANTI) बिल 2025 दोनों सदनों से पारित हुआ, जिसे भारत को परमाणु ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने, स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन तथा 2047 तक 100 गीगावॉट न्यूक्लियर क्षमता के लक्ष्य की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। इसके अलावा टैक्स और जीएसटी से जुड़े कई अहम विधेयक पारित हुए। सिगरेट, तंबाकू और पान मसाला जैसे 'सिन गुड्स' पर लगने वाले सेस को जीएसटी मुआवजे के रूप में इस्तेमाल करने वाले दो फाइनेंस बिल तथा मणिपुर जीएसटी (दूसरा संशोधन) बिल 2025 भी पास हुआ, जिससे राज्य कानून राष्ट्रीय जीएसटी ढांचे से जुड़ा।

चुनाव सुधार, मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण और दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण जैसे मुद्दों पर सत्र के दौरान तीखी राजनीति देखने को मिली। विपक्ष ने बूथ लेवल अधिकारियों पर दबाव और आत्महत्या के आरोप लगाए, जिससे सदनों में हंगामा, नारेबाजी और वॉकआउट हुए। वायु प्रदूषण पर चर्चा सूचीबद्ध होने के बावजूद हंगामे के कारण पूरी नहीं हो सकी, हालांकि विपक्ष ने संसद परिसर में सांकेतिक विरोध किया।

राज्यसभा में शीतकालीन सत्र के दौरान कामकाज अपेक्षाकृत बेहतर रहा। 269वें सत्र में 92 घंटे की कार्यवाही के साथ उत्पादकता 121 प्रतिशत रही। उपराष्ट्रपति एवं सभापति सीपी राधाकृष्णन के नेतृत्व में शून्यकाल और मुद्दों पर चर्चा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कुल मिलाकर शीतकालीन सत्र 2025 विधायी उपलब्धियों, राजनीतिक बहस और लोकतांत्रिक सर्, यता का सशक्त उदाहरण रहा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत जैसे देश में गोवंश की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार आखिर कौन?

आज के समय में गौ माता सड़कों, लोगों के घरों के मुख्य द्वार पर खड़ी होकर एक ही बात बार बार पूछती है कि मेरा क्या कसूर है, मैं जाऊं तो जाऊं कहां ? खेतों में जाने पर लोग लाठियों से पीटते हैं, सड़क पर चलो तो गाड़ियां टकराती हैं। हजारों वर्षों तक मैंने भारतवासियों का साथ दिया तथा आध्यात्मिक- धार्मिक, आर्थिकी व चिकित्सक रूप से मैंने लोगों का कल्याण किया, परंतु यह इंसान बहुत स्वार्थी तथा लालची निकला जिसने बिना कारण ही मुझे सड़कों पर छोड़ दिया, लेकिन अब तो मेरे प्रति क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गई। उसकी आंखों के आंसू यही पुकार कर रहे हैं कि मैंने संपूर्ण विश्व को 21वीं सदी तक पहुंचाया तथा विकास की राह दिखाई, लेकिन आज इसी मानव ने जो अपने आपको इंसान बोलता है मेरी यह दुर्दशा की है। गाय मौजूदा परिवेश में धर्म, इतिहास, संस्कृति से जुड़ी हुई है। हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है । कहा भी गया है कि गौ माता में 33 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं। जिस घर में लोग गाय पालते हैं उस घर का वातावरण बहुत ही पवित्र तथा शुद्ध होता है। इसलिए गाय को सभी पालतू पशुओं में सबसे सर्वश्रेष्ठ माना गया है। गौ माता की पूजा तथा सेवा से बड़े से बड़े कष्ट भी दूर हो जाते हैं । लोग गौदान करके स्वर्ग प्राप्ति की कामना करते हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं में इस जानवर को दयालुता, पवित्रता, धन, प्रतिष्ठा और शक्ति का प्रतीक माना गया है। गौ माता का महत्व केवल धार्मिक और सांस्कृतिक नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी बड़ा महत्व है। भारतीय संस्कृति में गायों का संरक्षण और सम्मान हमें अपने सामाजिक और नैतिक कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है। गौ सेवा एक ऐसा मार्ग है जो हमें धर्म, समाज और प्रकृति से जोड़ता है। इसलिए हमें अपने जीवन में गौ माता का सम्मान और रक्षा करनी चाहिए, जिससे हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां लाभान्वित हो सकें। बचपन में बच्चे जब स्कूल जाते हैं तो वे मेरी गाय निबंध पढ़ते हैं कि गाय एक पालतू पशु है। गाय से हमें दूध, दही, मक्खन मिलता है।



लकेश चंदेल
घुमारवीं, जिला बिलासपुर

हिंदू लोग गाय की पूजा करते हैं। हमें गाय की रक्षा करनी चाहिए। आज वह समय आ गया है कि इस धरती पर गौ माता के अस्तित्व को बचाने के लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा। गौ माता ग्रामीण भारत अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी मानी जाती है। गांवों में गायों के दूध, घी और अन्य दुग्ध उत्पादों से पोषण और आजीविका मिलती है। पहले लोग गौ माता का दूध पीते थे तथा निरोग्य जीवन व्यतीत करते थे। आजकल के समय में मिलावटी दूध पीकर लोग सैकड़ो बीमारियों से घिरे हुए हैं। मिलावटी दूध, दही, पनीर बाजार में बिक रहा है और लोग उसी को खाकर प्रसन्न हो रहे हैं उन्हें यह मालूम नहीं की यह एक धीमा जहर है जो उनकी सेहत को खराब कर रहा है। गोबर और गौमूत्र का उपयोग जैविक खाद व प्राकृतिक कीटनाशक के रूप में किया जाता है, जिससे किसानों की रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होती है। आज के समय में पूर्ण जैविक खेती की आवश्यकता है, क्योंकि इसके उत्पाद अनेक बीमारियों से बचाव करते हैं। गाय एक ऐसा पालतू पशु है, जिसका हर रूप मानव सेवा में उपयोगी है, लेकिन दुर्भाग्यवश लोग केवल दूध मिलने तक ही उसका पालन करते हैं। दूध बंद होते ही उसे सड़कों पर छोड़ दिया जाता है, जिससे दुर्घटनाएं और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसका दोष पूर्णत: मनुष्य का है।



जैसे जंगल नष्ट होने पर जंगली जानवर आबादी की ओर आते हैं, वैसे ही बेसहारा पालतू पशु भी सड़कों और खेतों में भटकते हैं। गौशालाएं समाज में विशेष स्थान रखती हैं, जहां घायल, बूढ़ी और निराश्रित गायों को संरक्षण मिलता है। ऐसे संस्थान सेवा और इंसानियत की मिसाल हैं। दुर्भाग्य यह है कि गौ माता को पूज्य मानने वाले देश में ही उसकी दुर्दशा हो रही है। प्रशासन को पशु पंजीकरण, गौ तस्करी पर कठोर दंड और संरक्षण हेतु ठोस कदम उठाने चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिमाचल के लोक संगीत को बचाने की सामूहिक जिम्मेदारी

आज का दौर प्रयोगों का है। तकनीक बदली है, मंच बदले हैं और श्रोताओं तक पहुंचने के माध्यम भी बदल चुके हैं। मोबाइल फोन और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने लोक और संगीत को एक नया विस्तार जरूर दिया है, लेकिन यह भी सच है कि केवल नए-नए प्रयोग हमारी जड़ों को सुरक्षित नहीं रख सकते। प्रयोग यदि परंपरा से कट जाएं, तो वे क्षणिक आकर्षण बनकर रह जाते हैं।



संजय दत्त ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

हिमाचल प्रदेश का लोक संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामूहिक स्मृति का जीवंत स्वरूप है। यह संगीत पीढ़ियों से पहाड़ों, नदियों, खेतों, पर्व-त्योहारों, सुख-दुख और जनजीवन से जुड़ा रहा है। हिमाचल का प्रत्येक जिला अपनी विशिष्ट भाषा, बोली, लोकधुन, गायन-शैली और भावभूमि के लिए जाना जाता है। चाहे चंबा के पहाड़ी लोकगीत हों, कांगड़ा की कोमल और भाव प्रवण धुनें, मंडी की पारंपरिक लोकशैलियां, कुल्लू की नाटी, किन्नौर के आध्यात्मिक स्वर या सिरमौर की लोकगायकी- हर क्षेत्र की अपनी अलग पहचान है। यही विविधता हिमाचल की सबसे बड़ी शक्ति है और इसी विविधता को सहेजना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

आज के समय में लोक संगीत नए दौर से गुजर रहा है। कई कलाकार पारंपरिक लोकधुनों के साथ आधुनिक वाद्ययंत्रों, नई ध्वनियों और समकालीन संगीत शैलियों के प्रयोग कर रहे हैं। ये प्रयोग अपने आप में गलत नहीं हैं। वास्तव में, प्रयोग किसी भी कला को जीवंत बनाए रखते हैं और नई पीढ़ी को उससे जोड़ने का सशक्त माध्यम बनते हैं। बदलते समय के साथ यदि लोक संगीत स्वयं को ढालता है, तो वह अधिक लोगों तक पहुंच सकता है, लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है, जब इन प्रयोगों के दौरान लोक की आत्मा, भाषा और मूल स्वरूप ही खोने लगता है। लोकगीत की पहचान उसकी भाषा, उसका लहजा और उसका भाव होता है। यदि लोकगीत की भाषा बदल दी जाए, उसकी पारंपरिक धुन को पूरी तरह आधुनिक ढांचे में ढाल दिया जाए, तो वह लोक संगीत नहीं रह जाता, बल्कि केवल एक नया संगीत-प्रयोग बनकर सीमित हो जाता है।



लोक संगीत का उद्देश्य केवल मंच पर तालियां बटोरना नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना भी है। कलाकारों को यह समझना होगा कि लोक संगीत में नवीनता लाते समय उसकी मौलिकता और पहचान सुरक्षित रहनी चाहिए। कलाकारों की भूमिका यहां अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्हें यह समझना चाहिए कि जो सांस्कृतिक विरासत उन्हें पूर्वजों से मिली है, वह केवल उनकी व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है। यह आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर भी है।

आज हम जो गाते हैं, सुनते हैं और प्रस्तुत करते हैं, वही कल का इतिहास और स्मृति बनेगा। यदि आज हम अपनी लोकभाषा, लोकधुन और पारंपरिक शैली से समझौता करेंगे, तो भविष्य की पीढ़ियां अपनी जड़ों से कट जाएंगी। इसलिए कलाकारों की जिम्मेदारी केवल प्रस्तुति तक सीमित नहीं है, बल्कि लोक संगीत को उसकी शुद्धता और पहचान के साथ आगे पहुंचाने की भी है। हिमाचल की सांस्कृतिक संरचना शिल्प, लोकनृत्य, लोकगायन और भाषा जैसे मजबूत स्तंभों पर टिकी है। इन्हें बचाने के लिए केवल भावनात्मक जुड़ाव पर्याप्त नहीं है, बल्कि ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।

लोक कलाकारों को प्रशिक्षण, मंच, संरक्षण और सम्मान मिलना चाहिए। साथ ही, नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा और लोक संस्कृति से जोड़ने के लिए विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों को भी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। नए प्रयोग स्वागतयोग्य हैं, लेकिन अपनी मिट्टी, अपनी भाषा और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को छोड़े बिना।

हिमाचल का लोक संगीत तभी जीवित और प्रासंगिक रहेगा, जब कलाकार उसे केवल मंच की शोभा नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जिम्मेदारी और पहचान समझेंगे। यही संतुलन हमारी विरासत को सुरक्षित रखते हुए उसे आने वाले समय तक जीवंत बनाए रख सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस : शांति, भाईचारे और अखंडता का संदेश

प्रत्येक वर्ष 20 दिसंबर को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने एकता का संदेश देने के लिए 20 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस घोषित किया है। अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस का उद्देश्य है लोगों को विविधता में एकता का महत्व बताते जागरूकता फैलाना।



नैंसी
11वीं कक्षा की छात्रा, राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां, कांगड़ा, (हि.प्र.)

दुनिया के विभिन्न देश इस दिन अपनी जनता के बीच शांति, भाईचारा, प्यार, सौहार्द और एकता के संदेश का प्रसार करते हैं। हेल्प फॉर ह्यूमन रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधने की पहल की है। यह संस्था हमेशा से देश में शांति, एकता और भाईचारे की भावना के प्रसार के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती रही है।

इसकी स्थापना 22 दिसंबर 2005 को संकल्प 60/209 द्वारा की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य संबद्ध देशों को गरीबी को कम करने के लिए गरीबों के सार्वभौमिक मूल्यों को पहचानना और स्वतंत्र राज्यों द्वारा हस्ताक्षरित के रूप में इसके प्रतिरूपों को तैयार करना है। संगठन ही सभी शक्तियों की जड़ है, एकता के बल पर ही अनेक राष्ट्रों का निर्माण हुआ है। प्रत्येक वर्ग में एकता के बिना देश कदापि उन्नति नहीं कर सकता। एकता में महान शक्ति है। एकता के बल पर बलवान शत्रु को भी पराजित किया जा सकता है।

मानव अधिकारों, समानता, और सामाजिक न्याय के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह दिन महत्वपूर्ण है। जाति, धर्म, और राष्ट्रीयता से परे, यह दिन मानवता को जोड़ने और आपसी सहयोग को मजबूत करने का काम करता हैं।

गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए खाद्य वितरण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। वैश्विक समस्याओं का समाधान एक साथ मिलकर करें। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया में, विशेष रूप से विकासशील देशों में सहयोग, समानता और सामाजिक न्याय की संस्कृति को बढ़ावा देना है, क्योंकि इस दिन मानवाधिकार, सामाजिक और आर्थिक विकास और शांति को बढ़ावा देने के लिए दुनिया के देशों और लोगों को एक साथ लाने के प्रयास किए जाते हैं।



संगठन ही सभी शक्तियों की जड़ है, एकता के बल पर ही अनेक राष्ट्रों का निर्माण हुआ है,प्रत्येक वर्ग में एकता के बिना देश कदापि उन्नति नहीं कर सकता। एकता में महान शक्ति है। एकता का प्रकाश इतना शक्तिशाली होता है कि यह पूरी पृथ्वी को रोशन कर सकता है। किसी भी देश की सुदृढ़ नींव एकता और अखंडता पर टिकी होती है। जब देश के नागरिकों में आपसी प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना होती है, तब कोई भी अलगाववादी शक्ति देश को नुकसान नहीं पहुंचा सकती।

एकजुट समाज में शांति, सौहार्द और आपसी विश्वास बना रहता है, जिससे राष्ट्र निरंतर प्रगति करता है। इतिहास गवाह है कि जब-जब देशवासियों ने एक होकर कार्य किया है, तब-तब उन्होंने बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना साहस और दृढ़ संकल्प के साथ किया है। एकता के बल पर ही देश ने स्वतंत्रता प्राप्त की और विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ। आज भी यदि हम जाति-पात, धर्म, भाषा और क्षेत्र के भेदभाव को छोड़कर एक-दूसरे को अपनाएं, तो देश और अधिक मजबूत बन सकता है। राष्ट्रीय एकता से ही सामाजिक समरसता और आर्थिक उन्नति संभव है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर देशहित में सोचें। आइए, हम सब मिलकर अपने प्यारे भारत को जोड़ें और उसे एक समृद्ध, शक्तिशाली और अखंड राष्ट्र बनाएं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### वाहनों की पासिंग 23 व ड्राइविंग टेस्ट 24 को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के वाहन पंजीयन एवं अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि दिसंबर माह में 23 दिसंबर को वाहनों की पासिंग तथा 24 दिसंबर को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। दोनों प्रक्रियाएं राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के मैदान में प्रातः 10 बजे से शुरू होंगी। 24 दिसंबर को होने वाले ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट के लिए आवेदक विभागीय वेबसाइट parivahan.gov.in के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं। टेस्ट के लिए प्रतिभागियों को फोटो सहित पूर्ण रूप से भरा हुआ फार्म साथ लाना अनिवार्य होगा। बिना फोटो, बिना फाइल या अधूरे फार्म स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन आवेदकों के स्लॉट बुक नहीं हैं, उनके भी ड्राइविंग टेस्ट 24 दिसंबर को ही लिए जाएंगे। जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी से निर्धारित निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

### 251 ब्राह्मणों की सहभागिता से होगा गायत्री पाठ

**अनंत ज्ञान, करसोग।** सावन माह के पावन अवसर पर सुकेत रियासत की प्राचीन राजधानी ऐतिहासिक नगरी पांगणा, जिला मंडी में 11 दिवसीय भव्य एवं दिव्य शिव स्तुति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भगवान शिव की आराधना के साथ-साथ हत्या माता एवं समस्त पितृ देवताओं की शांति के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें गायत्री मंत्र पाठ विशेष रूप से सम्मिलित रहेगा। इस महायज्ञ में देश-प्रदेश से 251 ब्राह्मण देवता भाग लेंगे, जो वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देंगे। ठाकुरद्वारा एवं शिव मंदिर एसोसिएशन पांगणा के निदेशक चेतन शर्मा ने बताया कि आयोजन में भाग लेने वाले प्रत्येक ब्राह्मण देवता को ₹51,000 की दक्षिणा प्रदान की जाएगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### नशे के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता नीति का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** श्रम कल्याण बोर्ड उप-कार्यालय जोगिंदरनगर में कामगार कल्याण बोर्ड के तत्वावधान में नशामुक्ति को लेकर संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रेरक पवन कुमार ने बताया कि कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा 15 नवंबर को शुरू किए गए प्रदेशव्यापी एंटी चिट्टा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर के निर्देशानुसार नशामुक्त हिमाचल के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु यह पहल की गई। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने नशे के खिलाफ शून्य सहिष्णुता नीति का समर्थन किया तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त समाज निर्माण की सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ किया गया।

### ईवीएम व वीवीपैट भंडार कक्ष का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने आज भ्यूली स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) व वीवीपैट भंडार कक्ष का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भंडार कक्ष की सुरक्षा व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं तथा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली की विस्तार से जांच की गई। उपायुक्त ने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिस कर्मियों द्वारा की जा रही सुरक्षा ड्यूटी की भी समीक्षा की। उन्होंने भंडार कक्ष में व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संजय शर्मा, भारतीय जनता पार्टी से कर्ण वीर सिंह कौंडल सहित निर्वाचन तहसीलदार राजेश शर्मा तथा नायब तहसीलदार सुनील शर्मा मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने मनोहर प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बलद्वाड़ा स्थित शैलबाला राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या शकुंतला ठाकुर ने की, जबकि मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव पवन ठाकुर रहे। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और खेल मैदान में अतिथियों व अभिभावकों के लिए बैठने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति प्रज्वलन और वंदे मातरम से हुई। विद्यार्थियों ने कंठ गीत, नाट्य, पंजाबी, हरियाणवी और राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या ने वर्षभर की शैक्षणिक, खेलकूद व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि पवन ठाकुर ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए शिक्षा के साथ संस्कारों पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में हंसा देवी, सूरत राम, उमा शर्मा, लक्ष्मी राम, राजकुमारी और विकास शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया।

### अनक्लेम्ड धन वापसी जागरूकता शिविर 22 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के तहत देशभर में चल रहे अनक्लेम्ड धन वापसी अभियान के अंतर्गत मंडी में 22 दिसंबर को विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर भारतीय स्टेट बैंक, गांधी चौक, मंडी में प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक मंडी, चंद्र प्रकाश ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य उन खाताधारकों और लाभार्थियों को जागरूक करना है, जिनकी जमा राशि लंबे समय से विभिन्न बैंकों या बीमा कंपनियों में अवितरित पड़ी हुई है। उपस्थित लाभार्थी अपनी अवितरित धनराशि या बीमा राशि की वापसी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी सीधे बैंक एवं बीमा अधिकारियों से प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में सरल, पारदर्शी और परेशानी-मुक्त दावा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### पोलियो खुराक से वंचित न रहे कोई बच्चा

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडल मुख्यालय में 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम सुरजीत सिंह ने की, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनबाड़ी समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बीएमओ डॉ. संजय गुप्ता ने अभियान के महत्व, लक्षित आयु वर्ग (0-5 वर्ष), टीकाकरण केंद्रों की व्यवस्था और संभावित चुनौतियों पर प्रकाश डाला। एसडीएम सुरजीत सिंह ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान रखते हुए कोई बच्चा वंचित न रहे और विभागीय समन्वय के माध्यम से समयबद्ध लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### बगशाड़ में मौके पर ही बनाए 12 प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान, करसोग।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत बगशाड़ पंचायत घर में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकांश मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों द्वारा लगभग एक दर्जन समस्याएं एवं मांगें प्रस्तुत की गईं, जिनका तत्परता से निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर के दौरान 16 भूमि संबंधी ई-केवाईसी, एक निशानदेही, तक्सीम के 8 मामले, प्रधानमंत्री किसान योजना के 8 मामले तथा विभिन्न प्रकार के 12 प्रमाण पत्र मौके पर ही बनाए गए। शिविर में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल, मुख्यमंत्री सेवा संकल्प 1100 हेल्पलाइन संबंधी 4 और राजस्व विभाग से संबंधित 4 मामले, प्रधानमंत्री किसान पोर्टल, भूमि संबंधी ई-केवाईसी, ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल सहित अन्य पोर्टलों पर दर्ज शिकायतों का भी समाधान किया गया।

### बीमा और वित्तीय साक्षरता पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक (एचपीएससीबी) की शाखा रिवालसर द्वारा टैक्सी यूनियन कार्यालय, रिवालसर में नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य टैक्सी यूनियन से जुड़े सदस्यों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाना रहा। शिविर के दौरान बैंक अधिकारियों ने वाणिज्यिक वाहन ऋण योजना, सीजीटीएमएसई योजना के साथ-साथ प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की पात्रता, लाभ, आवेदन प्रक्रिया और बीमा कवरेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही बचत की आदत, ऋण प्रबंधन, डिजिटल बैंकिंग, सुरक्षित लेन-देन तथा अन्य वित्तीय साक्षरता विषयों पर भी प्रकाश डाला गया।

### जिला परिषद मंडी की त्रैमासिक बैठक 22 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला परिषद मंडी की त्रैमासिक बैठक 22 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिला परिषद कार्यालय के सम्मेलन कक्ष, भ्यूली मंडी में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा करेंगे। यह जानकारी सचिव जिला परिषद अमित डोगरा ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला परिषद के आय-व्यय के अनुमोदन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी।

# मंडी जिले में 1041 शिक्षण संस्थान और 58 गांव हुए तंबाकू मुक्त घोषित

## तंबाकू मुक्त युवा अभियान में मंडी जिले ने लक्ष्य से कहीं अधिक उपलब्धि की हासिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्कूली बच्चों और युवाओं में तंबाकू के सेवन की शुरुआत की संभावना अधिक रहती है और तंबाकू आगे चलकर नशाखोरी की पहली सीढ़ी का काम करता है। नशाखोरी को रोकने के उद्देश्य से तंबाकू के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रदेश व्यापी अभियान के अंतर्गत मंडी जिला में 9 अक्तूबर से 8 दिसंबर तक तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के कुल 2793 शिक्षण संस्थानों में से 1602 शिक्षण संस्थानों का समिति द्वारा मूल्यांकन किया गया, जिनमें से 1041 शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया।

उल्लेखनीय है कि अभियान की शुरुआत में मंडी जिला में लगभग 400 शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जबकि इसके मुकाबले कहीं अधिक शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। अभियान के दौरान जिले भर में 1093 रैलियां आयोजित की गईं, जबकि 1315 वाद-विवाद, नारा लेखन, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवधि में बगस्याड चिकित्सा खंड में 43, बलद्वाड़ा में 32, जंजैहली में 101, करसोग में 180, कटौला में 37, कोटली में 112, लड़भड़ोल में 23, पधर में 140, रत्ती में 120, रोहांडा में 200 तथा संधोल में 53 शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया।

भारत में तंबाकू से हर वर्ष लगभग 13.5 लाख लोगों की मृत्यु होती है। बच्चों और युवाओं को इस अभियान से विशेष रूप से जोड़ा गया, ताकि उन्हें तंबाकू सेवन की शुरुआत से ही रोका जा सके, क्योंकि यही आगे चलकर अन्य नशों का कारण बनता है। अभियान के दौरान 29 प्रवर्तन ड्राइव चलाई गईं। कोटपा अधिनियम 2003 के अंतर्गत 2649 चालान किए गए तथा 2,71,000 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए गए।

### जागरूकता व प्रवर्तन गतिविधियां की संचालित

**जिला** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरिंदम रॉय ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज संस्थाओं तथा स्थानीय समुदाय के समन्वय से जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता और प्रवर्तन गतिविधियां संचालित की गईं।

### सामूहिक भागीदारी का परिणाम उपलब्धि: डीसी

**उपायुक्त** मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि यह उपलब्धि विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों, पंचायत प्रतिनिधियों और युवाओं की सामूहिक भागीदारी का परिणाम है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और जिले में इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जाते रहेंगे।

# मेडिकल स्टोरों व संदिग्ध ठिकानों पर नशीली दवाओं के रिकॉर्ड जांचे



सरकाघाट में एनडीपीएस टीम मेडिकल स्टोर में जांच करती हुई।

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** मुख्यमंत्री के 'नशा मुक्त हिमाचल' अभियान को गति देते हुए और क्षेत्र में अवैध नशीली दवाओं के कारोबार पर नकेल कसने के लिए, ड्रग इंस्पेक्टर कमलकांत ठाकुर ने सरकाघाट क्षेत्र में कई मेडिकल स्टोरों और संदिग्ध ठिकानों पर औचक निरीक्षण एवं छापेमारी की।

इस दौरान कमलकांत ठाकुर ने दवाइयों के स्टॉक, बिक्री के रिकॉर्ड और विशेष रूप से 'शेड्यूल-एच' व नारकोटिक श्रेणी की दवाओं के रजिस्टर की जांच की। जहां भी प्रतिबंध इन इन दवाइयों के रिकॉर्ड के रख रखाव में खामियां पाई गईं, जिन्हें लेकर भविष्य में संबंधित संचालकों को कड़े निर्देश जारी किए गए। ड्रग इंस्पेक्टर ने सभी दवा विक्रेताओं को बिना डॉक्टर की पर्ची के नशीली दवाएं न बेचने के आदेश दिए।

ड्रग इंस्पेक्टर ने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी फार्मासिस्ट या मेडिकल स्टोर संचालक नियमों का उल्लंघन करता पाया गया या प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री में शामिल मिला, तो उसका लाइसेंस तुरंत रद्द कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सरकाघाट कॉलेज क्षेत्र में पीलिया की अफवाहें निराधार, नियंत्रण में स्थिति: स्वास्थ्य विभाग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**पीलिया को लेकर फैलाया भ्रम, लगातार निगरानी जारी: एसडीएम**

सरकाघाट महाविद्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में पीलिया के मामलों को लेकर फैली अफवाहों पर स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभिक चरण से ही सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं तथा वर्तमान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

एसडीएम सरकाघाट राजेन्द्र कुमार गौतम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 19 नवम्बर को बरच्छवाड़ और तताहर क्षेत्र से पीलिया के 35 मामले सामने आए थे। इसके तुरंत बाद रैपिड रिस्पॉन्स टीम का गठन कर प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे किया गया, मरीजों की सूची तैयार की गई, जल स्रोतों की जांच कराई गई तथा जन-जागरूकता अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि हाल ही में यह अफवाह फैलाई गई कि सरकाघाट कॉलेज के प्रतिदिन 20 से 30 छात्र पीलिया से ग्रसित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं और इस मामले को दबाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जांच एवं उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन इतने नए मामलों की पुष्टि नहीं हुई है। अस्पताल आने वाले अधिकांश छात्र पहले से चिन्हित मरीजों की फॉलो-अप जांच के लिए आ रहे हैं। जांच के दौरान सरकाघाट महाविद्यालय की कैंटीन के जल स्रोत में प्रदूषण पाए जाने पर उसे तत्काल सील कर सुपर क्लोरीनेशन की गई। वहीं एसपीएस स्कूल तताहर के जल टैंक में भी जल शक्ति विभाग के सहयोग से सुधारात्मक कार्रवाई की गई। वर्तमान में सभी ताजा जल नमूने बैक्टीरिया मुक्त पाए गए हैं।

एसडीएम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा कॉलेज परिसर में छात्रों को पीलिया एवं हेपेटाइटिस-ए से बचाव को लेकर जागरूक किया गया है तथा यह अभियान लगातार जारी है। जिला रैपिड रिस्पॉन्स टीम ने 25 नवम्बर एवं 18 दिसम्बर को क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का आकलन किया है। उन्होंने कहा कि छात्रों के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी की जा रही है।

# नवाचार व सहयोग की मिसाल बनी हैकाथॉन

## 24-घंटे का हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूजन' संपन्न, 200 प्लस छात्रों ने लिया भाग



हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूजन 2025' के कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अथर्व यूनिवर्सिटी द्वारा पहला 24-घंटे का हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूजन 2025' सफलतापूर्वक आयोजित अथर्व यूनिवर्सिटी, मुंबई के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विश्वविद्यालय का पहला 24-घंटे का हैकाथॉन 'फ्यूचर फ्यूजन 2025' सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं कुलपति सुनील राणे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ और नवाचार-आधारित इंजीनियरिंग शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध हुआ।

स्मार्ट दुनिया के लिए बुद्धिमान इंजीनियरिंग समाधान विषय पर आधारित इस हैकाथॉन में 200 से अधिक इंजीनियरिंग छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 30 से अधिक अंतःविषय टीमों का गठन किया गया, जिनमें प्रत्येक टीम में छह सदस्य एवं महिला सहभागिता अनिवार्य रखी गई, जो समावेशी एवं सहयोगात्मक शिक्षा के प्रति अथर्व यूनिवर्सिटी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रतिभागियों ने 24 घंटों तक लगातार कार्य करते हुए 30 से अधिक वास्तविक जीवन की समस्याओं के लिए नवोन्मेषी समाधान विकसित किए। फ्यूचर फ्यूजन 2025 ने यह सिद्ध किया कि अथर्व यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग शिक्षा को पारंपरिक सैद्धांतिक ढांचे से आगे ले जाकर नवाचार, अनुभवात्मक शिक्षण और उद्यमशीलता पर आधारित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एसडीएम ने मिड-डे मील जांचा

**अनंत ज्ञान, करसोग।** एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बगशाड़ का औचक निरीक्षण कर स्कूल में बच्चों के लिए बनने वाले मिड डे मील की जांच की। इस दौरान एसडीएम ने प्रतिदिन बच्चों को दिए जाने वाले डाइट चार्ट और बच्चों के लिए बनाए गए भोजन का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्कूल प्रशासन, विशेष रूप से मिड डे मील प्रभारी को प्रतिदिन सरकार द्वारा निर्धारित मेन्यू के अनुसार प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल में बच्चों के लिए बनने वाले मिड डे मील पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना, उनकी स्कूल में उपस्थिति और नामांकन बढ़ाना और उन्हें सामाजिक समानता सिखाना है, ताकि बच्चों को कुपोषण और भुखमरी का सामना न करना पड़े और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# यूरो किड्स मंडी के वार्षिक समारोह में नन्हे कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन



यूरो किड्स मंडी के 7वें वार्षिक समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधन, अभिभावक एवं बच्चे।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

यूरो किड्स मंडी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत 7वां वार्षिक समारोह का आयोजन संस्कृति भवन, मंडी में अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और सुव्यवस्थित वातावरण में किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी रंग-बिरंगी एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। प्ले-वे डांस, बॉल-रूम डांस, डम्बल ड्रिल, जापानी नृत्य, नाटी नृत्य, तथा 'विविधता में एकता' विषय पर आधारित फैशन मॉडलिंग ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। यूरो सीनियर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटिका (स्किट) और यूरो जूनियर की 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित प्रस्तुति ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। वहीं सुश्री उमा दीक्षित द्वारा प्रस्तुत कथक नृत्य ने भारतीय शास्त्रीय कला की गरिमा को मंच पर जीवंत कर दिया। समारोह के मंच संचालन में एंकर गरिमा भारद्वाज एवं एंकर उमा दीक्षित की जोड़ी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

समारोह में मुख्यातिथि के रूप में साक्षी वर्मा एसपी मंडी ने शिरकत की। इस अवसर पर हरीश कुमार शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, विनय शर्मा, रूप उपाध्याय एवं हेमलता उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फैंसी ड्रेस एवं रीड- ए- थॉन प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।

### चीफ लैब टेक्नीशियन के पद बढ़ाने की मांग, प्रमोशन न मिलने से निराश कर्मी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** स्वास्थ्य विभाग लेब-टेक्नीशियन संघ जिला मंडी के प्रधान अमरजीत शर्मा ने लेब-टेक्नीशियन कर्मचारियों की समयबद्ध पदोन्नति सुनिश्चित करने तथा चीफ लेब-टेक्नीशियन के पदों में वृद्धि की मांग की है। उन्होंने कहा कि लेब-टेक्नीशियन 30 से 35 वर्षों तक सेवा देने के बावजूद बिना किसी पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जो अत्यंत निराशाजनक है। अमरजीत शर्मा ने बताया कि लगभग 40 वर्ष पहले चीफ लेब-टेक्नीशियन के केवल 45 पद सृजित किए गए थे, जिनमें आज तक कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसके विपरीत सीनियर लेब-टेक्नीशियन/मेडिकल लेब-टेक्नीशियन ग्रेड-I के 956 पद सृजित हैं। स्वास्थ्य विभाग की अन्य श्रेणियों में 15 से 20 प्रतिशत तक पदोन्नति का प्रावधान है, जबकि लेब-टेक्नीशियन वर्ग में यह मात्र 4.5 प्रतिशत तक सीमित है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति में लगभग 95 प्रतिशत लेब-टेक्नीशियन उसी पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिस पद पर उनकी नियुक्ति हुई थी। इससे कर्मचारियों का मनोबल लगातार गिरता जा रहा है। अमरजीत शर्मा ने कहा कि लेब-टेक्नीशियन स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं, क्योंकि लैब परीक्षणों के आधार पर ही चिकित्सक मरीजों के उपचार का निर्णय लेते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल, स्वास्थ्य सचिव तथा स्वास्थ्य निदेशक से मांग की कि चीफ लेब-टेक्नीशियन/मेडिकल लेब-टेक्नीशियन ग्रेड-II के लगभग 100 पद अपग्रेड किए जाएं, ताकि कर्मचारियों को कम से कम एक पदोन्नति का लाभ मिल सके। साथ ही वेतन विसंगतियों को दूर कर कर्मचारियों का मनोबल बनाए रखने की भी अपील की।

# चौंतड़ा स्कूल के पांच खिलाड़ी खो-खो नेशनल में करेंगे हिमाचल का प्रतिनिधित्व



खो-खो राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रवाना चौंतड़ा स्कूल के चयनित खिलाड़ी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी जिला की पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा के एक साथ पांच खिलाड़ी खो-खो में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खास बात यह है कि ये पांचों खिलाड़ी एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। स्कूल के लिए बड़े हर्ष की बात है कि ये सभी खो-खो में नेशनल लेवल पर हिमाचल की टीम का हिस्सा बनेंगे, जिसमें अंडर-17 आयु वर्ग में रितिका बवरेल, अंजली ठाकुर और लड़कों के आयु वर्ग में अरुण अयोध्या यूपी में 20 दिसंबर से 24 दिसंबर तक हिमाचल खो-खो टीम का हिस्सा बनेंगे। ये खिलाड़ी बीते वीरवार को अयोध्या के लिए रवाना हो गए हैं। इसी के साथ-19 आयु वर्ग में कृतिका चौहान और मीनाक्षी 23 दिसंबर 27 दिसंबर तक जबलपुर मध्य प्रदेश में भाग लेंगी जो गत 20 दिसंबर को जबलपुर के लिए रवाना होंगे। बता दें कि इस साल अरुण और कृतिका चौहान दोनों का ये दूसरा नेशनल है, जिसमें अरुण ने एथेलेटिक्स में 400 मीटर और कृतिका ने जैवलिन थ्रो में भाग लिया था अब ये दोनों खिलाड़ी खो-खो में नेशनल लेवल पर हिमाचल की टीम का हिस्सा होंगे।

# सावन बरवाल विश्व क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



**10 जनवरी को अमेरिका में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व**

जिला मंडी के चौंतड़ा खंड के गांव रड्डा भण्डेहड़ निवासी प्रतिभावान धावक सावन बरवाल का चयन विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 10 जनवरी को अमेरिका के तालेहसे नगर में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में सावन बरवाल, गुलबीर सिंह और अभिषेक पाल के साथ भारतीय दल के तीन सदस्यीय समूह में शामिल होकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 को एशिया मैराथन प्रतियोगिता में इन तीनों धावकों ने भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया था, जबकि सावन बरवाल ने व्यक्तिगत रूप से कांस्य पदक भी प्राप्त किया था। मात्र 26 वर्ष की आयु में सावन बरवाल अपना आने वाले चार से छह वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखते हैं। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सावन बरवाल को परिवार सहित 26 जनवरी 2026 के गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है, जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। प्रशिक्षक गोपाल बरवाल का कहना है कि मैदान में ईमानदारी, अनुशासन और जुनून के साथ की गई मेहनत से ही खिलाड़ी माता-पिता, प्रदेश और देश का मान-सम्मान बढ़ाता है।

### प्रतिभा | बेटियां हर क्षेत्र में रच रहीं सफलता की इबारत, जोगिंद्रनगर का चमका नाम

# दुबई में विभा शर्मा का ज्योतिष शास्त्र में परचम

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** आज के आधुनिक युग में बेटियां शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन, चिकित्सा और कला के साथ-साथ पारंपरिक ज्ञान के क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। वे न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं। इसी प्रेरणादायक कड़ी में जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा ने ज्योतिष शास्त्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

जोगिंद्रनगर स्थित श्री शारदा ज्योतिष निकेतन वर्षों से ज्योतिष शास्त्र के प्रचार-प्रसार और शोध के लिए जाना जाता है। संस्थान के निदेशक, विश्वविख्यात हस्तरेखा एवं सामुद्रिक शास्त्र के विद्वान कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा का ज्योतिष जगत में विशेष स्थान है। उनके सान्निध्य और मार्गदर्शन में उनकी सुपुत्री विभा शर्मा ने फलित ज्योतिष, रत्न शास्त्र, हस्तरेखा विज्ञान तथा जन्मकुंडली विश्लेषण में गहन अध्ययन कर विशेषज्ञता प्राप्त की। कठोर साधना, निरंतर अध्ययन और पारिवारिक संस्कारों के बल पर विभा शर्मा ने न केवल संस्थान की परंपरा को आगे बढ़ाया, बल्कि उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।



दुबई में ज्योतिष शास्त्र का परचम लहरा रहीं विभा शर्मा।

वर्तमान समय में वह दुबई में रहकर ज्योतिष शास्त्र के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। वहां वे हस्तरेखा परीक्षण, जन्मपत्रिका अध्ययन, रत्न परामर्श और जीवन से जुड़े विभिन्न प्रश्नों पर वैज्ञानिक एवं शास्त्रीय पद्धति से मार्गदर्शन प्रदान कर रही हैं।

दुबई में उनकी सेवाओं को वहां निवास कर रहे भारतीयों के साथ-साथ विदेशी नागरिकों द्वारा भी सराहा जा रहा है। उनकी सटीक भविष्यवाणियां, सरल परामर्श शैली और सकारात्मक दृष्टिकोण के कारण लोग उनसे निरंतर जुड़ रहे हैं। इससे न केवल भारतीय ज्योतिष शास्त्र की प्रतिष्ठा बढ़ रही है, बल्कि भारतीय संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान का भी वैश्विक स्तर पर प्रचार हो रहा है। श्री शारदा ज्योतिष निकेतन परिवार ने विभा शर्मा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान के लिए यह सम्मान की बात है कि उसकी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भारत के साथ-साथ विदेशों में भी ज्योतिष शास्त्र की महत्ता को स्थापित कर रही हैं। संस्था की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम सफलता और दीर्घ यशस्वी सेवाओं की कामना की गई है।

ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा ने कहा कि आज वह जिस मुकाम पर हैं, उसका संपूर्ण श्रेय उनके पिता लेखराज शर्मा को जाता है, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया और ज्योतिष शास्त्र का गहन ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने अपनी माता संतोष शर्मा का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माता का स्नेह, विश्वास और सहयोग हर कठिन समय में उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। विभा शर्मा की यह सफलता न केवल जोगिंद्रनगर बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि बेटियों को उचित अवसर, मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो वे अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर विश्व पटल पर भी अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

# टाहलीवाल में यातायात सुधार के लिए नो पार्किंग व नो वेंडिंग जोन घोषित

## यातायात को सुगम व सुव्यवस्थित बनाने के लिए डीसी ने जारी किए आदेश

अनंत ज्ञान, ऊना

उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने उपमंडल हरोली के अंतर्गत टाहलीवाल क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टाहलीवाल चौक सहित आसपास के प्रमुख सड़क खंडों को नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित करने के आदेश जारी किए हैं।

मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117 के तहत जारी किए यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू किए गए हैं और आगामी निर्देशों तक प्रभावी रहेंगे। बता दें, जिला प्रशासन इससे पहले ऊना शहर, मेहतपुर, बंगाणा और गगरेट में व्यापक जन सुविधा एवं सुव्यवस्था निर्मित करने के मद्देनजर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित कर चुका है। उपायुक्त ने बताया कि सड़कों पर अवैध पार्किंग एवं अनधिकृत वेंडिंग के कारण यातायात बाधित होने, पैदल यात्रियों को असुविधा तथा सड़क सुरक्षा से जुड़े जोखिमों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीसी ऊना

**टाहलीवाल** चौक से शर्मा दैनिक जरूरतों की दुकान तक (टाहलीवाल चौक से हरोली रोड) मार्ग को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग पर यात्रियों के लिए जय मां एंटरप्राइजेज, मुख्य बाजार टाहलीवाल के समीप चिन्हित बस स्टैंड निर्धारित किया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि आदेशों की अवहेलना करने पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 एवं अन्य संबंधित कानूनों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आदेशों का उद्देश्य क्षेत्र में सुचारू आवागमन, जनसुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करना है। आदेशों के अनुसार टाहलीवाल चौक से केसीसी बैंक तक (टाहलीवाल चौक से संतोषगढ़ सड़क) सड़क के दोनों ओर नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन रहेगा। यात्रियों के चढ़ने-उतरने के लिए बसें एसबीआई बैंक टाहलीवाल के सामने स्थित रेन शेल्टर के समीप चिन्हित बस स्टैंड पर रुकेंगी। इसी प्रकार टाहलीवाल चौक से होटल केपी तक (टाहलीवाल चौक से अमराली सड़क) मार्ग को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इस मार्ग पर बसें जय श्री राम ट्रेडिंग कंपनी, मुख्य बाजार टाहलीवाल के पास निर्धारित बस स्टैंड का उपयोग करेंगी।

इसके अतिरिक्त टाहलीवाल चौक से हिमालयन ऑटो सर्विस सेंटर तक (टाहलीवाल चौक से बाथड़ी रोड) सड़क खंड को भी नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन बनाया गया है। इस मार्ग पर एसबीआई बैंक के समीप तथा शर्मा स्वीट शॉप, मुख्य बाजार टाहलीवाल के पास चिन्हित बस स्टैंड पर बसों के ठहराव की व्यवस्था की गई है।

# बारालाचा जोत टनल से बदलेगी किन्नौर, लाहौल की तस्वीर

अनंत ज्ञान, बंगाणा

हिमाचल के सीमावर्ती जिला किन्नौर में प्रस्तावित बारालाचा जोत टनल के निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल सामने आई है।

हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के संबंध में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने किन्नौर-लाहौल क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, सामरिक आवश्यकताओं और स्थानीय जनता की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। डॉ. सिकंदर द्वारा विषय उठाए जाने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि बारालाचा जोत टनल परियोजना की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस पर माननीय केंद्रीय मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि पूरी होते ही टनल के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। डॉ. सिकंदर ने बताया कि



**डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाया मुद्दा**

**नितिन गडकरी ने दिया जल्द निर्माण का आश्वासन**

बारालाचा जोत टनल किन्नौर और लाहौल-स्पीति जैसे अत्यंत दुर्गम एवं सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए जीवनरेखा सिद्ध होगी। वर्तमान में यह क्षेत्र वर्ष के अधिकांश समय भारी हिमपात और खराब मौसम के कारण शेष प्रदेश से कट जाता है, जिससे स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। टनल के निर्माण से वर्षभर सुगम और सुरक्षित आवागमन संभव हो सकेगा। इस परियोजना का सामरिक महत्व भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। किन्नौर और लाहौल-स्पीति क्षेत्र चीन सीमा के निकट स्थित हैं, जहां भारतीय सेना की तैनाती रहती है। बारालाचा जोत टनल के निर्माण से सेना की आवाजाही सुगम होगी, जिससे सीमावर्ती क्षेत्रों में भारत की रणनीतिक मजबूती और राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक बल मिलेगा। आपातकालीन परिस्थितियों में सेना और सुरक्षा बलों की त्वरित तैनाती सुनिश्चित की जा सकेगी। स्थानीय जनता के लिए यह परियोजना वर्षों पुरानी मांग रही है। टनल के बन जाने से न केवल यात्रा का समय कम होगा, बल्कि पर्यटन, व्यापार और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

इससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी और पलायन की समस्या पर भी अंकुश लगेगा। साथ ही सेब, आलू और अन्य कृषि व बागवानी उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में भी सुविधा होगी। डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# कोहरे ने धीमी की ट्रेनों की रफ्तार, यात्री हुए परेशान

**हिमाचल एक्सप्रेस तीन घंटे देरी से व वंदे भारत भी डेढ़ घंटा लेट पहुंची ऊना**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

दो दिनों से कोहरे ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। घने कोहरे व धुंध का असर वीरवार व शुक्रवार को रेल यातायात पर साफ नजर आया। खराब मौसम के चलते हिमाचल एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से करीब तीन घंटे की देरी से ऊना रेलवे स्टेशन पहुंची। यह ट्रेन बरेली से ऊना के बीच संचालित होती है। ट्रेन की देरी के कारण स्टेशन पर मौजूद सैकड़ों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। देर से पहुंचने के कारण यह ट्रेन वापसी में भी विलंब से रवाना हुई।

जानकारी के मुताबिक रेल डिवीजन अंबाला सहित अन्य क्षेत्रों में भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। उत्तर भारत के मैदानी राज्यों दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में छाए घने कोहरे के कारण हिमाचल प्रदेश की ओर आने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेन सेवाएं निर्धारित समय से काफी देर से पहुंचीं। जिला मुख्यालय ऊना स्थित रेलवे स्टेशन पर सुबह 6.40 बजे पहुंचने वाली हिमाचल एक्सप्रेस करीब तीन घंटे की देरी से सुबह 9.35 बजे स्टेशन पहुंची। वहीं साबरमती-दौलतपुर चौक एक्सप्रेस भी अपने तय समय से लगभग आधा घंटा देरी से पहुंची। बता दें कि प्रीमियम श्रेणी में शामिल वंदे भारत एक्सप्रेस भी कोहरे के प्रभाव से नहीं बच सकी।

यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से एक घंटा 34 मिनट की देरी से ऊना रेलवे स्टेशन पहुंची। सुबह से स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों और उनके परिजनों को लंबा इंतजार करना पड़ा। यात्रियों का कहना है कि वे तय समय के अनुसार स्टेशन पहुंचे थे, लेकिन घने कोहरे के कारण ट्रेन सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इससे न केवल उनकी दिनचर्या प्रभावित हुई, बल्कि जरूरी कामकाज में भी विलंब हुआ। ऊना रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन करीब नौ रेल गाड़ियों का आवागमन होता है, जिनमें तीन पैसेंजर ट्रेनें शामिल हैं, जबकि छह अन्य ट्रेनें नियमित रूप से आती-जाती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में उठी गंभीर चिंताएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा में जिला अध्यक्ष लखनपाल शर्मा की अध्यक्षता में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिले के विभिन्न निजी स्कूलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में शिक्षा विभाग की नीतियों को लेकर गंभीर चिंताएं व्यक्त की गईं। प्रतिनिधियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले निजी स्कूलों के छात्रों को लैपटॉप न दिए जाने पर आपत्ति जताई, जबकि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को यह सुविधा मिल रही है। साथ ही, ऑनलाइन हाजिरी प्रणाली (स्विफ्ट) को अनिवार्य किए जाने पर भी विरोध दर्ज कराया गया। जिला अध्यक्ष लखनपाल शर्मा ने कहा कि निजी स्कूल भी शिक्षा के महत्वपूर्ण भागीदार हैं और लाखों छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने मांग की कि निजी स्कूलों के मेरिट छात्रों को लैपटॉप दिए जाएं और ऑनलाइन हाजिरी से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो एसोसिएशन सामूहिक रूप से आंदोलन कर सकता है। बैठक में वीरेंद्र ठाकुर, नरेश कुमार, प्रदीप वर्धन और सीमा शर्मा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### पोलियो उन्मूलन में रोटरी की ऐतिहासिक भूमिका

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 के वरिष्ठ रोटेरियन एवं पूर्व अध्यक्ष मनोज कुंद्रा ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल ने पोलियो उन्मूलन को वैश्विक मानव सेवा आंदोलन के रूप में बढ़ावा दिया है। पोलियोप्लस कार्यक्रम के माध्यम से धन, स्वयंसेवकों और सतत निगरानी को जोड़कर यह अभियान जमीनी स्तर तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि रोटरी इंटरनेशनल, ग्लोबल पोलियो उन्मूलन पहल की संस्थापक साझेदार है। अब तक 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक योगदान से 2.5 बिलियन से अधिक बच्चों का टीकाकरण हुआ और पोलियो के मामलों में 99.9 प्रतिशत तक कमी आई। भारत में रोटरी स्वयंसेवकों ने दुर्गम क्षेत्रों और संकोची समुदायों तक पहुंचकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोटरी क्लब पालमपुर के अध्यक्ष अजय सूद, सचिव राघव शर्मा और पल्स पोलियो कार्यक्रम के चेयरमैन पंकज जैन ने बताया कि 21 दिसंबर को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, पालमपुर में पोलियो बूथ का उद्घाटन होगा।

### समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में समाजसेवी अशोक चौधरी मुख्यातिथि और पीटीए अध्यक्ष डिंपल कुमारी विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समापन समारोह मां सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और एनएसएस गीत के साथ शुरू हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सामाजिक सेवा, स्वच्छता, अनुशासन और जन जागरूकता से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्यातिथि अशोक चौधरी ने स्वयंसेवियों के योगदान की सराहना की और उन्हें समाज सेवा व राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी अतिथियों, शिक्षकगण और स्वयंसेवियों का आभार व्यक्त किया गया।

### आर्किटेक्ट्स व इंजीनियर्स का जिला स्तरीय संघ गठित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में जिले के आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स ने एक जिला स्तरीय एसोसिएशन का गठन किया। लगभग 30 तकनीकी पेशेवरों की बैठक में नरेंद्र पाल सैनी को अध्यक्ष चुना गया, जबकि अन्य सदस्यों को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया। आर्किटेक्ट आदेश प्रसार ने बताया कि एसोसिएशन का उद्देश्य नियमों को भवन डिज़ाइन, नियोजन और निर्माण से संबंधित पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करना है। बैठक में सुरक्षित निर्माण तकनीक, भूकंपरोधी भवन, ग्रीन बिल्डिंग और ऊर्जा दक्ष निर्माण पर चर्चा हुई। भविष्य में कार्यशालाएं, जागरूकता कार्यक्रम और तकनीकी संवाद आयोजित करने पर भी सहमति बनी, जिससे जिले में सुरक्षित और टिकाऊ विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### नेत्र जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** शिवालिक सेवा समिति सोहारी ने पुलिस चौकी जोल परिसर में निशुल्क नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन उद्योगपति योगराज जोशी और बीडीसी सदस्य सुषमा कुमारी ने पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ किया। शिविर में ग्रामीण, युवा, महिलाएं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नेत्र जांच में डॉक्टर मुकेश कुमार और प्रदीप गुप्ता की टीम ने सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच कर निशुल्क दवाइयां और चश्मे वितरित किए। रक्तदान शिविर में युवाओं और पुलिस कर्मियों ने भाग लिया, रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समिति के प्रधान डॉक्टर सुरेश शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाते हैं और जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, पुलिस, चिकित्सक और समाजसेवी उपस्थित रहे।

### सीटू ने केंद्र के नए श्रम कानूनों का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सीटू जिला कमेटी ने श्रम कानून में बदलाव के प्रस्ताव के विरोध में राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। जिला प्रतिनिधियों गुरनाम सिंह और विजय कुमार ने बताया कि अगर नए कानून वापस नहीं लिए गए, तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 21 नवंबर 2025 को 40 पुराने श्रम कानूनों को खत्म कर चार नए कानून बनाए हैं, जो यूनियन गतिविधियों, स्थायी नौकरियों और मजदूर अधिकारों पर अंकुश लगाते हैं। ठेका मजदूरी, न्यूनतम वेतन, मातृत्व लाभ और श्रम निरीक्षण जैसी सुविधाओं पर असर पड़ेगा। सीटू ने मांग की है कि केंद्र सरकार इन चार श्रम कानूनों को तुरंत वापस ले, अन्यथा बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा।

# अंब में नशे के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्रवाई 25 लाख व 2320 ट्रामाडोल गोलियां बरामद

अनंत ज्ञान, अंब

अंब पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई एसएचओ रूप सिंह की अगुवाई में की गई, जो अंब में उनकी दूसरी बड़ी सफलता मानी जा रही है।

इससे पहले भी उनकी टीम द्वारा एक व्यक्ति से भारी मात्रा में नशीली दवाइयां बरामद की जा चुकी हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अंब का रहने वाला एक दवा विक्रेता नशीली दवाइयों का अवैध कारोबार करता है। सूचना के आधार पर शुक्रवार को एसएचओ रूप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम जिसमें रणजीत सिंह, सुनील, वरिंदर कुमार और महिला आरक्षी नीलम कुमार शामिल थीं। उन्होंने पहले आरोपी की दुकान पर दबिश दी, जहां से कोई खास बरामदगी नहीं हुई। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर छापा मारा।

**नकदी व नशीली दवाइयां अपने कपड़ों की अलमारी में रखी थीं छिपाकर**

करीब 6 घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से लगभग 25 लाख रुपए नकद और 2320 ट्रामाडोल की गोलियां बरामद कीं। सूत्रों के अनुसार आरोपी ने यह नकदी और नशीली दवाइयां अपने कपड़ों की अलमारी में छिपाकर रखी थीं, जबकि दवाइयों को छोटी-छोटी पुड़ियों में बांधकर रखा गया था।

इतनी बड़ी मात्रा में नकदी होने के कारण पुलिस को उसे गिनने में काफी समय लग गया। पुलिस ने इस मामले में अंकुश कुमार पुत्र दर्शन सिंह को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई जारी है।

# यूथ वॉरियर डिफेंस अकादमी ने रचा नया कीर्तिमान

**अनंत ज्ञान, अंब।** चक स्थित यूथ वॉरियर डिफेंस अकादमी ने इस वर्ष भी एक नई उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अकादमी के 7 छात्रों का चयन भारतीय सेना में हुआ है, जबकि एक छात्र का चयन हिमाचल प्रदेश पुलिस में हुआ है। अकादमी के संचालक संजीव कुमार ने बताया कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन व नियमित प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अकादमी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को देश सेवा के लिए तैयार करना है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है और अभिभावकों सहित स्थानीय लोगों ने अकादमी के प्रयासों की सराहना की है। यूथ वॉरियर डिफेंस अकादमी लगातार युवाओं को सेना व पुलिस जैसी सेवाओं के लिए तैयार कर एक सशक्त भविष्य की दिशा में कार्य कर रही है।

# लोअर भंजाल में महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूह का गठन



लोअर भंजाल में महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण पहल की।

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना, जायका चरण-दो के अंतर्गत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना ने ग्राम पंचायत लोअर भंजाल में महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण पहल की।

इस उपपरियोजना के तहत स्थानीय महिलाओं को संगठित कर एक स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया, जिससे ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ सकें। स्वयं सहायता समूह का गठन कृषक विकास संघ के प्रधान बालकृष्ण की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को समूह के उद्देश्य, दीर्घकालिक लाभ और कार्यप्रणाली पर जानकारी दी गई। उन्हें समूह के माध्यम से बचत की आदत विकसित करने, स्वरोजगार के अवसर सृजित करने, लघु उद्यम स्थापित करने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कृषि विशेषज्ञ मनीषा शर्मा ने बताया कि उपस्थित महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनने और अपने परिवार व समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# नशेड़ी युवक ने मां भाभी से की मारपीट

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पुलिस थाना सदर ऊना के अंतर्गत गांव बहडाला में एक युवक ने शराब के नशे में अपनी 64 वर्षीय बुजुर्ग मां और भाभी के साथ मारपीट की। इस घटना में बुजुर्ग मां की बाजू में फ्रेक्चर हो गया, जबकि भाभी भी घायल हो गई। दोनों घायलों का क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में राम प्यारी, निवासी बहडाला ने बताया कि वीरवार रात उनका छोटा बेटा जोगिंदर सिंह शराब के नशे में घर पहुंचा। इसी दौरान बेटे जोगिंदर सिंह और ज्योति देवी के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। जब राम प्यारी ने बेटे को समझाने का प्रयास किया तो उसने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव के लिए आई बड़ी बहू सुमन देवी पर भी आरोपी ने ईंट से सिर पर वार किया, जिससे उन्हें भी चोटें आईं। इस संबंध में एसपी अमित यादव ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी जोगिंदर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# बड़ूही में वॉलीबाल टूर्नामेंट स्थगित

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत बड़ूही पंचायत में 20 व 21 दिसंबर को आयोजित होने वाला बहुप्रतीक्षित वॉलीबाल टूर्नामेंट गांव में हुए एक आसामयिक निधन के चलते स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय आयोजन समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया। आयोजन समिति द्वारा बड़ूही की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि गांव में शोक का माहौल होने के कारण इस समय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उचित नहीं समझा गया। समिति ने सामाजिक संवेदनाओं और परंपराओं का सम्मान करते हुए टूर्नामेंट को आगामी तिथि तक स्थगित करने का फैसला लिया है। समिति ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट की नई तिथि शोक अवधि समाप्त होने के बाद जल्द घोषित की जाएगी, ताकि सभी टीमें और खिलाड़ी अपनी तैयारी पुन: सुनिश्चित कर सकें। आयोजन समिति ने सभी पंजीकृत टीमों, खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों से इस निर्णय में सहयोग करने की अपील की है।

# नेशनल कराटे व ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मानसी राणा दिखाएंगी अपना दमखम

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल व पंजाब के लिए गर्व का क्षण तब बना जब 21वीं नेशनल ब्रूस्ली गोल्ड कप में भाग लेने के लिए हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की मानसी राणा का चयन हुआ।

मानसी राणा कराटे एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हिमाचल प्रदेश जोमासर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 21 दिसंबर को श्री राम मंदिर, विक्रम इंकलेवी, नियर सीमापुरी डिपो, दिल्ली में आयोजित होने जा रही है। इसमें देशभर से चुनिंदा कराटे और ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की मानसी राणा का चयन उनके शानदार खेल कौशल, कठोर मेहनत व कई सफल प्रदर्शनों के आधार पर किया गया है। यह खिलाड़ी 20 दिसंबर को दिल्ली के लिए रवाना होंगी और अगले दिन चैंपियनशिप में अपने दमखम का लोहा मनवाएंगी। एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा कि मानसी राणा ने पिछले कई महीनों से जिस अनुशासन व मेहनत के साथ अपनी तैयारी को निखारा है, वह निश्चित तौर पर उसे इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन तक पहुंचाएगा।



क्षेत्रवासियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में इनके चयन से उत्साह का माहौल है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा। स्थानीय लोगों व बुद्धिजीवी वर्ग का मानना है कि मानसी राणा अपने माता-पिता गुरुजनों स्कूल क्षेत्र व जिला सहित राज्य का नाम एक बार फिर से राष्ट्रीय मंच पर चमका कर लौटेगी।

# हिमाचल सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए संकल्पबद्ध

# 8608 लाभार्थी दिव्यांग राहत भत्ता योजना से लाभान्वित

अनंत ज्ञान, ऊना

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रगतिशील एवं संवेदनशील नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के जरिए दिव्यांगजनों को आर्थिक सुरक्षा, सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता प्रदान की जा रही है, ताकि वे समावेशी शिक्षा, कौशल विकास और समाज की मुख्यधारा से प्रभावी रूप से जुड़ सकें। प्रदेश सरकार के ये प्रयास मुख्यमंत्री की जन-हितैषी और समावेशी सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। मुख्यमंत्री का स्पष्ट मानना है कि दिव्यांगजनों को केवल सहायता तक सीमित रखना उद्देश्य नहीं है, बल्कि उन्हें सम्मान, समान अवसर और सुरक्षित भविष्य उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला कल्याण अधिकारी ऊना आवास पंडित ने

### दिव्यांग राहत भत्ता योजना से मिल रहा आर्थिक संबल

**प्रदेश** सरकार की दिव्यांग राहत भत्ता योजना दिव्यांगजनों के लिए आर्थिक संबल का सशक्त माध्यम बनी है। योजना के अंतर्गत 40 से 69 प्रतिशत विकलांगता वाले पुरुषों को 1150 रुपये तथा महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जा रही है। वहीं 70 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले पुरुषों एवं महिलाओं को 1700 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि दी जा रही है। मानसिक रूप से अविकसित व्यक्ति भी इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। योजना का लाभ 40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता वाले पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है।

बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के मार्गदर्शन में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ जिले के पात्र लाभार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले में 40 से 69 प्रतिशत विकलांगता श्रेणी के 3450 तथा 70 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले 5100 दिव्यांग पुरुष एवं महिलाएं दिव्यांग राहत भत्ता योजना के अंतर्गत लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अप्रैल से सितंबर 2026 की अवधि के दौरान जिले में इस योजना के अंतर्गत 5 करोड़ 38 लाख 61 हजार 850 रुपये की राशि व्यय की गई है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 40 से 69 प्रतिशत श्रेणी के एक लाभार्थी तथा 70 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले 57 दिव्यांगजनों को प्रति तिमाही कुल 2 लाख 78 हजार 850 रुपये की पेंशन प्रदान की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत से कम विकलांगता वाले व्यक्ति इस योजना के लिए पात्र नहीं हैं, जबकि पात्र लाभार्थियों के लिए कोई आय या आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

**पत्रकार वार्ता** वीरेंद्र कंवर ने कहा, राज्य सरकार को तीन साल में कुटलैहड़ ने दिए दो विधायक

# कुटलैहड़ के हक के लिए 22 को भाजपा की हल्ला बोल रैली

अनंत ज्ञान, बंगाणा

अखिल भारतीय वॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कुटलैहड़ को दो-दो विधायक मिले, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि दोनों ही विधायक क्षेत्र के विकास में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि एक विधायक ने लगभग 15 महीने और दूसरे ने करीब डेढ़ वर्ष का कार्यकाल पूरा किया, लेकिन दोनों आज तक कुटलैहड़ के लिए, केवल दो ठोस विकास कार्य भी गिनाने की स्थिति में नहीं हैं।

वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र लंबे समय से सरकार की उपेक्षा का शिकार रहा है। विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं और जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार और क्षेत्र के प्रतिनिधि कुटलैहड़ के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपना रहे हैं। जनता ने जिन उम्मीदों के साथ अपने प्रतिनिधि चुने थे, वे सभी उम्मीदें आज टूट चुकी हैं। पत्रकार वार्ता में कंवर ने ऐलान किया कि कुटलैहड़ की अनदेखी के खिलाफ भाजपा 22 दिसंबर को 'हल्ला बोल' कार्यक्रम के तहत एक विशाल रैली का आयोजन करेगी। यह रैली होटल आशीर्वाद से शुरू होकर एसडीएम बंगाणा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगी। ज्ञापन के जरिए राज्य सरकार को कुटलैहड़ के लंबित विकास कार्यों को लेकर चेताया जाएगा और एक माह का समय दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि एक माह के भीतर कुटलैहड़ में रुके हुए विकास कार्य पूरे नहीं किए गए, तो भाजपा कुटलैहड़ में बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। यह आंदोलन केवल औपचारिक नहीं होगा, बल्कि जनता को भागीदारी से एक व्यापक जन आंदोलन का रूप लेगा। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि भाजपा कुटलैहड़ के हक की लड़ाई लंबी लड़ेगी और जब तक क्षेत्र को उसका हक नहीं मिल जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। वीरेंद्र कंवर ने बरसात के दौरान आई आपदा का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय सरकार और प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा के बाद न तो बंद पड़ी सड़कों को समय पर खोला गया और न ही पेयजल आपूर्ति को सुचारू किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग महीनों तक परेशान रहे, लेकिन उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। यह सरकार की संवेदनहीनता का सबसे बड़ा उदाहरण है।



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर बंगाणा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान साथ हैं अन्य।

### तीन साल से कुटलैहड़ के 14 सरकारी कार्यालय बंद, जनता में भी आक्रोश

**वीरेंद्र** कंवर ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में 14 सरकारी कार्यालय बंद कर दिए गए, लेकिन आज तक उन्हें दोबारा नहीं खोला गया। इससे क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे कामों के लिए लोगों को दूर-दराज के कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही सरकार का 'सिस्टम सुधार' है? पूर्व मंत्री ने कहा कि जब तक कुटलैहड़ में विकास को गति नहीं दी जाती, तब तक भाजपा का 'हल्ला बोल' आंदोलन जारी रहेगा। यह आंदोलन केवल एक दिन की रैली तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राज्य सरकार के खिलाफ एक निरंतर जन आंदोलन के रूप में चलता रहेगा।

# संगठन से बनती है सरकार, कार्यकर्ता अपनी ताकत को समझें : देवेंद्र भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्लाहटा क्यारियां, घुघन ककराना, खुरवाईं-1, खुरवाईं-2, जोगीपंगा, थानाकलां-1 व थानाकलां-2 बूथों की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा में सबसे पहले सनातन और राष्ट्र है, सत्ता बाद में आती है। संगठन सरकार बनाता है, सरकार संगठन नहीं। भुट्टो ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता है व यदि हर कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत कर ले, तो पार्टी को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत का मंत्र ही आगामी समय की राजनीति की दिशा तय करेगा। बूथ अध्यक्षों को अपनी जिम्मेदारी व शक्ति को समझते हुए घर-घर दस्तक देने की आवश्यकता है, ताकि हर परिवार को भाजपा से जोड़ा जा सके।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं। सड़कें जगह-जगह से बंद व टूटी-फूटी हालत में हैं, जिससे लोगों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति बाधित है, कई गांवों में लोगों को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार और प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। भुट्टो ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को विकास के लिए दी जा रही राशि को भी सुक्खू सरकार खर्च करने में असफल रही है, जो सरकार की अक्षमता को दर्शाता है।



कुटलैहड़ में बूथों की बैठक में बोले पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### आनी क्षेत्र में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, आनी।** शनिवार को 22 केवी कंट्रोल प्वॉइंट आनी के 22 केवी आनी-निगान फीडर का जरूरी रखरखाव किया जाना है। जानकारी देते हुए बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता अमर ठाकुर ने बताया कि शनिवार को आनी, नालदेरा, कयार कॉलोनी, मिशन कॉलोनी, न्यू बस स्टैंड, ओल्ड बस स्टैंड, किरण बाजार, बराड़, नगान, फ्रानाली, जाबन, जांजा, कुंगुश, कराना, चवाई, डुगा-शघान, गाड़ा-डीम और काथला आदि क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग की अपील की है।

### रजत जयंती समारोह से संबंधित तैयारियों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पूर्व छात्र संघ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं की कार्यकारिणी बैठक विद्यालय परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हीरा लाल ठाकुर ने की। बैठक का उद्देश्य संघ के रजत जयंती समारोह की तैयारियों की समीक्षा, आय-व्यय विवरण पर चर्चा तथा आगामी रणनीति तय करना रहा। बैठक में प्रो. दीप लाल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। रजत जयंती समारोह से संबंधित अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। वित्त सचिव द्वारा प्रस्तुत आय-व्यय विवरण को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई तथा उनके कार्य की सराहना की गई। बैठक में आर्थिक रूप से कमजोर दो मेधावी विद्यार्थियों को 36,000 की शैक्षणिक सहायता देने, विद्यालय में शुद्ध पेयजल के लिए वॉटर कूलर/फिल्टर सिस्टम लगाने तथा शेष धनराशि को एफडी में निवेश करने का निर्णय लिया गया। श्री शेर सिंह को कार्यकारिणी का नया सदस्य नियुक्त किया गया। बैठक में संघ के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### अनक्लेम्ड जमा राशि के लिए लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भारत सरकार के वित्तीय सेवाएं विभाग तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आरंभ किए गए देशव्यापी अभियान 'आप का पैसा, आपका अधिकार' के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ग्राम पंचायत बरान में अनक्लेम्ड जमा राशि से संबंधित विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 70 लोगों ने भाग लिया। शिविर में अनक्लेम्ड जमा राशि को सरल प्रक्रिया से प्राप्त करने के बारे लोगों को जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त लोगों को री-केवाईसी प्रधान मंत्री जीवन ज्योति, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, डिजिटल फ्रॉड व अन्य बैंकिंग सेवाओं से सम्बंधित तथा किसानों को कृषि ऋण से संबंधित जानकारी दी गई। जिला अग्रणी प्रबंधक कुल्लू राजेंद्र कुमार ने बताया कि इस तरह के अभियान जिले के सभी बैंकों द्वारा 31 दिसंबर तक पूरे जिले में चलाया जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य लोगों को उन के निष्क्रिय खातों में पड़ी अनक्लेम्ड राशि को प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना हैं। उन्होंने कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक कलाथ के स्टाफ एवं कैम्प में सहयोग करने के लिए ग्राम पंचायत बरान की प्रधान धनी देवी एवं उपप्रधान, कुंजलाल का धन्यवाद किया।

### मरम्मत कार्य के चलते 22 को बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के अंतर्गत विद्युत उपमंडल नगवाईं के तहत 11 केवी गड़सा फीडर की हाई वोल्टेज लाइन के खराब पुराने पोल बदलने और आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते 22 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों हुरला, खड़ीसेरी, खडान, बहुगुणा, थरास, मथोगी, जैरु व आसपास के क्षेत्रों में प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि इस असुविधा के लिए सहयोग बनाए रखें तथा आवश्यक कार्य पूर्व में ही निपटा लें। विभाग द्वारा यह कार्य बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। यह जानकारी सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल नगवाईं द्वारा दी गई।

### 31 तक बकाया बिजली बिल करवाएं जमा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के बिजली उपमंडल भुंतर ने बकाया बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं से 31 दिसंबर तक भुगतान सुनिश्चित करने की अपील की है। विभाग के अनुसार निर्धारित तिथि तक भुगतान न होने की स्थिति में विभागीय नियमों के तहत बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति काट दी जाएगी तथा बकाया राशि जमा किए बिना कनेक्शन पुनः बहाल नहीं किया जाएगा।

# एनएच-3 पर दुआड़ा चौक बना दुर्घटनाओं का केंद्र, तेज रफ्तार वाहनों से ग्रामीणों में दहशत

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** राष्ट्रीय राजमार्ग-3 (एनएच-3) पर स्थित दुआड़ा चौक इन दिनों स्थानीय लोगों के लिए भारी चिंता का विषय बना हुआ है।

इस चौक से प्रतिदिन गुजरने वाले वाहनों की अत्यधिक गति ने यहां दुर्घटनाओं की आशंका को लगातार बढ़ा दिया है, जबकि नियमों के अनुसार इस स्थान पर वाहनों की गति 20 किलोमीटर प्रति घंटा से कम होनी चाहिए, लेकिन अधिकांश वाहन 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से फर्राटा भरते नजर आते हैं। दुआड़ा चौक की स्थिति अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि यहीं से एक साथ पांच सड़कों का उद्गम होता है। आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला यह चौक न केवल यातायात का मुख्य केंद्र है, बल्कि ग्रामीणों की पैदल आवाजाही का भी प्रमुख मार्ग है। सुबह तड़के से लेकर रात करीब 10 बजे तक यह चौक अत्यधिक व्यस्त रहता है। स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और



एनएच-3 पर स्थित दुआड़ा चौक।

कामकाजी लोग इसी चौक से होकर गुजरते हैं, जिससे जोखिम और भी बढ़ जाता है। स्थानीय निवासी घनश्याम कपुर, शांति देवी, मोहन लाल और सुरेश कुमार का कहना है कि तेज रफ्तार वाहनों के कारण कई बार गंभीर हादसे होते-होते बचे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, खासकर बाहरी राज्यों से आने वाले वाहन चालक इस चौक की संवेदनशीलता को नजरअंदाज कर तेज गति से वाहन चलाते हैं। रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब तेज रफ्तार व कम रोशनी के कारण पैदल चलने वालों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रशासन और संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है न तो यहां पर्याप्त स्पीड ब्रेकर लगाए गए हैं और न ही चेतावनी संकेतक बोर्ड प्रभावी रूप से लगाए गए हैं। यातायात पुलिस की नियमित तैनाती भी न होने के कारण वाहन चालक मनमानी गति से वाहन दौड़ाते हैं। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि निहाल भल्ला और महिला मंडल की अध्यक्ष शांता ठाकुर ने मांग की है कि दुआड़ा चौक पर तुरंत प्रभाव से स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं, स्पष्ट गति सीमा के बोर्ड स्थापित हों और यातायात पुलिस की नियमित ड्यूटी सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे लगाने से भी तेज रफ्तार पर नियंत्रण पाया जा सकता है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि दुआड़ा चौक की गंभीरता को समझते हुए ठोस व स्थायी कदम उठाए जाएं, ताकि एनएच-3 पर यह चौक दुर्घटनाओं का केंद्र बनने से बच सके और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# सीटू का आनी में प्रदर्शन, श्रम संहिताओं मनरेगा कानून में बदलाव का किया विरोध

**अनंत ज्ञान आनी**

सीटू आनी (जिला कुल्लू) की ओर से शुक्रवार को मोदी सरकार द्वारा मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए बने 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर उन्हें चार श्रम संहिताओं में बदलने तथा मनरेगा कानून को बदलने के विरोध में आनी एसडीएम कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

सीटू नेताओं ने आरोप लगाया कि श्रम कानूनों को खत्म कर नई श्रम संहिताएं इसलिए बनाई गई हैं, ताकि उद्योगपतियों, कंपनियों और ठेकेदारों को खुली छूट मिले और मजदूरों के शोषण को कानूनी संरक्षण मिल सके। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया के मजदूरों ने लंबी लड़ाइयों और कुर्बानियों के बाद आठ घंटे काम करने का अधिकार हासिल किया था, जिसे नई श्रम संहिताओं के तहत 12 घंटे कर दिया गया है।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि स्थाई रोजगार की व्यवस्था को खत्म कर निश्चित अवधि के लिए अस्थायी रोजगार का प्रावधान कर दिया गया है, जिससे युवाओं की रोजगार सुरक्षा पूरी तरह समाप्त हो गई है। महिलाओं से रात में भी काम लेने का कानून बनाकर उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया

**मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू चरणबद्ध निर्णायक संघर्ष करेगी**

जा रहा है, जबकि पहले आवश्यक सेवाओं को छोड़कर ऐसा नहीं होता था। इसके अलावा मजदूरों के संगठन बनाने, मांगें उठाने और हड़ताल करने के अधिकार को भी कमजोर किया गया है। नई श्रम संहिताओं में हड़ताल पर जाने पर जुर्माने और जेल जैसी सजाओं का प्रावधान कर मजदूरों को डराने की कोशिश की जा रही है।

सीटू ने मनरेगा कानून को समाप्त कर नई योजना में बदलने के फैसले का भी कड़ा विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण मजदूरों, विशेषकर महिलाओं, के लिए जीवनरेखा है। 2014 के बाद से ही सरकार मनरेगा को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही थी और अब इसे समाप्त कर दिया गया है। प्रदर्शन को सीटू जिला सचिव एवं आनी संयोजक पदम प्रभाकर ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू चरणबद्ध और निर्णायक संघर्ष करेगी। इसी कड़ी में यह प्रदर्शन किया गया है।

# उदयपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष ने विधायक पीडब्ल्यूडी पर लगाए धांधली के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

उदयपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोरी रावत ने लाहौल-स्पीति की विधायक तथा लोक निर्माण विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के लिए स्वीकृत पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है और इस धन को पेवर बिछाने जैसे अन्य कार्यों पर खर्च किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग प्रदेश सरकार की कंगाली की हालत में भी केंद्र से जारी बजट का दुरुपयोग कर रहा है।

रावत ने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार आर्थिक संकट का रोना रो कर कर्मचारियों के करोड़ों रुपए की देनदारी पर कुंडली मार बैठी है। वहीं, लोक निर्माण विभाग के कुछ अधिकारी बजट का दुरुपयोग कर रहे हैं। किशोरी रावत ने बताया कि बीते मानसून के दौरान लाहौल-स्पीति जिले में भारी नुकसान हुआ था, जिसमें मायड़ घाटी सबसे अधिक प्रभावित हुई। इसके बावजूद आज भी कई प्रभावित परिवार राहत के

**पोस्ट डिजास्टर नीड एसेसमेंट की राशि के दुरुपयोग का दावा**

लिए सरकार की ओर देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहत कार्यों को प्राथमिकता देने के बजाय विधायक और पीडब्ल्यूडी विभाग पेवर बिछाने का कार्य कर आपदा पीड़ितों के साथ धोखा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह पूरा मामला विधायक और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशाषी अभियंता की मिलीभगत से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए ओरिजनल वर्क का बजट लगभग छह लाख रुपए है, लेकिन नियमों को दरकिनार कर ओरिजनल वर्क का कोरिजेंडम निकालकर उसे डेमेज वर्क दिखाया जा रहा है, ताकि चहेते ठेकेदारों के बिल निकाले जा सकें। किशोरी रावत ने कहा कि इन कथित अनियमितताओं को जनता के सामने लाया जाएगा और जरूरत पड़ी तो उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की जाएगी।

# अनुसूचित जाति राज्य आयोग 23 को कुल्लू में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान तथा सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा (अधिवक्ता) 23 दिसंबर (मंगलवार) को कुल्लू प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे जिला प्रशासन, पुलिस तथा अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष व सदस्य 22 दिसंबर की सायं कुल्लू पहुंचेंगे। 23 को प्रात: 11 बजे कुल्लू स्थित बहुउद्देशीय भवन में सैंज में घटित अनुसूचित जाति से संबंधित महिला के साथ दुराचार एवं हत्या के मामले की जांच की जाएगी। इसके उपरांत आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े एनजीओ प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत आयोग के अध्यक्ष व सदस्य जिला प्रशासन के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें संबंधित प्रकरण सहित अनुसूचित जाति कल्याण से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# आपदा के चलते विंटर कार्निवाल में आयोजित नहीं होंगी स्टार नाइट्स

**अनंत ज्ञान, मनाली**

20 से 24 जनवरी तक मनाली में आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल 2026 को लेकर विधायक भुवनेश्वर गौड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विंटर कार्निवाल आयोजन से जुड़े स्थानीय लोगों ने सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्निवाल 2026 को लेकर सभी लोगों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी विंटर कार्निवाल 20 जनवरी से 24 जनवरी तक आयोजित होगा । बैठक में इस बात पर भी चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि इस बार आपदा के चलते स्टार नाइट्स आयोजित नहीं करवाई जाएंगी उसकी जगह पर स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा । विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि हर सांस्कृतिक संध्या में



विंटर कार्निवाल 2026 को लेकर पहली बैठक आयोजित।

6 से 9 बजे तक स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान किया जाएगा । उन्होंने कहा कि कार्निवाल के दौरान एक सांस्कृतिक संध्या पर किसी बड़े हिमाचली कलाकार को बुलाया जाएगा । विधायक ने कहा कि इस बार महिलाओं की झांकियों का स्वरूप भी अलग नजर आएगा जबकि महिला मंडलों के बीच होने वाली रस्साकसी में इस बार महिला पर्यटकों को भी शामिल होने का मौका दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि अगर विंटर कार्निवाल के समय बर्फबारी होती है तो विंटर गेम्स को भी कार्निवाल में शामिल किया जाएगा। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि विंटर कार्निवाल 2026 को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं और जल्द ही कार्निवाल से जुड़ी विभिन्न कमेटियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी जाएंगी । इस अवसर पर तहसीलदार अनिल राणा, थाना प्रभारी मुनिश शर्मा, नग्गर ब्लॉक अधिकारी मुकेश व अन्य अधिकारी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जिला पुस्तकालय कुल्लू को डिजिटल लाइब्रेरी में किया जा रहा अपग्रेड: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कुल्लू जिला के लिए पुस्तकालय एवं लर्निंग समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें जिला पुस्तकालय से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने जानकारी दी की गत अगस्त माह में आयोजित बैठक में रखे गए अधिकतर मुद्दों पर कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने पुस्तकालय के प्रयोग के लिए निर्धारित 600 रुपए प्रति छमाही फीस के संबंध में निर्देश दिए कि यदि कोई गरीब छात्र अपनी फीस देने में सक्षम नहीं है, तो वह जिला पुस्तकालय के माध्यम से अपनी असमर्थता को समिति तक पहुंचा सकते हैं, जिस पर विचार किया जाएगा। डीसी ने जिला पुस्तकालय को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें इसे डिजिटल लाइब्रेरी में बदलने की पहल भी शामिल है। जिला पुस्तकालय कुल्लू को एक डिजिटल लाइब्रेरी में अपग्रेड किया जा रहा है। उपायुक्त ने

**गरीब छात्रों को फीस में राहत, दुर्लभ पुस्तकों के डिजिटलीकरण पर जोर**

पुस्तकालय में सुविधाओं के विस्तार की बात कही, जिसमें नई किताबें खरीदना और पुस्तकों की कैटालॉगिंग करने के लिए प्रस्ताव बनाना शामिल है। उपायुक्त ने पुस्तकालय में उपलब्ध दुर्लभ पुस्तकों के डिजिटलाइजेशन के लिए भी एक प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि इन्हें संरक्षित रखा जा सके। बैठक में जिला पुस्तकालय कुल्ल्जू में बुक कैफे के लिए कोटेशन (निविदा) आमंत्रित करने के लिए तथा प्रोजेक्टर एवं स्क्रीन को बेहतर उपयोग के उद्देश्य से अटल सदन स्थित सेमिनार हॉल में स्थापित करने की समिति द्वारा मजूरी दी गई। बैठक में सहायक आयुक्त जयवंती ठाकुर, एसडीम निशांत ठाकुर, बीएस नेगी सहित समिति सदस्य के डा निरंजन देव उपस्थित रहे।

# विधायक लोकेंद्र ने शिक्षा, संस्कार व समाजसेवा पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, आनी**

सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय आनी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार ने की, जबकि विशेषातिथि के रूप में हिमाचल शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन केष्टा उपस्थित रहे।

विद्यालय की ओर से गुलाब सिंह मेहता ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके उपरांत प्रधानाचार्य निहाल ठाकुर ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं भौतिक उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध है तथा हिमाचल शिक्षा समिति द्वारा संचालित है। विद्यालय की स्थापना 1 अप्रैल 1987 को 17 विद्यार्थियों के साथ हुई थी, जो वर्ष 1998 में



आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

माध्यमिक एवं 2006 में उच्च विद्यालय के रूप में उन्नत हुआ। प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 530 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं तथा 35 आचार्य एवं 3 सेविकाएं सेवाएं दे रही हैं। विद्यालय में 25 कक्षा कक्ष, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, स्मार्ट कक्षाएं तथा शिशुवाटिका जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विद्यालय के अनेक पूर्व छात्र एमबीबीएस सहित विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों में चयनित होकर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यातिथि विधायक लोकेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, सेवा और सामाजिक चेतना के निर्माण का कार्य कर रही है। उन्होंने नशे,

**सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय आनी में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित**

विशेषकर चिट्टे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज को एकजुट होकर इसके विरुद्ध अभियान चलाने का आह्वान किया। विधायक ने विद्यालय को अपनी ऐच्छिक निधि से ₹50 हजार देने की घोषणा भी की। विशेष अतिथि मोहन केष्टा ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है, जहां भारतीय संस्कृति, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण किया जाता है। उन्होंने आचार्यों, अभिभावकों एवं प्रबंधन समिति के प्रयासों की सराहना की। समारोह में विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संगणक प्रयोग में बाल वर्ग से मोहित चौहान व किशोर वर्ग से गौरव राणा (सप्तम) को सम्मान मिला। संस्कृत प्रश्न मंच (बाल वर्ग) में ऋषभ आजाद (दशम), अलीशा राजपूत (सप्तम), रिधिमा व चैतन्य ठाकुर (अष्टम) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विज्ञान प्रश्न मंच (शिशु वर्ग) में ओजस्वी, अंकिला व गीतांशी (पंचम) को सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्श में शिशु वर्ग से ऋत्विक व मन्नत (पंचम), बाल वर्ग से रितेश (अष्टम), ईशाना व आरोही (सप्तम) तथा किशोर वर्ग से सौम्या व हर्षिता (नवम) को पुरस्कार प्रदान किए गए। विज्ञान पत्रवाचन में शिशु वर्ग से याशिका (पंचम), बाल वर्ग से पूर्वांशी (अष्टम) तथा किशोर वर्ग से मृदुल को सम्मान मिला। कार्यक्रम में विद्यालय का पुराना परिवार, अभिभावक, आचार्यगण तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# नित्थर स्कूल में 23 को पुरस्कार वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, आनी।** निथर स्थित वीनस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 23 दिसंबर को भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में शैक्षणिक, खेलकूद व सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि यूपेंद्र कांत मिश्रा होंगे, जो पूर्व में एपीएमसी कुल्लू व लाहौल-स्पीति के चेयरमैन तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी के पूर्व में अध्यक्ष रह चुके हैं। विशिष्टातिथि के रूप में जगदीश ठाकुर (प्रधान ग्राम पंचायत नित्थर) और सरोज बाला (प्रधान ग्राम पंचायत देहरा) उपस्थित रहेंगे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुरेश ठाकुर एवं प्रधानाचार्य बबलेश ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे।

**आपूर्ति** नए पेयजल भंडारण टैंकों का विधायक ने किया उद्घाटन, जनप्रतिनिधियों व जनता ने समयबद्ध क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की

# दो टैंकों के निर्माण से केलांग में नहीं रहेगी पेयजल किल्लत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

केलांग में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निर्मित नवनिर्मित पेयजल भंडारण टैंकों का विधिवत उद्घाटन लाहौल एवं स्पीति विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनुराधा राणा द्वारा किया गया। जनसमूह की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक ने परियोजना को जनता को समर्पित किया और इसे क्षेत्र की पेयजल सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने कहा कि केलांग नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती आबादी, पर्यटन गतिविधियों तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के मद्देनजर पेयजल अवसंरचना को सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता थी, जिसे ध्यान में रखते हुए इस योजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। विधायक अनुराधा राणा ने जानकारी दी कि यह योजना साडा के वित्तीय सहयोग के रूप में स्वीकृत की गई हैं, जिसकी अनुमानित लागत 43.82 लाख रुपए निर्धारित की गई



विधायक ने किया नवनिर्मित पेयजल भंडारण टैंकों का विधिवत उद्घाटन।

है तथा स्वीकृति वर्ष 2025-26 है। योजना के तहत 325 केएल और 100 केएल क्षमता के दो अलग-अलग पेयजल भंडारण टैंकों का निर्माण किया गया है, जो केलांग नगर क्षेत्र में संचालित वाटर सप्लाई स्कीम को अतिरिक्त भंडारण क्षमता उपलब्ध करवाएंगे। इन टैंकों का निर्माण मानक तकनीकी विनिर्देशों के अनुसार किया गया है, जिससे जल की गुणवत्ता व दबाव दोनों सुनिश्चित रहेंगे और आपूर्ति व्यवस्था अधिक व्यवस्थित व भरोसेमंद बनेगी। यह भंडारण प्रणाली लोअर व अपर केलांग दोनों क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है, जिससे ऊंचाई पर स्थित बस्तियों तक भी पर्याप्त दबाव के साथ पेयजल पहुंच सकेगा। टैंकों का स्थान केलांग के ओल्ड बस स्टैंड के समीप, चंद्रभागा होटल के नजदीक चुना गया है, जहां से पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से केलांग के विभिन्न क्षेत्रों तक जलापूर्ति की जाएगी। इस स्थान का चयन तकनीकी दृष्टि से इसलिए भी उपयुक्त माना गया है कि यहां से गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत पर आधारित वितरण प्रणाली अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकेगी, जिससे ऊर्जा की बचत के साथसाथ पंपिंग पर होने वाला व्यय भी कम होगा।

उद्घाटन समारोह में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्यालसन ठाकुर, जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य सुशील कुमार, बीडीसी मेंबर टशी केसंग, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि किरन एवं उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवक मंडलों तथा गणमान्य नागरिकों ने इस योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। विधायक ने कहा कि अब गर्मियों तथा पर्यटन सीजन के दौरान जब केलांग में जल की मांग बढ़ जाती है, तब भी इन भंडारण टैंकों की सहायता से लगातार और संतुलित जलापूर्ति संभव हो सकेगी। इससे जहां स्थानीय लोगों की दैनिक पेयजल आवश्यकताएं सुचारू रूप से पूरी होंगी। वहीं, क्षेत्र की स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पर्यटन सुविधाओं को भी बल मिलेगा, क्योंकि स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सीधे तौर पर जनस्वास्थ्य से जुड़ी हुई है। विधायक अनुराधा राणा ने अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग अजय गुप्ता एवं उनकी पूरी टीम को एवं कार्यकारी एजेंसी को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के लिए बधाई दी।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि विभाग इन टैंकों के नियमित रखरखाव, समय पर साफ-सफाई और वितरण व्यवस्था की निगरानी पर विशेष ध्यान देगा, ताकि योजना का लाभ दीर्घकाल तक लोगों को मिलता रहे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं-जैसे सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य एवं शिक्षा-को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी जनता की जरूरतों के अनुरूप योजनाओं को प्राथमिकता दी जाती रहेगी।

# पतलीकूहल और आसपास के क्षेत्रों में हाई फ्रीक्वेंसी हॉर्न से लोगों का जीना दुश्वार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कुल्लू घाटी के दुआड़ा चौक,पतलीकूहल, कटराईं, डोभी और आसपास के इलाकों में रात की शांति अब बीते वक्त की बात होती जा रही है। रात 11:30 बजे के बाद और सुबह तड़के सड़कों पर दौड़ते वाहनों के हाई फ्रीक्वेंसी हॉर्न और मॉडिफाइड बाइकों की कानफोड़ू आवाजों ने आमजन का चैन छीन लिया है। पिछले कई महीनों से लगातार बढ़ रही इस समस्या ने अब एक गंभीर रूप अख्तियार कर लिया है, जिससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह केवल ध्वनि प्रदूषण नहीं, बल्कि लोगों की सेहत के साथ सीधा खिलवाड़ है। कटराईं निवासी अमित शर्मा और डोभी के दलीप शर्मा ने बताया कि रात के समय जब वातावरण शांत होता है, तब अचानक बजने वाले तीखे हॉर्न दिल दहला देते हैं। इससे न केवल लोगों की नींद टूट रही है, बल्कि बुजुर्गों, दिल के मरीजों और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर

**पुलिस गश्त व कार्रवाई के अभाव में हौसले बुलंद**

**दुआड़ा** निवासी देव शर्मा ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ध्वनि प्रदूषण के स्पष्ट नियमों के बावजूद सड़कों पर कोई रोक-टोक नहीं है। पुलिस की रात की गश्त और नाकाबंदी न होने के कारण ऐसे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने मांग की है कि पुलिस प्रशासन को केवल दिन में ही नहीं, बल्कि रात के समय भी सक्रिय होना होगा, ताकि इन हुड़दंगियों पर लगाम कसी जा सके।

**बुजुर्गों, दिल के मरीजों बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा**

पड़ रहा है। अचानक होने वाले इस शोर से मरीजों की तबीयत बिगड़ने का खतरा हर वक्त बना रहता है। पतलीकूहल के संजीव ठाकुर के अनुसार, क्षेत्र के युवाओं में अपनी बाइकों के साइलेंसर बदलकर उनसे तेज आवाजें निकालने का चलन (क्रेज) बढ़ गया है। दिखावे और शौक के चक्कर में ये हुड़दंगी नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर फर्राटा भरते हैं। अवैध रूप से मॉडिफाई की गई इन बाइकों से निकलने वाली 'पटाखों' जैसी आवाजें रात के समय किसी डरावने अनुभव से कम नहीं होतीं।

### क्षेत्रवासियों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**समस्त** क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर प्रशासन से मांग की है कि रात 10 बजे के बाद हाई फ्रीक्वेंसी हॉर्न के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही, जिन बाइकों में साइलेंसर बदले गए हैं, उन्हें तुरंत जब्त कर मालिकों पर भारी जुर्माना लगाया जाए। लोगों का सुझाव है कि समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाने चाहिए ताकि युवाओं को इस शोर से होने वाले नुकसान के बारे में पता चल सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह समस्या आने वाले समय में और भी विकराल रूप ले लेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अंजली राणा का गणतंत्र दिवस परेड में चयन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोरग की छात्रा अंजली राणा 26 जनवरी, 2026 को शिमला के रिज मैदान में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल को गणतंत्र दिवस परेड में सलामी देंगी। प्रोग्राम ऑफिसर कल्याल ओपी शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का पल है कि हमारे स्कूल से पहली बार कोई छात्रा राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगी। उन्होंने कहा कि बच्ची की मेहनत से वह आज इस मुकाम पर पहुंची है। उसके लिए अंजली राणा और उनके माता-पिता और गुरुजनों को बहुत-बहुत बधाई। इससे पहले अंजलि राणा ने ऊना स्कूल में एनएसएस के पूर्व गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था, जहां से उसका चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है।

### शांडिल ने हीरा दत्त शर्मा के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल ने सोलन में मनमोहन वशिष्ठ के पिता हीरा दत्त शर्मा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। 71 वर्षीय हीरा दत्त शर्मा का गत दिवस निधन हो गया था। स्वर्गीय हीरा दत्त शर्मा गत कुछ समय से अस्वस्थ थे। कर्नल शांडिल ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय हीरा दत्त शर्मा जीवन भर अपने क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए कार्यरत रहे। उन्होंने कसौली में भारतीय वायु सेना में कार्य करते हुए सदैव उच्च मानकों को सर्वोपरि रखा। स्वास्थ्य मंत्री ने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### हर्षवर्धन चौहान आज से सिरमौर के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम-रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 20 से 23 दिसंबर तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि 20 दिसंबर को वह इटरनल यूनिवर्सिटी बड़ू साहिब में आयोजित सेमिनार में मुख्यातिथि होंगे। 21 दिसंबर को रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चांदनी के वार्षिक समारोह में शिरकत करेंगे तथा दोपहर बाद सतौन में जन समस्याएं सुनेंगे। 22 दिसंबर को सतौन स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि रहेंगे और शिलाई में जनता की शिकायतें सुनेंगे। 23 दिसंबर को टिंबी स्कूल के वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### राष्ट्रीय सुशासन सप्ताह के तहत लगेंगे 3 शिविर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राष्ट्रीय सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत राजगढ़ उप मंडल में तीन शिविर आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर ने बताया कि 19 से 25 दिसंबर तक देशभर में राष्ट्रीय सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीण स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। राजगढ़ उप मंडल में 22 दिसंबर को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह चंदोल, 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत कोटी पधोग के पंचायत घर तथा 24 दिसंबर को नेरी कोटली के फागू में शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। एसडीएम ने पंचायत प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों से कार्यक्रम की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आग्रह किया।

### सरकारी योजनाओं व डिजिटल बैंकिंग की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा कार्यालय सराहां ने नाबार्ड के सहयोग से दी मेहंदोबाग ग्राम सेवा सहकारी सभा सीमित, मेहंदोबाग में एकदिवसीय डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शिविर में बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अरुण कुमार ने ग्रामीणों को सरकार एवं बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा कृषि ऋण समितियों के कंप्यूटरीकरण की केंद्र प्रायोजित परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिससे पैक्स की दक्षता व पारदर्शिता बढ़ेगी। सहायक प्रबंधक तनुज ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन व जनधन योजना की जानकारी दी। शिविर में डिजिटल बैंकिंग पर विशेष सत्र हुआ तथा एटीएम पिन व ओटीपी सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के अंत में बैंक की ऋण योजनाओं पर चर्चा की गई।

### बातल गांव में 21 दिसंबर को हिंदू सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** उपमंडल अर्की की छोटी काशी के नाम से प्रख्यात बातल गांव में हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा 21 दिसंबर को बातल दशहरा मैदान में हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष संतोष भार्गव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदू सम्मेलन में सामाजिक किन्ही चुनौतियों में हमारी भूमिका, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण में परिवार की सहभागिता से राष्ट्र की सर्वांगीण विकास में हमारी भूमिका विषय पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि निवासियों, सामाजिक संस्थाओं व धार्मिक संस्था आमंत्रित हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के पश्चात भोजन व्यवस्था का भी पूर्ण प्रबंध किया गया है।

### विजय बने किसान मोर्चा सराहां मंडल के महामंत्री

**अनंत ज्ञान, सराहां।** भाजपा मंडल पच्छाद ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विजय ठाकुर को किसान मोर्चा सराहां मंडल का महामंत्री बनाया। इसके चलते इलाके के खासकर युवा वर्ग में जोश व खुशी का माहौल है। विजय ठाकुर की शुरू से ही राजनीति में रूचि रही है। इसके चलते हुए उन्हें 2007 में युवा मोर्चा का सदस्य बनाया गया। तत्पश्चात 2013 में युवा मोर्चा पच्छाद मंडल के सचिव बने तथा 2017 में युवा मोर्चा पच्छाद मंडल के महामंत्री बने। इलाके मे होने वाले सार्वजनिक कार्यों में भी वह बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों से वह बड़ी आत्मीयता से मिलते है। यही वजह है कि युवाओं के साथ साथ बड़े बजुर्गों के भी वह स्नेह के पात्र है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें दी है उस पर वे खरा उतरने का प्रयत्न करेंगे।

### विशेष प्रतिभाओं को निजी तौर पर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** गुरु शिष्य परंपरा शास्त्रीय संगीत संस्था सोलन ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 'प्रेरणा स्रोत 2025' पुरस्कार से सम्मानित संगीत विभागाध्यक्ष सेवानिवृत्त डॉ. रामस्वरूप शांडिल बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस आयोजन में गणमान्य व्यक्तियों और सम्माननीय शिष्यों को धन्यवाद किया और शास्त्रीय संगीत परंपरा को जीवित रखने के लिए निरंतर अनुशासन और अभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया। अनिल वर्मा ने विशेष प्रतिभाओं को निजी तौर पर सम्मानित किया। मुख्यातिथि डॉ. रामस्वरूप शांडिल ने शास्त्रीय संगीत परंपरा को जीवित रखने के लिए निरंतर अनुशासन और अभ्यास की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर संस्था के प्रधान सीता राम शर्मा, अनील वर्मा ने आयोजन में शामिल हुए गणमान्य व्यक्तियों और सम्माननीय शिष्यों का धन्यवाद किया।

### कर्मचारियों ने चिट्टे के खिलाफ ली शपथ

**अनंत ज्ञान, कसौली।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर के दिशा निर्देशानुसार उप-कार्यालय परवाणू जिला सोलन के सभी कर्मचारियों ने चिट्टे के विरुद्ध शपथ ली। कर्मचारियों ने मिलकर यह संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ विशेष कर चिट्टे व अन्य नशीले पदार्थ से दूर रहेंगे, बल्कि अपने कार्य स्थल अपने परिवार और समाज में भी नशा मुक्त वातावरण बनाने में योगदान करेंगे। कर्मचारियों ने अधिक बातचीत में बताया कि चिट्टा हमारे समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है और इससे निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है और अपील करते हुए कहा कि किसी भी नशीले पदार्थ से संबंधित कोई जानकारी या गतिविधि का पता लगता है तो तुरंत इसकी जानकारी संबंधित प्राधिकरण तक पहुंचाने में सहयोग करें।

### सोलन में 21 दिसंबर को बिजली आपूर्ति बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड, सोलन ने जानकारी दी है कि आवश्यक रखरखाव के कारण 21 दिसंबर को 33 केवी कथेड़ और 33 केवी कंडाघाट फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी वरिष्ठ अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को दोपहर 12.00 बजे से 12.30 बजे तक माल रोड, अप्पर बाजार, पुराना उपायुक्त कार्यालय, आनंद कॉपलेक्स, न्यायालय परिसर, लोक निर्माण विभाग कॉलोनी, क्लीन, सेर क्लीन, सन्नी साइड, विवांता मॉल, चिल्ड्रन पार्क, पुस्तकालय, क्षेत्रीय अस्पताल, अस्पताल मार्ग, फोरेस्ट रोड, जौणाजी, शिल्ली, अश्वनी खड्ड, मेला मैदान, हरट, बेल, नेरी, गण की सेर, ग्राणी, सलोगड़ा, सेवला, बरड़ बस्ती, ब्रुरी, पडग, दाउंसी, कोधारी, कोठी, कथोग, बजरोल, नडोह, डमरोग, कथेड़, मिनी सचिवालय, लक्कड़ बाज़ार, गंज बाज़ार, उपायुक्त आवास क्षेत्र, मोहन कॉलोनी, मधुबन कॉलोनी, हरि मंदिर क्षेत्र, राजगढ़ मार्ग, नगर निगम क्षेत्र, चौक बाज़ार, सर्कुलर मार्ग, धोबीघाट, आईटीआई, पुराना बस अड्डा, सेंट ल्यूक्स स्कूल, अम्बुशा होटल, चेस्टर हिल्स, अमित अपार्टमेंट्स सहित आसपास के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त कण्डाघाट, दोलग, परोंथा, डेढ घराट, शनेच, टिक्कर, मही, सिरीनगर, हाथो, पलेच, शलुमणा, हिमुडा, वाकनाघाट, छावशा, डुमैहर, कोट, क्वारग, कोठी, भारा, बीशा, बाशा, सुरो, जे.पी. विश्वविद्यालय, चायल, दोची, मिलिट्री स्कूल, जीतनगर, आलमपुर, भलावग, हिन्नर, कुरगल, मिहाणी, बिनू, परोथा, डुबलू, टिक्कर, नगाली और आस-पास के क्षेत्रों में प्रातः 11.00 से 11.30 बजे तथा दोपहर 2.00 से 2.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# एमसी सोलन की लापरवाही से विश्व धरोहर रेलवे लाइन बन रहा कूड़ादान

## कूड़ा फेंकने वालों पर नहीं हो रही कार्रवाई, देश-विदेश के पर्यटक हो जाते हैं निराश

**आर मोहन, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

अनंत ज्ञान मुद्दा

**सोलन।** नगर निगम सोलन की लापरवाही से विश्व धरोहर रेलवे लाइन कूड़ा दान बनता जा रहा है। निगम के वार्ड 13 और 14 से होकर गुजर रही रेलवे लाइन के दाएं-बाएं कूड़े के ढेर लगे हैं। ऐसे में रेल मार्ग से प्रदेश में आ रहे पर्यटक भी विश्व धरोहर की हालत देख निराश हो जाते हैं। हैरानी की बात है कि निगम प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। न ही आज तक कूड़ा फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई, जबकि शहर में जागरूकता के लिए हजारों रुपए खर्च कर जुर्माना लगाने के होर्डिंग लगाए गए हैं। नगर निगम की डिप्टी मेयर मीरा आनंद और पूर्व डिप्टी मेयर भी इन्हीं दोनों वार्ड से आते हैं। वार्ड में डोर टू डोर कूड़ा उठाया जा रहा है, ऐसे में प्रश्न उठता है कि आखिर विश्व धरोहर पर कूड़ा कोन फैला रहा है। विश्व धरोहर होने के बावजूद रेलवे भी रेल लाइन के आसपास फैली गंदगी को लेकर संजीदा नहीं है। वहीं, शहर में सफाई का जिम्मा संभाले नगर निगम भी विश्व धरोहर रेल लाइन की नियमित सफाई नहीं करता, ऐसे रेल लाइन से सफर करने वाले देश-विदेश के पर्यटक भी गंदगी देख निराश हो जाते हैं।



सोलन में वार्ड-14 के साथ गुजरती रेलवे लाइन के आसपास फेंका गया कूड़ा।

### पर्यटकों को करना पड़ रहा गंदगी का सामना

**कालका** से शिमला के लिए रोजाना पांच ट्रेनें आ रही हैं। ट्रेन में आम से लेकर खास तक के लिए यात्रा की सुविधा है। कालका-शिमला रेल मार्ग पर स्थित 103 सुरंगें पर्यटकों के सफर को काफी रोमांचक बना देती हैं। पर्यटक पारदर्शी डिब्बों विस्टाडोम में वादियों को निहारते हुए शिमला आना चाहते हैं। सड़कों पर यातायात जाम और खुद वाहन चलाने की थकान से बचने के लिए भी पर्यटक रेलगाड़ी को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे में इस विश्व धरोहर पर फैली गंदगी से रेलगाड़ियों में आने-जाने वाले के पर्यटकों को गंदगी का सामना करना पड़ता है।



**वार्ड-14** के पार्षद और पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने कहा कि हाउसिंग कॉलोनी के पास से गुजरती रेलवे लाइन के आसपास कूड़ा फेंकने की शिकायतें आ रही हैं। इस पर नजर रखी जा रही है। यहां समय-समय पर सफाई करवाई जाती है। यदि कोई रेलवे लाइन में कूड़ा फेंकते नजर आता है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।



**सोलन** नगर निगम की कार्यकारी मेयर और वार्ड 13 की पार्षद मीरा का कहना है कि वार्ड से होकर जाती रेल लाइन के आसपास बड़ी मात्रा कूड़ा फेंकने की शिकायतें आ रही हैं। वार्ड में घर घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था है। ऐसे में सफाई कर्मचारियों को कूड़ा वाहन तक पहुंचाने के निर्देश हैं। यदि कोई रेलवे ट्रैक के आपपास कूड़ा फेंकता हुआ कोई पाया गया तो उसका चालान काटा जाएगा।

# आठ साल से 'डेथ ट्रैप' बने सीएमओ कार्यालय में जान हथेली पर रख रहे कर्मी

- प्रशासन की लापरवाही या बड़े हादसे का इंतजार
- 28 नवंबर, 2017 को कमेटी ने असुरक्षित घोषित किया था

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय (सीएमओ) इन दिनों खुद 'बीमार' है और प्रशासन किसी बड़े हादसे के इंतजार में सोया नजर आ रहा है।

साल 2017 में अनसेफ घोषित हो चुका यह भवन आठ साल बीत जाने के बाद भी नए निर्माण के अगले चरण तक नहीं पहुंच पाया है। विडंबना देखिए कि जिस खंडहरनुमा इमारत को ढहाकर नया बनाया जाना था, वहां अब 10 लाख रुपए खर्च कर बिजली की फिटिंग बदली जा रही है। अनसेफ बिल्डिंग को बचाने के लिए सीएसआर फंड से 'पैचवर्क' का जुगाड़ किया जा रहा है, जो प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। हैरान कर देने वाली बात यह है कि करीब 80 साल पुराने इस जर्जर भवन को 28 नवंबर, 2017 को ही एसडीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी ने असुरक्षित घोषित कर दिया था। दो दर्जन से अधिक कमरों वाले इस कार्यालय में बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता है और कर्मचारी बाल्टियां लेकर बैठने को मजबूर हैं। आठ साल से प्रशासन इस कार्यालय को किसी वैकल्पिक स्थान पर शिफ्ट करने में भी नाकाम रहा है। हालांकि नए भवन के लिए करीब 8 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार हुआ था, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं बदला। इस जर्जर भवन ने अब तक आठ बरसातें झेल ली हैं और नौवीं बरसात में यह टिक पाएगा या नहीं, यह कहना मुश्किल है। यदि यहां कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तो इसकी सीधी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

मामले पर प्रतिक्रिया के लिए डीसी प्रियंका वर्मा से संपर्क करने की बार-बार कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं, सीएमओ सिरमौर राकेश प्रताप का कहना है कि भवन काफी पहले अनसेफ डिक्लेयर हो चुका है और शिफ्टिंग के लिए जगह की तलाश की जा रही है। उन्होंने माना कि बिजली की फिटिंग खतरनाक हो चुकी थी, जिसे 10 लाख के बजट से ठीक किया जा रहा है।

# सीटू ने नए श्रम कानूनों और मनरेगा कानून में बदलाव के खिलाफ किया प्रदर्शन




बद्दी में प्रदर्शन करते सीटू जिला कमेटी के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सीटू जिला कमेटी बद्दी के आह्वान पर बद्दी लेबर ऑफिस के बाहर मोदी सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को खत्म कर लागू की गई चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) तथा मनरेगा कानून में बदलाव के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शन में करीब 100 मजदूरों ने एकजुट होकर मजदूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। धरने को संबोधित करते हुए जिला महासचिव मोहित वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष ओम दत्त, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दलजीत, जिला उपाध्यक्ष अनिल सहित संगठन के अन्य वक्ताओं ने कहा कि मजदूरों ने लंबी ऐतिहासिक लड़ाइयों और अनगिनत कुर्बानियों के बाद जिन अधिकारों को हासिल किया था, उन्हें चार श्रम संहिताओं के जरिए खत्म किया जा रहा है। इन संहिताओं का मकसद मजदूरों के अधिकारों की रक्षा नहीं, बल्कि उद्योगपतियों, कंपनियों और ठेकेदारों को अधिक मुनाफा दिलाना और मजदूरों के शोषण को बढ़ावा देना है।

# विधायक सुल्तानपुरी ने राजडी सिंचाई कूहल रिस्टोर करने का दिया आश्वासन

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**कसौली।** कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने जाबली पंचायत के लोगों की मांग पर जल शक्ति विभाग धर्मपुर के तहत पिछले करीब पंद्रह वर्षों से दो किलोमीटर लंबी ठप पड़ी राजडी सिंचाई कूहल पुनः रिस्टोर करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया। गौरतलब है कि यह सिंचाई कूहल फोरलेन निर्माण के जद में आ गई थी, जिसे रिस्टोर नहीं किया जा रहा था।

इसके कारण राजडी, भाटगांव, शमराल गांवों की करीब सौ बीघा जमीन बंजर पड़ी है। कसौली विधायक विनोद सुल्तानपुरी एक कार्यक्रम के लिए जाबली पंचायत के राजडी में आए तथा स्थानीय लोग वार्ड सदस्य ओमप्रकाश के नेतृत्व में विधायक से मिले तथा स्थिति से अवगत करवाया गया। जाबली पंचायत के गांव भाटगांव के लोगों ने बारिश के दौरान फोरलेन की सड़क का पानी उनके गांव में नुकसान करता है, जिसके लिए लोगों ने विधायक से गुहार लगाई तथा सिंचाई कूहल न होने के कारण गांव के लोगों ने जमीन बंजर होने की समस्या विधायक को बताई जिस पर विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया कि इस विषय पर आवश्यक कार्य किया जाएगा।



लोगों से मिलते विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

लोगों ने नाहौन गांव के लिए एंबुलेंस मार्ग की मांग की।

विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने पंचायत जाबली के गांव लशाई गांव के लिए प्रस्तावित एंबुलेंस रोड़ बनाने के लिए दस्तावेज तैयार करने के लिए प्रशासन को निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह, राजस्व विभाग कसौली के अधिकारियों सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि लाज किशोर, गणेश दत अत्रि आदि मौजूद रहे।

# शिमला के दोची लंबीधार व शिलारू गांव के दो युवकों से पकड़ा चिट्टा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम सोलन शहर में गश्त एवं अपराधों की रोकथाम के लिए दोहरी दीवार रबोण आदि में मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक गाड़ी क्रेटा, जो बड़ोग से होते हुए शिमला जा रही है। इसमें चेतन कयौरा व अंकुश श्याम नामक दो युवक सवार हैं। उक्त दोनों युवक काफी समय से चिट्टा/हेरोइन बेचने का धंधा कर रहे हैं तथा भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन की सप्लाई करने के लिए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दोहरी दीवार के पास नाकाबंदी की गई तथा उक्त गाड़ी को रोककर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान गाड़ी में सवार दोनों युवकों चेतन कयौरा, पुत्र देवेंद्र कयौरा, निवासी गांव दोची लंबी धार, डाकखाना कुफरी, तहसील ठियोग, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश, उम्र 24 वर्ष व अंकुश श्याम, पुत्र राजकुमार श्याम, निवासी गांव शिलारू, तहसील ठियोग, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश, उम्र 23 वर्ष के कब्जे से 4.67 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। इस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना सदर, सोलन में पंजीकृत किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त क्रेटा गाड़ी को जब्त करके पुलिस ने कब्जे में लिया। दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# कांग्रेस धोखे की राजनीति कर रही : बिंदल

## 1500 महिला गारंटी और दूध खरीद का दावा पूरी तरह फर्जी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने नाहन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डेजी ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष धीरज, नाहन की लोकप्रिय विधायक रीना, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा शिवानी वर्मा तथा महामंत्री उपेंद्र भी उपस्थित रहे। डॉ. बिंदल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार हर दिन झूठ के नए रिकॉर्ड बना रही है। यह झूठ केवल प्रदेश की जनता तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली व कांग्रेस की राष्ट्रीय रैलियों में भी पूरे देश के सामने परोसा जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंडी में सरकारी खर्च पर जुटाई गई भीड़ के बीच मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकार ने 10 में से 7 गारंटियां पूरी कर दी हैं, जिनमें महिलाओं को 1500 प्रतिमाह देने की गारंटी भी शामिल बताई गई। बिंदल ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि यह गारंटी पूरी हो चुकी है, तो जिला सिरमौर की बहनों को आज तक यह राशि क्यों नहीं मिली? उन्होंने कहा कि प्रदेश की 28 लाख महिलाओं को यह राशि पहली कैबिनेट बैठक से मिलनी चाहिए थी, लेकिन सच्चाई यह है कि आज तक एक भी महिला के खाते में 1500 नहीं पहुंचे। यह कांग्रेस सरकार की कथनी व करनी का सबसे बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में रैलियों के दौरान भी देश को यह झूठ बताया कि हिमाचल में सात गारंटियां पूरी हो चुकी हैं और किसानों के लिए दूध खरीद की गारंटी भी लागू कर दी गई है। डॉ. बिंदल ने कहा कि तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी सरकार ने 100 प्रति लीटर तो दूर, एक लीटर दूध भी किसानों से नहीं खरीदा। प्रदेश की दीवारें आज भी इन खोखले वादों की गवाही दे रही हैं। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार का पूरा तंत्र केवल जनता को भ्रमित करने और बहलाने में लगा हुआ है, लेकिन अब हिमाचल की जनता सच्चाई समझ चुकी है।



नाहन पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल कार्यकर्ताओं के साथ।

# पाइनग्रोव स्कूल में शिक्षकों को दी डिजिटल, साइबर सुरक्षा की जानकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में साइबर सेफ्टी एवं सुरक्षा विषय पर एकदिवसीय इन-हाउस सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का संचालन सीबीएसई के संसाधन व्यक्ति पंकज धतवालिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पाइनग्रोव स्कूल के 53 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले शिक्षकों में आंचल अरोड़ा, आशा शर्मा, अभिसारिका सिंह गौर, अनुराधा दास गुप्ता, अरुण कुमार, भावना भंडारी, चंद्र मोहन शर्मा, क्रिस्टीन अंबर तिवारी, दीप्ति सोनी, धर्मेंद्र शर्मा, गंजू सुमिता प्रद्युमन, गुरमीत कौर, ज्ञानेश्वर गुप्ता, इशानी सलारिया, जमुना सिंह, कंचन, किरण अत्री, कुमारी रणजीता, कुसुम लता, मनदीप कौर, नरेश कुमार, नीलम शर्मा, ओम प्रकाश बंसल, पल्लवी शर्मा, पंकज, प्रीति धीर, प्रिया बहादुर, पूनम भारद्वाज, पुष्पा रवि, राजीव सिंह, रजनी दत्ता, रीचा थापा, रेखा नेगी, सचिंदर सिंह, संजय चौहान, संजीव कुमार, सारदिंदु मैत्रा, शैली, शांता कुमार, श्वेता छाबड़ा, शिखा ठाकुर, शिवानी गोस्वामी, सुनील कुमार वर्मा, सुरेश कुमार, सुरिंदर मेहता, तरुणा शर्मा, त्रिलोक चंद ठाकुर, तुलदीप दास, वंदना सिंह, वंदना वर्मा, वनिता ठाकुर, विनय अत्री एवं विवेक शर्मा शामिल रहे।

यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम एक सशक्त व्यावसायिक विकास पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल सुरक्षा, साइबर सुरक्षा जागरूकता, डाटा गोपनीयता, साइबर नैतिकता, साइबर कानूनों एवं ऑनलाइन व्यवहार की सूझ-बूझ प्रदान करना था। व्यावहारिक उदाहरणों एवं संवादात्मक चर्चाओं के माध्यम से शिक्षकों को साइबर खतरों, साइबर बुलिंग, डिजिटल फुटप्रिंट्स तथा सुरक्षित तकनीकी उपयोग से निपटने की प्रभावी रणनीतियों से अवगत करवाया गया।

# कर्मचारियों को नशा निवारण की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में कार्यान्वित किए जा रहे 'चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान' के तहत कामगार कल्याण बोर्ड जिला सोलन में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशा निवारण की शपथ दिलाई गई। यह जानकारी श्रम कल्याण अधिकारी सोलन ललित शर्मा ने दी। ललित शर्मा ने कहा कि चिट्टा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। इससे निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि नशे में संलिप्त लोगों व नशे कारोबारियों की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों तक पहुंचाने में सहयोगी बनें, ताकि समाज को नशा मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कामगार बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बोर्ड के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि चिट्टा मुक्त हिमाचल की परिकल्पना को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री के अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं।

**संबोधन** संजय अवस्थी ने 23 लाख रुपए से नवनिर्मित अतिरिक्त स्कूल भवन का किया लोकार्पण

# छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कारों का सामंजस्य आवश्यक

**अनंत ज्ञान, अर्की/ सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही समग्र विकास का आधार है। संजय अवस्थी गत दिवस अर्की विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवासी में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

विधायक ने इससे पूर्व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवासी परिसर में 23 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त स्कूल भवन का लोकार्पण किया। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के गतिशील नेतृत्व में प्रदेश सरकार यह प्रयास कर रही है कि हिमाचल में छात्रों को विद्यालय स्तर से लेकर महाविद्यालय एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम स्तर पर आधुनिक एवं गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान की जाए। इस सोच को ठोस आधार प्रदान करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के संवेदनशील प्रयासों और अध्यापकों की कार्यकुशलता तथा छात्रों के परिश्रम का ही परिणाम है कि आज हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में समग्र रूप से पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के लिए कोई भी लक्ष्य असम्भव नहीं है। कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और अनुशासन के साथ लक्ष्य को प्राप्त कर जीवन को सफल बनाया जा सकता है। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने समाज के गरीब वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपए तक की सुविधा डॉ. वाई.एस. परमार ऋण योजना के तहत आरम्भ की है। उन्होंने कहा कि पात्र छात्रों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं ताकि गरीब वर्ग के मेधावी छात्रों का भविष्य सुरक्षित बन सके। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर विद्यालय के होनहार छात्रों को पुरस्कृत किया और सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने पाठशाला के अतिरिक्त कमरों के निर्माण कार्य के लिए 06 लाख रुपए, भनोट से मान तक सम्पर्क मार्ग के लिए 01 लाख रुपए, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ज्यालंग के सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य के लिए 01 लाख रुपए, महिला मण्डल मान, बवासी और ज्यालंग को 21-21 हज़ार रुपए, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों की ड्रेस के लिए 11 हज़ार रुपए, आयोजन समिति को 21 हज़ार रुपए व स्कूल के बच्चों को 5100 रुपए देने की घोषणा की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने इस अवसर पर मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया व वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संजय अवस्थी ने तदोपरांत 'विधायक गांव के द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनीं तथा इनके शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार और जनता के बीच सीधा संपर्क स्थापित करना व प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अपनी समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों तक पहुंचाएं ताकि इनका शीघ्र निवारण हो सके।



बवासी स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

# कल 88 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो ड्रॉप्स : डॉ. अजय




पल्स पोलियो ड्रॉप्स को लेकर जागरूकता रैली निकालती नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत सेंसिटाईजेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने दी। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत 21 दिसंबर, 2025 को जिला सोलन में 88 हजार बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 0 से 5 वर्ष आयुवर्ग के इन बच्चों को पोलियो खुराक देने के लिए 450 बूथ स्थापित किए गए हैं। उन्होंने आग्रह किया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत यह सुनिश्चित बनाया जाए कि अधिक से अधिक बच्चे पोलियो बूथ तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत को पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया है। विभिन्न कारणों के दृष्टिगत हमारा पर्यावरण पोलियो के वायरस से मुक्त नहीं है। इसी कारण पोलियो मुक्त अभियान को जारी रखना आवश्यक है ताकि देश एवं प्रदेश को शत-प्रतिशत पोलियो मुक्त रखा जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिला सोलन में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए प्रचार-प्रसार आरम्भ कर दिया गया है। डॉ. अजय ने इस अवसर पर प्रचार-प्रसार टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शालिनी ने इस अवसर पर पोलियो ड्रॉप्स को सुरक्षित बनाए रखने की जानकारी दी। उन्होंने पोलियो वैक्सिन की शीत भंडारण श्रृंखला को लाभार्थी बच्चों तक सुरक्षित रखने, पोलियो बूथ पर टीम सदस्यों के उत्तरदायित्व, रिर्पोटिंग तथा 22 व 23 को छूट गए बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो ड्रॉप्स पिलाने के बारे में जानकारी प्रदान की।




# हरियाणा विधानसभा में वंदे मातरम पर हंगामा, कांग्रेस के 9 विधायक सस्पेंड

## मुस्लिम लीग और जिन्ना के दबाव में कांग्रेस ने हटाए वंदे मातरम से बाकी पहरे : सैनी



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संबोधन के दौरान हंगामा हो गया। सीएम वंदे मातरम पर चल रही बहस पर सदन को संबोधित कर रहे थे। इस बीच विधानसभा से कांग्रेस के 9 विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया। इस बीच कांग्रेस विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष ने बाहर किया।

अध्यक्ष ने कांग्रेस विधायकों में गीता भुक्कल, जस्सी पेटवाल, इंदु राज नरवाल, अशोक अरोड़ा, कुलदीप वत्स, बलराम बांगी, शकुंतला खटक को सदन से बाहर किया। वहीं, विकास सहारण और नरेश सेलवाल को भी सदन से निष्कासित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे के बीच कुल 9 विधायकों का नाम निष्कासित विधायकों में लिया है।

बता दें कि हरियाणा विधानसभा में वंदे मातरम पर चल रही बहस का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुस्लिम लीग और मुहम्मद अली जिन्ना के दबाव में कांग्रेस ने वंदे मातरम से बाकी पहरे हटाए। सीएम के इस बयान पर कांग्रेस विधायकों ने भारी विरोध जताया। यह गतिरोध विधानसभा में अभी भी जारी है। कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर भारी विरोध किया।

इस बहस के बीच कांग्रेस के 9 विधायकों को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने सदन से निष्कासित कर दिया। अध्यक्ष ने मार्शलों को इन विधायकों को सदन से बाहर करने के आदेश दिए हैं। इस पर सदन में कांग्रेस विधायक जमकर नारेबाजी कर रहे हैं।

विधानसभा में शून्यकाल के बाद विधायक घनश्याम की ओर से वंदे मातरम पर चर्चा का प्रस्ताव रखा गया था। स्पीकर द्वारा इस प्रस्ताव को पास करने के बाद बहस शुरू हुई थी, जिस पर सीएम सैनी ने सदन को संबोधित करना शुरू किया। संबोधन के दौरान कांग्रेस विधायकों ने हंगामा कर दिया।

निष्काशित कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने निष्कासित किए जाने पर कहा कि बड़े दुख की बात है कि वंदे मातरम पर चर्चा में मुख्यमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के लिए इस तरह की बातें कर रहे हैं। असल में बीजेपी लोगों को बांटने की राजनीति कर रही है।

# सीयू में दीक्षांत समारोह में 2253 छात्रों को डिग्रियां, 22 टॉपर गोल्ड मेडल से सम्मानित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) ने 2024-25 बैच के इंजीनियरिंग और कंप्यूटर एप्लीकेशन के 2253 छात्रों के लिए वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। समारोह में 906 अंडर-ग्रेजुएट और 1347 पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई, जबकि 22 टॉपर छात्रों (इंजीनियरिंग 16, कंप्यूटर एप्लीकेशन 6) को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि नीरज कुमार, ईआईजीडीएम ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि एआई उद्योग के हर क्षेत्र में बदलाव ला रहा है, लेकिन यह नौकरियों के लिए खतरा नहीं बल्कि कार्यक्षमता बढ़ाने का माध्यम है। उन्होंने सीखने की निरंतरता, तकनीकी और इंटरपर्सनल कौशल के महत्व पर जोर दिया। वहीं, पुनीत विज, एमडी ग्रोज-बेकर्ट कार्डिंग ने जिज्ञासा और सीखने की इच्छा को करियर सफलता के लिए जरूरी बताया।

वाइस-चांसलर डॉ. रविराजा एन. सीताराम ने विश्वविद्यालय की ग्लोबल एक्सीलेंस, एबीईटी मान्यता, 21,000 रिसर्च पब्लिकेशन और 5,300 पेटेंट जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी के 250 से अधिक स्टार्टअप्स और अंतरराष्ट्रीय सहयोग छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहे हैं। समारोह में छात्रों ने न केवल डिग्रियां प्राप्त कीं, बल्कि प्रेरक मार्गदर्शन और कौशल विकास के संदेश भी लिए, जो उनके पेशेवर करियर में सफलता की नींव रखेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### खो-खो में चंडीगढ़ की टीम बनी चैंपियन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ पुरुष टीम ने फाइनल में भोपाल को 2 अंक और एक पारी से हराकर खिताब जीत लिया। संजू को प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब मिला, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अजेय प्रदर्शन कर रिकॉर्ड बनाया। टूर्नामेंट में चंडीगढ़ ने कुल 9 अंक हासिल किए, जबकि भोपाल ने 7 अंक प्राप्त किए। महिला वर्ग में भोपाल ने फाइनल में बेंगलुरु को 6 अंक और एक पारी से हराकर खिताब अपने नाम किया। हर्षा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तीसरे स्थान के मैच में दिल्ली विमेंस ने कोलकाता को मात दी, जबकि मुंबई मेट्रो मेन्स ने अमरावती को 9 अंकों से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। मुख्यातिथि कृष्ण शर्मा, एसबीआई चंडीगढ़ सर्कल के मुख्य महाप्रबंधक ने दोनों चैंपियन टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। एल चंद्रशेखर और पंकज कौशिक ने प्रेजेंटेशन समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में एसबीआई ने खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

### क्रिसमस और नववर्ष पर पुलिस सड़कों पर चौकस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** क्रिसमस और नववर्ष के अवसर पर पुलिस प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में सड़कें, बाजार, मॉल, पर्यटन स्थल, रिजॉर्ट और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में चौकस रहेगी। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने सभी एसपी, पुलिस आयुक्त और संबंधित इकाइयों को अलर्ट मोड में रहने, अतिरिक्त बल तैनात करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए हैं। पेट्रोलिंग, मोबाइल पेट्रोलिंग, नाका ड्यूटी और स्थायी ड्यूटी को और प्रभावी बनाया जाएगा। प्रमुख चौराहों और मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और जाम रोकने के लिए डायवर्जन प्लान लागू होगा। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, एल्को-सेंसर से ड्रंक ड्राइविंग जांच होगी। खुफिया नेटवर्क को मजबूत कर शांति भंग की किसी भी गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं की व्यक्तिगत निगरानी करेंगे, ताकि जनता सुरक्षित और व्यवस्थित उत्सव मना सके।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में लगाया मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

आदर्श पब्लिक स्कूल (एपीएस-20), सेक्टर 20वीं में मानव कल्याण परिसर के सहयोग से एक मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ के अध्यक्ष जतिंद्र मल्होत्रा ने दीप जलाकर किया।

कैंप का उद्देश्य छात्रों, उनके माता-पिता, स्कूल स्टाफ और आसपास के समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मुफ्त सलाह और दवाइयां उपलब्ध कराईं। समापन समारोह में प्रिंसिपल सुनीता ठाकुर ने सभी डॉक्टरों, मेडिकल स्टाफ और मुख्यातिथि का धन्यवाद किया। यह पहल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समुदाय की सेवा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# मुबारक संधू ने लॉन्च की 'द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगजीन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लेखक और पॉडकास्टर मुबारक संधू ने अपने पॉडकास्ट की वार्षिक पत्रिका 'द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगजीन-2025' का दूसरा संस्करण जारी किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन होटल चंडीगढ़ बेकंस में किया गया, जिसमें नॉवल बंच लिटररी फोरम के सहयोग से विवेक आत्रे, सगुना जैन, रोहित चौधरी, सुखरीत हेयर और हरदीप सिंह चांदपुरी उपस्थित रहे। मुबारक संधू ने दिसंबर 2023 में पॉडकास्ट शुरू किया था और अब तक 72 एपिसोड बिना किसी अतिथि को दोहराए पूरे कर चुके हैं। पत्रिका में वर्ष भर की पॉडकास्टिंग यात्रा, अतिथियों के विवरण, चुनौतियों और उनके समाधान का दस्तावेजीकरण किया गया है। 'द मुबारक शो पॉडकास्ट मैगजीन' प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में उपलब्ध है, जिसमें क्यूआर कोड और एपिसोड लिंक शामिल हैं, ताकि पाठक आसानी से पॉडकास्ट से जुड़ सकें। मुबारक संधू आगामी वर्ष में अपनी नई पुस्तक और पॉडकास्ट मैगजीन का तीसरा संस्करण भी जारी करने की योजना बना रहे हैं, जिससे पॉडकास्टिंग और साहित्यिक क्षेत्र में योगदान और बढ़ेगा।

# सेंट्रल बैंक ने पिंगलवाड़ा सोसायटी में की सामाजिक सेवा की पहल



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अपने स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ अंचल एवं क्षेत्र ने ऑल इंडिया पिंगलवाड़ा चैरिटेबल सोसायटी, पालसोरा गांव में एक सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया।

चंडीगढ़ अंचल प्रमुख अरविंद कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारी संस्था का दौरा करके विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों और अनाथ बच्चों को शीतकालीन वस्त्र और मिठाइयां वितरित कीं। यह पहल बैंक की सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशी विकास और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को उजागर करती है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने यह संदेश दिया कि वह केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की भलाई के लिए सक्रिय रूप से योगदान देता है। ऐसी पहलें बैंक के सेवा-भाव, करुणा और जन-केंद्रित मूल्यों को मजबूत करती हैं और उसे समाज के उत्तरदायी कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

## देश-विदेश

# दिल्ली में छठे दिन भी हवा खराब; एक्यूआई 387, धुंध के कारण 152 फ्लाइट्स कैंसिल



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में गुरुवार से प्रदूषण के खिलाफ सख्त नियम लागू हो गए। इसके बावजूद शुक्रवार को लगातार छठे दिन हवा बेहद खराब रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे दिल्ली में एयर क्वालिटी (एक्यूआई) 387 दर्ज किया गया।

शहर में हवा की गुणवत्ता गुरुवार की तुलना में और भी बिगड़ गई है। कल शाम 4 बजे शहर का एक्यूआई 373 था। प्रदूषण के साथ शहर के ज्यादातर हिस्से जहरीले धुंध (स्मॉग) की चपेट में हैं। आईटीओ, गाजीपुर, पालम और ग्रेटर नोएडा के आसपास के इलाके भी धुंध की मोटी परत से घिरे रहे। दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर शुक्रवार दिन भर के लिए 152 फ्लाइट्स कैंसिल हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, कैंसिल होने वाली फ्लाइट्स में 79 दिल्ली से जाने और 73 आने वाली फ्लाइट्स हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल फ्लाइट्स भी शामिल हैं। कई उड़ानें घंटों देरी से चल रही हैं। एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट जैसी कई एयरलाइंसों ने उड़ानें प्रभावित होने की आशंका को लेकर यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इससे पहले गुरुवार को धुंध के कारण एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रह गई। इसके चलते 27 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। 100 से अधिक विमान देरी से उड़े। 80 से अधिक ट्रेन लेट हो गई। (अनंत ज्ञान)

# सुशीला कार्की को ओली की चेतावनी, गिरफ्तार किया तो गिरा देंगे सरकार

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को पार्टी नेतृत्व पर हाथ डालने की कोशिश होने पर देश ठप कर देने की चेतावनी दी है। ओली ने यह भी कहा कि अगर उनकी गिरफ्तारी की गई, तो यह सरकार उसी दिन गिरा दी जाएगी। महाधिवेशन से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथग्रहण के तुरंत बाद आज पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पद पर निर्वाचित ओली ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आंदोलन के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। ओली ने सुशीला कार्की के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की आवश्यकता बताते हुए इसके लिए देशभर से तैयारी की स्थिति में रहने का भी निर्देश दिया। (अनंत ज्ञान)

# हिजाब विवाद : महबूबा मुफ्ती की बेटी ने बिहार के सीएम के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत



**अनंत ज्ञान, श्रीनगर**

महबूबा मुफ्ती की बेटी और पीडीपी ता इल्तिजा मुफ्ती ने शुक्रवार को श्रीनगर के कोठीबाग पुलिस थाने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए शिकायत दी।

इल्तिजा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि हाल ही में एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक मुस्लिम महिला डॉक्टर का सार्वजनिक रूप से नकाब खींचकर हटा दिया, जिससे मुस्लिम समुदाय, विशेषकर महिलाओं की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि यह घटना बेहद शर्मनाक, अपमानजनक और पीड़ादायक है। उन्होंने लिखा कि कुछ दिन पहले पूरे देश ने हैरानी और चिंता के साथ देखा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक सरकारी समारोह के दौरान युवा मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन का नकाब सार्वजनिक रूप से हटाया। यह घटना न केवल उस महिला की गरिमा पर हमला है, बल्कि देश की हर महिला की पहचान, आत्मसम्मान और स्वायत्तता पर चोट है। (अनंत ज्ञान)

# नौकरी बदलते समय छुट्टियां अब सर्विस ब्रेक नहीं मानी जाएंगी : ईपीएफओ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रिटायरमेंट फंड मैनेज करने वाली संस्था कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब नौकरी बदलते समय आने वाले वीकेंड, छुट्टियां और 60 दिन तक का गैप सर्विस में ब्रेक नहीं गिना जाएगा। यह नियम कर्मचारी जमा लिंक्ड इंश्योरेंस स्कीम के तहत फायदे तय करने में लागू होगा। इस घोषणा से उन मामलों में राहत मिलेगी जहां कर्मचारी की मौत के बाद उनके परिवार के क्लेम या तो रिजेक्ट हो जाते थे या कम रकम मिलती थी। वजह थी नौकरी के इतिहास में छोटे-छोटे ब्रेक। ईपीएफओ ने 17 दिसंबर के एक सर्कुलर में यह साफ किया है। ईपीएफओ ने देखा कि कई ईडीएलआई क्लेम इसलिए खारिज कर दिए जाते थे क्योंकि अधिकारी दो नौकरियों के बीच वीकेंड या छुट्टियों को सर्विस ब्रेक मान लेते थे। कई बार तो कर्मचारी की मौत के समय वह पूरी तरह काम पर था, फिर भी उसके परिवार को इंश्योरेंस का फायदा नहीं मिलता था। (अनंत ज्ञान)

# कोडीन कफ सिरप मामले शुभम समेत सभी आरोपियों की याचिका खारिज

**आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता हुआ साफ**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोडीन युक्त कफ सिरप सिंडिकेट मामले में आरोपियों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। बता दें कि, एडिशनल एडवोकेट जनरल अनूप त्रिवेदी की सशक्त पैरवी के बाद हाईकोर्ट ने इस हाई-प्रोफाइल केस में सरगना बताए जा रहे शुभम जायसवाल समेत सभी आरोपियों की एफआईआर रद्द करने और गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही आरोपियों को मिली अंतरिम राहत भी समाप्त हो गई है।

जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा और जस्टिस अचल सचदेव की डिवीजन बेंच ने तीन दिनों तक चली लगातार सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और राज्य सरकार की दलीलों को विस्तार से सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। अंततः याचिका खारिज होने के साथ ही पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। यह मामला करोड़ों रुपए की अवैध कोडीन आधारित कफ सिरप की तस्करी से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि शुभम जायसवाल अपनी फर्म शैली ट्रेडर्स के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की दवा कंपनियों से भारी मात्रा में कफ सिरप मंगवाता था। यह सिरप गाजियाबाद के गोदामों में स्टॉक किया जाता और बाद में फर्जी ई-वे बिल व दस्तावेजों के सहारे देश के कई हिस्सों में भेजा जाता था। (अनंत ज्ञान)

# चुनाव आयोग ने तमिलनाडु-गुजरात में जारी की एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने गुजरात और तमिलनाडु में वोटर लिस्ट के एसआईआर की लिस्ट जारी कर दिए हैं। इनमें चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। सबसे अधिक वोट तमिलनाडु और उसके बाद गुजरात में कटे हैं। आयोग ने अब तक बिहार, बंगाल, राजस्थान, गोवा, पुडुचेरी और लक्षद्वीप के आंकड़े जारी किए हैं। तमिलनाडु में पहले 6 करोड़ 41 लाख 14 हजार 587 वोटर्स थे। अब 5 करोड़ 43 लाख 76 हजार 755 वोटर्स हैं, यानि 97,37,832 वोट कटे हैं। फीसदी में देखें तो 15.19 प्रतिशत वोट कटे हैं।

वहीं, गुजरात की बात की जाए तो यहां पहले 5 करोड़ 08 लाख, 43 हजार 436 वोटर्स थे। अब एसआईआर ड्राफ्ट के मुताबिक 4 करोड़ 34 लाख 70 हजार 109 वोटर्स हैं। 73 लाख 73 हजार 327 वोट कटे हैं, यानि लगभग 14.50 प्रतिशत वोट कटे हैं।

बंगाल में एसआईआर से पहले 7 करोड़ 66 लाख, 37 हजार 529 वोटर्स थे। वहीं अब 7 करोड़ 8 लाख 16 हजार 630 मतदाता हैं, यानि करीब 7.60 प्रतिशत वोटर्स के नाम हटाए गए हैं। चुनाव से पहले बिहार में हुए एसआईआर में 69 लाख मतदाताओं के नाम हटे थे।

राजस्थान में पहले 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार 215 वोटर्स थे। एसआईआर के बाद 5 करोड़ 4 लाख 71 हजार 396 वोटर्स हैं, यानि 41 लाख से अधिक वोट हटाए गए। प्रतिशत में देखें तो 7.66 फीसदी नाम लिस्ट से हटाए गए। (अनंत ज्ञान)

# बीजापुर में पुलिस-नक्सलियों में मुठभेड़

**5 लाख का इनामी नक्सली ढेर**

**एजेंसी, बीजापुर**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने आज शुक्रवार, 19 दिसंबर को बीजापुर में एनकाउंटर में एक नक्सली को मार गिराया। इस नक्सली पर 5 लाख रुपए का इनाम था। बीजापुर जिले के एक पुलिस अधिकारी ने नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ की जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में आने वाले आडवाड़ा-कोटमेटा के जंगलों में आज सुबह गोलीबारी शुरू हुई। उस समय जिला रिजर्व गार्ड की एक टीम इलाके में नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

पुलिस बल और नक्सलवादियों के बीच गोलीबारी चली। गोलीबारी के शांत होने के बाद पुलिस एक नक्सली का शव लेकर बाहर आई। पुलिस ने जिस जगह एनकाउंटर किया, वहां से एक .303 राइफल, एक 9 एमएम की पिस्टल और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस ने इस मारे गए नक्सली का नाम फागनू माडवी बताया है, जिसकी उम्र 35 वर्ष है। यह इलाके में माओवादियों की भैरमगढ़ क्षेत्र समिति के सदस्य के रूप में सक्रिय था और इस पर पुलिस ने पांच लाख रुपए का इनाम भी रखा था। पुलिस ने बताया कि हथियारों के अलावा घटनास्थल से दो स्कैनर सेट, रेडियो, मेडिकल किट, कॉर्डेक्स तार, माओवादी बैग, पर्चे और अन्य सामान भी जब्त किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## मार्केट

# सोना 783 रुपए सस्ता, चांदी 1,628 रुपए हुई महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच लगातार दूसरे दिन कारोबारियों की मुनाफावसूली से वायदा कारोबार में शुक्रवार को सोने की कीमत 783 रुपए की गिरावट के साथ 1,33,738 रुपये प्रति 10 ग्राम रही।



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अगले वर्ष फरवरी माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 783 रुपए यानी 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,33,738 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। इसमें 15,457 लॉट का कारोबार हुआ। हालांकि, चांदी के वायदा भाव में मिले-जुले रुझान दिखे। सुबह के कारोबार में चांदी निचले स्तर पर खुली, लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। मार्च 2026 वाले अनुबंध की कीमत 1,628 रुपए, यानी 0.8 प्रतिशत बढ़कर 2,05,193 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 13,157 लॉट के लिए कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, फरवरी डिलीवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा का भाव 10.1 डॉलर या 0.23 प्रतिशत घटकर 4,354.4 डॉलर प्रति औंस रह गया। (अनंत ज्ञान)

# चार दिनों से गिरावट से उबरा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 447 अंक मजबूत, निफ्टी 151 अंक चढ़ा

**अनंत ज्ञान, मुंबई**



वैश्विक बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों की लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को उछाल के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में 447 अंक की तेजी रही, जबकि एनएसई निफ्टी 151 अंक चढ़ गया।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में नवंबर के खुदरा मुद्रास्फीति आंकड़े उम्मीद से कम रहने से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में आगे और कटौती की उम्मीद मजबूत हुई है, जिससे निवेशकों का रुझान शेयरों की ओर बढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 447.55 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 84,929.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 585.69 अंक बढ़कर 85,067.50 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 150.85 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,966.40 अंक पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में कुल 338.3 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि निफ्टी को 80.55 अंक यानी 0.30 प्रतिशत का नुकसान हुआ। (अनंत ज्ञान)

# मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई चार्जशीट नहीं करेगी दाखिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में सीबीआई फिलहाल टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं करेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को लोकपाल की ओर से चार्जशीट फाइल करने की मंजूरी को रद्द कर दिया है। यह मंजूरी 12 नवंबर को दी गई थी।

जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने कहा कि हमारा मानना है कि लोकपाल ने इस मामले में गलती की है। कोर्ट ने लोकपाल से कहा है कि वह लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम की धारा 20 के तहत एक महीने के भीतर कानून के अनुसार दोबारा फैसला करे। सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा के वकील ने दलील दी कि लोकपाल ने मंजूरी देते समय कानूनी प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया। कानून के मुताबिक किसी जनप्रतिनिधि के खिलाफ मंजूरी देने से पहले उनकी टिप्पणी लेना जरूरी होता है, जो नहीं ली गई। दरअसल, यह मामला अक्टूबर 2023 से शुरू हुआ था। जब भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर महंगे गिफ्ट्स और पैसे लेने के बदले में कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर अडाणी ग्रुप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाने के लिए लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### शुभंकर दो ओवर के कार्ड के साथ संयुक्त 71वें स्थान पर

**एजेंसी, पोर्ट लुईस (मॉरीशस)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अफ्रएशिया बैंक मॉरीशस ओपन के शुरुआती दौर में दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर है। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थितियों में शुभंकर का स्कोर 13वें होल तक एक अंडर था लेकिन उन्होंने इसके बाद डबल बोगी और और बोगी कर दिया। शुभंकर ने इस दौरान तीन बर्डी, तीन बोगी के अलावा 16वें होल में डबल बोगी कर दी। दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस और स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन एक समान पांच-अंडर-पार 67 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### मोरक्को ने जॉर्डन को 3-2 से हराकर जीता अरब कप का खिताब

**एजेंसी, दोहा।** अब्दररज्जाक हामेद अल्लाह के दो गोल से मोरक्को ने अतिरिक्त समय तक चले अरब कप के फाइनल में जॉर्डन को 3-2 से पछाड़कर खिताब अपने नाम किया। लुसैल स्टेडियम में हामेद अल्लाह ने 88वें मिनट में बराबरी का गोल दागा और फिर 100वें मिनट में विजयी गोल करके मोरक्को को 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' से पहले अरब कप ट्रॉफी दिला दी। फाइनल के चार मिनट से भी कम समय में ओसामा तन्नाने ने सेंटर लाइन के पीछे से शानदार स्ट्राइक लगाकर मोरक्को को बढ़त दिलाई थी। अली ओलवान के 48वें मिनट में हेडर से गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया और 68वें मिनट में पेनल्टी से जॉर्डन को बढ़त दिला दी। (अनंत ज्ञान)

### एलएसजी ने इंग्लिस को 8.6 करोड़ में खरीदा, आईपीएल उपलब्धता पर सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज जोश इंग्लिस को हाल ही में आईपीएल नीलामी में 8.6 करोड़ रुपए में खरीदा। इंग्लिस की शादी 18 अप्रैल को होने वाली है, इसलिए उन्हें शुरुआत के कई मैचों में उपलब्ध नहीं होना था। इससे बीसीसीआई और उनकी पूर्व फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स थोड़ी असहज स्थिति में हैं। नीलामी से पहले बीसीसीआई ने सभी टीमों को स्पष्ट किया था कि इंग्लिस सिर्फ चार मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। हालांकि माना जा रहा है कि खिलाड़ी अपने व्यक्तिगत कार्यक्रम में बदलाव कर सकते हैं। एलएसजी और सनराइजर्स हैदराबाद दोनों के पास कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और कोच हैं, जिनसे इंग्लिस के संबंध अच्छे हैं। इंग्लिस ने कहा कि उन्हें नीलामी के बाद ही नए आईपीएल अनुबंध के बारे में पता चला और उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उन्हें खरीदा जाएगा। बीसीसीआई और आईपीएल संचालन समिति इस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

### धवन ने पठानकोट में रेजिडेंशियल एलीट क्रिकेट अकादमी का किया शुभारंभ

**एजेंसी, पठानकोट।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की कंपनी दा वन स्पोर्ट्स ने संदीपनी गुरुकुल परिसर में अपनी पहली रेजिडेंशियल एलीट क्रिकेट अकादमी शुरू की। अकादमी युवा खिलाड़ियों को उच्च-स्तरीय कोचिंग, प्रतिस्पर्धात्मक मैच अनुभव, शिक्षा और आधुनिक आवासीय सुविधाएं एक ही परिसर में प्रदान करेगी। धवन ने कहा कि यह पहल प्रतिभाओं को संरचित, सुरक्षित और प्रेरक वातावरण देगी, ताकि वे अपने क्रिकेट सपनों को आत्मविश्वास और संपूर्ण विकास के साथ साकार कर सकें। (अनंत ज्ञान)

### ट्रैविस हेड और जेसिका की खूबसूरत जोड़ी

**इंग्लैंड।** ट्रैविस हेड और उनकी पत्नी जेसिका डेविस बचपन से एक-दूसरे के साथ रहे हैं। वे एक ही स्कूल में पढ़े हैं और दोनों ने एक-दूसरे को 15 साल तक डेट किया था फिर शादी की थी। हेड हमेशा अपनी पत्नी के साथ तस्वीरें शेयर करते रहते हैं।



एशेज टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट पर 271 रन बनाए

# हेड के नाबाद शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत



**एजेंसी, एडिलेड**

ट्रेविस हेड ने घरेलू मैदान एडिलेड ओवल पर लगातार चौथे टेस्ट में शतक बनाने के बाद अपने हेलमेट और दस्ताने उतारे और फिर घुटनों के बल बैठने कर पिच को चूम लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 271 रन बनाकर कुल 356 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली है।

हेड को 99 रन पर एक बड़ा जीवनदान मिला जब उन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद पर करारा प्रहार किया और गली में खड़े हैरी ब्रूक ने कैच टपका दिया। इससे पहले उन्होंने जो रूट की एक स्पिन गेंद को ऑन-साइड में खेला और एक रन लेने के लिए दौड़े, लेकिन उनके साथी बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने उन्हें वापस भेज दिया।

ऑस्ट्रेलिया के इस बेखौफ बल्लेबाज ने 99 रन पर रहते हुए उन्होंने आठ गेंदों का सामना करने के बाद जोखिम लेने का मन बनाया और जो रूट की गेंद पर क्रीज से बाहर निकल कर गेंदबाज के सिर से ऊपर से चौका लगाकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया। पर्थ में पारी का आगाज करने के लिए भेजे जाने के बाद से पांच पारियों में उनका दूसरा शतक था। पर्थ में उनकी मैच जिताने वाली पारी ने ऑस्ट्रेलिया को सीरीज के पहले मैच में आठ विकेट से जीत दिलाई थी। तीसरे दिन का खेल खत्म होते समय हेड 142 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया टीम के अपने साथी खिलाड़ी कैरी (52) के साथ 122 रन की अटूट साझेदारी कर ली है।

ब्रूक ने इससे पहले जोश टोंग की गेंदबाजी पर मार्नस लाबुशेन (13) और कैमरून ग्रीन (सात) का स्लिप में शानदार कैच लपका था लेकिन हेड का कैच टपकाना टीम के लिए महंगा साबित हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में इंग्लैंड को 286 रनों पर आउट करने के बाद दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी से मजबूत बढ़त बना ली।

बेन स्टोक्स ने सुबह के सत्र में जोफ्रा आर्चर के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रनों की साझेदारी करके इंग्लैंड के एशेज अभियान में जान फूंकने की कोशिश की। इस साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी की बढ़त 85 रन तक सिमट गई। यह एडिलेड में इंग्लैंड के लिए नौवें विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। मिचेल स्टार्क की गेंद पर 83 रन पर बोल्ड होने के बाद स्टोक्स निराशा में खुद को कोसते हुए मैदान से बाहर निकले। उन्होंने 198 गेंद की पारी में संयमित पारी में आठ चौके लगाए, जबकि आर्चर ने 51 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पहले ब्रायडन कार्स की गेंद पर जेक वेदरल्ड (एक) का विकेट गंवाया। वेदरल्ड ने मैदानी अंपायर के पगबाधा के फैसले का खिलाफ रिव्यू का सहारा लिया होता तो वह आउट होने से बच जाते। लंच के समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 17 रन था।

दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 102 रन जोड़ते हुए मार्नस लाबुशेन (13) का विकेट गंवाया जबकि चाय के विश्राम के बाद उस्मान ख्वाजा (40) ने तीसरे विकेट के लिए हेड के साथ 86 रन की साझेदारी के साथ मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ मजबूत बनाए रखी। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 213 रन से की। ऑस्ट्रेलिया आखिरी दो विकेट जल्दी से लेना चाहता था, लेकिन स्टोक्स और आर्चर डटे रहे। आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में पांच विकेट भी लिए थे। स्टोक्स ने स्कॉट बोलैंड की गेंद पर आगे बढ़कर चौका लगाया और 89 गेंदों में 50 रन की साझेदारी पूरी की। इसके बाद उन्होंने 159 गेंदों में एक रन लेकर अपना 37वां अर्द्धशतक पूरा किया। (अनंत ज्ञान)

## टी20 विश्व कप : कप्तान यादव पर दबाव, जायसवाल तैयार





**एजेंसी, मुंबई**

कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल का खराब फॉर्म चिंता का विषय है, लेकिन राष्ट्रीय चयन समिति के टी20 विश्व कप 2026 के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम चुनते समय किसी बड़े बदलाव की संभावना कम है।

बीसीसीआई को 7 फरवरी से पहले किसी खिलाड़ी को बदलने की अनुमति है। पहले भी चैंपियंस ट्रॉफी में वरुण चक्रवर्ती को धीमी पिचों के कारण यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल किया गया था। इस बार भारत में होने वाला यह टूर्नामेंट सूर्यकुमार यादव के लिए आखिरी कप्तानी हो सकती है, क्योंकि वह 35 वर्ष के हो चुके हैं और पिछले एक साल से फॉर्म में नहीं हैं। सूर्यकुमार कप्तान होने के कारण ही खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में बने हुए हैं। चयन समिति न्यूजीलैंड सीरीज के लिए टीम भी चुनेगी, जो विश्व कप टीम के समान होगी। टीम में किसी स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं है, लेकिन गिल की मौजूदगी पर सवाल उठते रहे हैं, जबकि जायसवाल एक शानदार विकल्प हैं।

संभावना है कि चयनकर्ता जायसवाल को अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में शामिल करेंगे, ताकि उनकी भूमिका का मूल्यांकन किया जा सके। फिलहाल रिजर्व सलामी बल्लेबाज के रूप में संजू सैमसन हैं, जिन्हें गिल की वापसी के बाद यह भूमिका से हटा दिया गया। टी20 विश्व कप से पहले केवल पांच मैच बचे हैं, इसलिए चयन समिति किसी निरंतरता को तोड़ना नहीं चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम लगभग वही होगी जो न्यूज़ीलैंड सीरीज और विश्व कप में खेलेगी। वहीं, जायसवाल का नाम लगभग तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्होंने गिल और सैमसन की तुलना में खुद को बहुमुखी खिलाड़ी साबित किया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक देंगे इस्तीफा

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्कॉट वीनिंक खेल की भविष्य की दिशा विशेष रूप से टी20 क्रिकेट की भूमिका को लेकर खिलाड़ियों और सदस्य संघों से मतभेदों के बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। अढ़ाई साल से इस पद पर रहे वीनिंक का कार्यकाल 30 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। ऐसी खबरें है कि वीनिंक देश में प्रस्तावित फ्रेंचाइजी आधारित टी20 लीग के खिलाफ है। इस प्रस्तावित लीग को न्यूजीलैंड के खिलाड़ी संघ और एनजेडसी के छह प्रमुख राज्य निकायों का समर्थन प्राप्त है।



एनजेडसी की विज्ञप्ति में वीनिंक ने कहा, ''गहन विचार-विमर्श के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खेल की दीर्घकालिक दिशा और न्यूजीलैंड में टी20 क्रिकेट की भूमिका सहित एनजेडसी की भविष्य की प्राथमिकताओं पर मेरा दृष्टिकोण कई सदस्य संघों और एनजेडसीपीए से भिन्न है।''

उन्होंने कहा,'इन मतभेदों को देखते हुए मेरा मानना है कि संगठन के सर्वोत्तम हित में यही होगा कि नया नेतृत्व एनजेडसी को यहां से आगे ले जाए।''

न्यूजीलैंड के छह सदस्य संघों तथा न्यूजीलैंड क्रिकेट खिलाड़ियों का संघ (एनजेडसीपीए) के साथ पिछले कई महीने से वीनिंक का दीर्घकालिक प्राथमिकताओं और घरेलू संरचना में टी20 क्रिकेट के स्थान को लेकर मतभेद रहा है। वीनिंक ने कहा, ''इतने सफल कार्यकाल के बाद पद छोड़ने का मुझे दुख है लेकिन मैं कुछ प्रमुख हितधारकों के समर्थन के बिना आगे बढ़कर अस्थिरता पैदा नहीं करना चाहता।'' (अनंत ज्ञान)

# पांड्या ने 16 गेंदों में बनाई हॉफ सेंचुरी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मैच अहमदाबाद में खेला गया। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुक्सान पर 231 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने आए टीम इंडिया के ओपनर बल्लेबाज संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को की खूब धुनाई की। दोनों बल्लेबाज क्रीज पर आते ही गेंदबाजों पर टूट पड़े। अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में 37 रन बनाए जिन्हें लिंडे ने बोल्ड किया। इसके बाद तिलक वर्मा बल्लेबाजी करने आए जिन्होंने संभलकर खेला और टीम का स्कोर काफी आगे ले गए। वर्मा ने 42 गेंदों में 73 रन बनाए। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ खास नहीं कर पाए और 7 गेंदों में 5 रन बनाकर आउट हो गए। तिलक वर्मा का हार्दिक पांड्या ने खूब साथ दिया और पांड्या ने 16 गेंदों में अपनी हॉफ सेंचुरी लगाई जो भारत की ओर से सबसे तेज अर्द्धशतक है। पांड्या 25 गेंदों में 63 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें ओटनील बार्टमेन ने बोल्ड किया। इस तरह भारत ने दक्षिण अफ्रीका के समक्ष चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। (अनंत ज्ञान)



रन लेने के बाद खुशी जाहिर करते तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या।

## श्रीलंका ने टी20 विश्व कप के लिए शनाका को बनाया कप्तान

**एजेंसी, कोलंबो।** श्रीलंका ने भारत के साथ सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी प्रारंभिक टीम का ऐलान कर दिया है। टीम में चरित असलंका को कप्तानी से हटा दिया गया है और उनके स्थान पर दासुन शनाका को कप्तान बनाया गया है। चयन समिति के प्रमुख के रूप में लौटे प्रमोदया विक्रमसिंघा ने इस फैसले के पीछे दो मुख्य कारण बताए: पिछले तीन विश्व कप में शनाका का अनुभव और असलंका का हालिया खराब फॉर्म।

विक्रमसिंघा ने कहा कि टीम के चयन में खिलाड़ियों की स्थिरता और विश्व कप में अनुभव को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट में नौ लोगों की मौत के बाद सुरक्षा कारणों से असलंका पिछले महीने पाकिस्तान के सीमित ओवरों के दौरे पर नहीं गए थे। इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए टीम में कप्तानी में बदलाव आवश्यक माना गया। विक्रमसिंघा ने आगे कहा, ''शनाका अब टीम में हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में खेलेंगे। हमें उम्मीद है कि असलंका अपनी बल्लेबाजी में पुराना फॉर्म लौटाएंगे।'' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्य कोच सनत जयसूर्या से मशविरा करने के बाद यह तय किया गया कि टीम में ज्यादा बदलाव की आवश्यकता नहीं है, इसलिए अधिकांश खिलाड़ी वही रहेंगे। टी20 विश्व कप में श्रीलंका की टीम संतुलित और अनुभवी नजर आती है, जिसमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में विकल्प मौजूद हैं। चयन समिति का मानना है कि कप्तान परिवर्तन से टीम की रणनीति और प्रदर्शन में सुधार होगा। (अनंत ज्ञान)

## विश्व कप की तैयारियों के लिए खुद को चुनौती देना जरूरी : चक्रवर्ती

**एजेंसी, अहमदाबाद**

भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारी के तहत उनका पूरा फोकस अपनी गेंदबाजी की लेंथ पर भरोसा रखने, आत्मविश्वास बनाए रखने और आसान दिखने वाले मुकाबलों में भी खुद को मानसिक रूप से चुनौती देने पर है।



34 वर्षीय चक्रवर्ती अब तक 32 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट ले चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही पांच मैचों की सीरीज के शुरुआती तीन मुकाबलों में उन्होंने छह विकेट हासिल किए हैं। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से आठ मार्च तक होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब बचाने के लिए उन्हें भारतीय टीम का अहम हथियार माना जा रहा है।

एक कार्यक्रम में चक्रवर्ती ने कहा कि विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट के लिए खुद पर लगातार दबाव बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब चुनौती सामने न हो, तब भी खिलाड़ी को खुद को मानसिक रूप से चुनौती देनी चाहिए, ताकि प्रदर्शन का स्तर बना रहे। उन्होंने आत्मविश्वास और सही लेंथ को अपनी सफलता की कुंजी बताते हुए कहा कि विपक्षी टीम को समझना भी उतना ही अहम है। चक्रवर्ती के मुताबिक, बुनियादी बातों पर टिके रहना और अपनी क्षमता पर भरोसा रखना ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतरता का आधार है।

तमिलनाडु के इस गेंदबाज ने स्वीकार किया कि अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन अभ्यास और आत्ममंथन से उन्होंने अपनी कमियों को दूर किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष स्तर पर खेलने से ही खिलाड़ी को यह समझ आता है कि वह कहां खड़ा है और किस दिशा में सुधार की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

## आईएसएल क्लबों ने खुद के स्वामित्व वाली लीग का प्रस्ताव रखा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के सभी क्लबों ने शुक्रवार को देश की शीर्ष पेशेवर फुटबॉल लीग के संचालन और स्वामित्व के नए मॉडल का औपचारिक प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव के अनुसार, एआईएफएफ खेल का नियामक और प्रशासनिक प्राधिकरण बनेगा, जबकि क्लबों की 'लीग कंपनी' को लीग संचालन, प्रबंधन और वाणिज्यिक अधिकार मिलेंगे।

क्लबों ने कहा कि यह कदम लीग की स्थिरता, दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और संस्थागत शासन मजबूत करने के लिए जरूरी है। लीग कंपनी में क्लबों को सामूहिक बहुमत और मतदान अधिकार मिलेगा, जबकि एआईएफएफ के पास विशेष शेयर होगा, जो खेल की अखंडता और नियमों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। क्लबों को वाणिज्यिक या रणनीतिक भागीदार शामिल करने की छूट भी होगी, बशर्ते बहुमत स्वामित्व बनाए रखा जाए।

वित्तीय रूप से, 2025-26 सत्र के लिए एआईएफएफ को कोई लीग शुल्क नहीं देना होगा, जबकि 2026-27 से क्लब सामूहिक रूप से 10 करोड़ रुपए वार्षिक अनुदान देने पर विचार करेंगे। यह राशि जमीनी स्तर, युवा विकास और प्रशासनिक खर्चों में उपयोग होगी।

क्लबों ने आश्वासन दिया कि लीग स्थगित नहीं होगी और नियामक अनुमोदन मिलने के 45 दिनों के भीतर लीग शुरू करने का प्रयास किया जाएगा। कुछ बदलाव एआईएफएफ संविधान में संशोधन मांग सकते हैं। आईएसएल क्लबों के प्रतिनिधियों को शनिवार को एआईएफएफ वार्षिक बैठक में आमंत्रित किया गया है, जहां इस प्रस्ताव पर चर्चा होगी। (अनंत ज्ञान)

## गांगुली ने मेस्सी के कोलकाता दौरे पर विवाद मामले में 50 करोड़ का मानहानि का केस किया दायर

**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लियोनेल मेस्सी विवाद में उनका नाम 'झूठे' तरीके से घसीटने और अपने बारे में अपमानजनक सार्वजनिक बयान देने के आरोप में कोलकाता स्थित एक फुटबॉल प्रशंसक क्लब के अधिकारी पर 50 करोड़ रुपए का मानहानि का मुकदमा दायर किया है।



क्रिकेटर से खेल प्रशासक बने गांगुली ने 'अर्जेंटीना फुटबॉल फैन क्लब' के उत्तम साहा के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। गांगुली ने बताया, ''मैंने पुलिस में शिकायत के अलावा फुटबॉल प्रशंसक क्लब के इस अधिकारी को 50 करोड़ रुपए का कानूनी नोटिस भेजा है। वह जो मन में आता है, वह कहते रहते हैं।''

साहा ने एक पत्रकार से बातचीत में गांगुली पर मेस्सी के 'जीओएटी इंडिया टूर' का मुख्य आयोजक होने का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि गिरफ्तार मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता केवल एक मोहरा है। कोलकाता पुलिस के साइबर सेल को भेजे गए अपने ईमेल शिकायत में गांगुली ने कहा कि उस व्यक्ति के बयानों ने उनकी प्रतिष्ठा और मानसिक शांति को प्रभावित किया है। अपने ईमेल में गांगुली ने कहा कि अपने कई दशकों के पेशेवर करियर में उन्होंने देश और दुनिया भर में एक खिलाड़ी और खेल प्रशासक के रूप में ख्याति अर्जित की है और ये 'बेबुनियाद' बयान उनकी इस छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से दिए गए हैं। गांगुली को 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी मेस्सी और उनके दल को सम्मानित करने के लिए मंच पर उपस्थित रहना था, लेकिन मेस्सी के स्टेडियम से समय से पहले चले जाने के बाद साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों द्वारा मचाई गई व्यापक हिंसा के मद्देनजर कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

**माउंट मोनगानुई टेस्ट** | वेस्टइंडीज की मजबूत शुरुआत, बिना विकेट गंवाए 110 रन बनाए

# कॉन्वे का दोहरा शतक, न्यूजीलैंड ने 575 पर पारी की घोषित

**एजेंसी, माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)**

डेवोन कॉन्वे के करियर के दूसरे दोहरे शतक की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन पर घोषित की। न्यूजीलैंड के बड़े स्कोर के सामने हालांकि, वेस्टइंडीज की सलामी जोड़ी दबाव में नहीं आई और टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 110 रन बना लिए। स्टंप्स के समय ब्रेंडन किंग 55 जबकि जॉन कैंपबेल 45 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

किंग ने 63 गेंद में अपना अर्द्धशतक पूरा किया, जबकि उनकी और कैंपबेल की जोड़ी ने दिन के आखिरी सत्र में अपनी पारी के 23 ओवर में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। न्यूजीलैंड तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। सीरीज का पहला टेस्ट ड्रॉ रहा था, जबकि दूसरे टेस्ट को मेजबान टीम ने नौ विकेट से जीता था। इससे पहले कॉन्वे ने लगभग साढ़े आठ घंटे की बल्लेबाजी में 227 रन के साथ अपने टेस्ट करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 200 रन था जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2021 में लॉर्ड्स में अपने पदार्पण टेस्ट में बनाया था।



टॉम लैथम के साथ 323 रनों की पहले विकेट की साझेदारी निभाने के साथ कॉन्वे ने 508 मिनट और 367 गेंद की पारी में 31 चौके लगाए। लैथम ने पहले दिन 145 रन बनाए और रचिन रविंद्र ने शुक्रवार को दूसरे और तीसरे सत्र में अर्धशतकीय पारी खेली। पारी घोषित करते समय रचिन 72 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने छह चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने एजाज पटेल के साथ 39 रनों की अटूट साझेदारी की। पटेल ने 30 गेंद में नाबाद 30 रन बनाये।

वेस्टइंडीज ने कुल 155 ओवर गेंदबाजी की जिनमें से दूसरे दिन का 65 ओवर शामिल है। केमार रोच मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गेंदबाजी नहीं कर सके, जबकि शाई होप किसी अज्ञात बीमारी के कारण दूसरे दिन के खेल के दौरान टीम होटल में ही रहे।

न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 334 रन से आगे से की। इस समय कॉन्वे 178 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने दिन की पहली गेंद पर चौका जड़ा और फिर 316 गेंद में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज के गेंदबाज हालांकि, एक छोर से लगातार विकेट चटकाने में सफल रहे। रात्रि प्रहरी जैकब डफी (17) और केन विलियमसन (31) लंच से पहले आउट हुए, जबकि डेरिल मिचेल (11) और टॉम ब्लंडेल (चार) का विकेट दूसरे सत्र में गिरा। ग्लेन फिलिप्स (29) दिन के आखिरी सत्र में पवेलियन लौटे। (अनंत ज्ञान)